सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 20 सितम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 72, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## आरबीआई ने कई बड़े अधिकारियों पर की कार्रवाई

आरबीआई ने सहकारिता मंत्री बाबासाहेब पाटिल समेत लातूर जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक के आठ निदेशकों को पद से हटाने का आदेश दिया है। } 10

## भारत के युवा खड़ी करेंगे इंटेल जैसी कंपनियां

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा भारत में युवाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप देश में ही क्वालकॉम और इंटेल जैसी कंपनियां खड़ी करेंगे। } 10

## 35 आईपीएस का तबादला, दो जिलों के कप्तान बदले

### पदोन्नत होकर आईपीएस अफसर बने 11 अधिकारियों को भी नयी जिम्मेदारी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी में शनिवार शाम शासन ने 35 आईपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। इनमें 11 अधिकारी ऐसे हैं, जिन्हें पीपीएस से सीधे आईपीएस बने हैं। तबादला लिस्ट में दो जिलों के एसपी भी शामिल हैं।

बीते दिनों पीपीएस से पदोन्नति आकर आईपीएस अधिकारी बने 11 अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारी दी गई है। शासन ने सभी अफसरों के तबादले का आदेश जारी कर दिया है। पुलिस विभाग में एक साथ 35 आईपीएस के ट्रांसफर को लेकर हड़कंप मचा है।

शासन ने चारू निगम को गाजियाबाद में 47वीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक, श्रवण कुमार सिंह नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त, प्रमोद कुमार को पुलिस अधीक्षक, साइबर मुख्यालय, यूपी-112 लखनऊ, रवि शंकर निम को



सेनानायक, 02वीं वाहिनी, एसएसएफ मथुरा, अतुल शर्मा पुलिस अधीक्षक अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ, सोनम कुमार को पुलिस अधीक्षक, अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## 13 पीसीएस अफसरों का ट्रांसफर, पांच डीएम बदले

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। शासन ने शनिवार को 13 पीसीएस अधिकारियों को तबादला कर दिया है। इनमें पांच जिलों के एडीएम भी बदले गए हैं। 13 पीसीएस अफसरों की लिस्ट में एक संयुक्त निदेशक, अपर नगर आयुक्त, दो उपनिदेशक सचिव, विकास प्राधिकरण और एक प्रधान प्रबंधन, एक प्रधान प्रबंधक, एक मुख्य सचिव अधिकारी भी शामिल हैं। शासन ने जिन अधिकारियों का तबादला किया है, उनमें प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## एफटीए, कौशल विकास से खुल रहे रोजगार के नये अवसर : मोदी

### भारतीय नवोन्मेषकों, उद्यमियों तथा देश की युवा शक्ति से दुनिया को काफी उम्मीदें

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने को लेकर कई मोर्चों पर काम कर रही है। उन्होंने मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए), कौशल विकास पहलें और दो करोड़ युवाओं को पहली बार औपचारिक कार्यबल में शामिल करने के उद्देश्य से शुरू की गई एक लाख करोड़ रुपये की रोजगार प्रोत्साहन योजना का उल्लेख किया।

रोजगार मेला को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत के युवाओं की प्रतिभा और कौशल ने पूरी दुनिया का विश्वास जीता है और दुनिया को भारतीय नवोन्मेषकों, उद्यमियों तथा देश की युवा शक्ति से काफी उम्मीदें हैं। मोदी ने कहा भारत ने 40 मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। ये एफटीए हमारे युवाओं के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोल रहे हैं। ऐसे व्यापार समझौते हमारे उद्यमियों



के लिए नई साझेदारियों का रास्ता तैयार करते हैं, नए बाजारों तक पहुंच के अवसर देते हैं और युवाओं के लिए करियर की नई संभावनाएं पैदा करते हैं। कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्त होने वाले 51,000 से अधिक नवनियुक्त युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नियुक्ति पत्र वितरित किए। हाल में संपन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि भारत का प्रयास यह सुनिश्चित करना रहा है कि ब्रिक्स सहयोग केवल सरकारों तक सीमित न रहे। उन्होंने कहा हमारे उद्यमी, हमारे किसान, हमारी महिलाएं, हमारे युवा हर किसी को इस साझेदारी में सक्रिय भागीदार बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स कनेक्ट और ब्रिक्स एमएसएमई सहयोग पोर्टल जैसी पहलों का उद्देश्य उद्यमियों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को ऐसी साझेदारियों से जोड़ना है। देश के स्टार्टअप परिवेश का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसमें भारत की युवा शक्ति दिखाई देती है और स्टार्टअप परिवेश अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि अन्य शहरों में भी इसका विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश है। भारत की स्टार्टअप की कहानी अब केवल बड़े शहरों की कहानी नहीं है। आज मान्यता प्राप्त करीब आधे स्टार्टअप दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में हैं। मोदी ने दो करोड़ युवाओं को पहली बार औपचारिक कार्यबल में शामिल करने के उद्देश्य से एक लाख करोड़ रुपये की पहल प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का भी उल्लेख ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### मप्र : नाले में गिरी कार, आठ की मौत

आगर मालवा (मप्र)। मध्यप्रदेश के आगर मालवा जिले में शनिवार तड़के एक कार के बारिश के पानी से उफन रहे नाले में गिर जाने से तीन बच्चों और दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। नलखेड़ा थाना प्रभारी शशि उपाध्याय ने बताया कि हादसा जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर नलखेड़ा कस्बे में बगलामुखी मंदिर के पास हुआ। उन्होंने बताया कि ओडिशा से आए श्रद्धालुओं को लेकर जा रही कार बारिश के पानी से उफन रहे नाले में गिर गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में कार सवार तीन बच्चों, दो महिलाओं और तीन पुरुषों की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि नलखेड़ा पुलिस ने बचाव अभियान चलाकर सभी शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है।

### फर्जी शैक्षणिक संस्थान चलाने वाले 5 गिरफ्तार

एटा। जिले में थाना मारहरा पुलिस ने कथित तौर पर फर्जी मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय संचालित करने और छात्रों को पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिलाने तथा फर्जी शैक्षणिक दस्तावेज उपलब्ध कराने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन के अनुसार, पुलिस को अपहरण करके दो लाख रुपये की फिरौती मांगने की झूठी सूचना मिलने के बाद मामले की जांच शुरू हुई थी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान कथित फर्जी शैक्षणिक संस्थान और उससे जुड़े कथित नेटवर्क का पता चला। पुलिस के मुताबिक आरोपी वर्ष 2022 से डी.फार्मा, बी.फार्मा, बीएससी नर्सिंग समेत विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिलाने के नाम पर छात्रों और उनके अभिभावकों से धनराशि वसूल रहे थे।

# छह माह में एक लाख को देंगे सरकारी नौकरी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न पदों पर चयनित 818 अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जो लोग रोजगार नहीं दे पाए, वे आज सवाल खड़े कर रहे हैं। वे गिनते जाएं, हम नौकरियां देते जाएंगे। अगले छह महीने में एक लाख से कम नहीं, बल्कि एक लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी। यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली युवा जब उत्तर प्रदेश की ताकत बनेंगे तो प्रदेश देश की नंबर वन अर्थव्यवस्था के रूप में खुद को स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को लोकभवन सभागार में मिशन रोजगार के तहत आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (वढढरउ) और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (वढरररउ) के माध्यम से आयुष, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम समेत विभिन्न विभागीय पदों पर




चयनित 818 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री योगी ने नवचयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उनके परिश्रम का प्रतिफल मिला है और अब वे उत्तर प्रदेश सरकार के अलग-अलग विभागों का हिस्सा बन रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब तक प्रदेश के साढ़े नौ लाख युवाओं को पारदर्शी तरीके से विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी दी गई है। नियुक्तियों का क्रम आगे भी जारी रहेगा। शनिवार को भी करीब एक हजार लोगों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगले छह महीने में एक लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य है। जो लोग यह काम नहीं कर पाए, वे आज प्रश्न खड़े कर रहे हैं। वे गिनते जाएं, हम देते जाएंगे। एक लाख से कम युवाओं को नौकरी देने पर नहीं, उससे ज्यादा पर ही चर्चा होगी। मुख्यमंत्री योगी ने आगामी नियुक्तियों का ब्योरा देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस में 36 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## योगी सरकार की ओटीएस योजना से शहरी करदाताओं को बड़ी राहत

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) शहरी करदाताओं के लिए आर्थिक राहत का माध्यम बन रही है। ओटीएस योजना के तहत स्वीकृत 29292 लाभार्थियों को अब तक कुल 31.06 करोड़ रुपये की सरचार्ज एवं ब्याज में छूट दी गई है। इससे प्रत्येक लाभार्थी को औसतन लगभग 12655 रुपये की आर्थिक बचत हुई है। योजना के माध्यम से पुराने कर बकायों के पारदर्शी और सम्मानजनक निस्तारण का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2026) के अवसर पर नगर विकास विभाग द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत नागरिकों को वर्षों से लंबित कर बकायों का निस्तारण कराने और सरचार्ज व ब्याज में छूट पाने का अवसर मिल रहा है। इससे जहां आम परिवारों पर पुराने बकाये का आर्थिक बोझ कम हो रहा है, वहीं नगरीय निकायों की राजस्व वसूली को भी गति मिल रही ...शेष पृष्ठ 10 पर

## रूस-ईरान पर प्रतिबंध सम्बंधी अधिनियम पर ट्रंप ने किये हस्ताक्षर



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और ईरान पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अधिनियम पर हस्ताक्षर कर इसे कानून का रूप दे दिया है। इस कानून में रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने और उससे बड़ी मात्रा में ईंधन खरीदने वाले चीन एवं भारत जैसे देशों पर भारी शुल्क लगाने का प्रावधान है।

अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा, राष्ट्रपति ने शुक्रवार, 18 सितंबर 2026 को प्रतिनिधि सभा के विधेयक एच.आर. 5334 लिंडसे ओ. ग्राहम रूस और ईरान प्रतिबंध अधिनियम, 2026 पर हस्ताक्षर कर इसे कानून का रूप दिया। यह रूस पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## दिल्ली यूनिवर्सिटी चुनाव में एबीवीपी का डंका

### तीन पदों पर दर्ज की जीत, एक पर निर्दलीय उम्मीदवार का कब्जा

एजेंसी

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के चुनाव में केंद्रीय पैनल के चार पद में से तीन पर जीत दर्ज की, जबकि एनएसयूआई का टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे दीपांशु शौकीन ने उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की।

कांग्रेस से संबद्ध भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) का खाता नहीं खुल सका, हालांकि उसके उम्मीदवार अध्यक्ष और संयुक्त सचिव पदों पर मामूली अंतर से हार गए। एनएसयूआई के प्रदर्शन पर उसके बागी उम्मीदवार दीपांशु शौकीन का भी असर पड़ा, जिन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के



रूप में चुनाव लड़ा और 13,700 से अधिक वोटों के बड़े अंतर से उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। एनएसयूआई चार पद में से किसी पर भी जीत हासिल नहीं कर सकी, जबकि एबीवीपी ने अध्यक्ष, सचिव ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अवैध तरीके से चल रहा अस्पताल सील

भदोही (उप्र)। भदोही में बिना वैध डिग्री और पंजीकरण के 10 साल से भी अधिक समय से संचालित चार मंजिला एक अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग ने सील करके डॉक्टर के खिलाफ शनिवार को प्राथमिकी दर्ज करायी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भदोही के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) संतोष कुमार चक ने बताया कि शहर के चौरी रोड पर जीवन रक्षा हास्पिटल के नाम से संचालित अस्पताल के बारे में मिली शिकायत पर चिकित्सकों की एक टीम से 27 जून 2026 को जांच कराई गई थी। उन्होंने बताया अस्पताल के संचालक डॉक्टर विजय शंकर मौर्य के पास बीएएमएस की डिग्री मिली। उन्होंने बताया बिना वैध डिग्री और बिना किसी पंजीकरण के संचालित इस अस्पताल में ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नयी पीढ़ी राज्य के विकास को लेकर सजग

### सीएम धामी ने 1400 से अधिक छात्र-छात्राओं से किया संवाद

प्रमुख संवाददाता

काशीपुर (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के युवाओं की सोच अब केवल व्यक्तिगत करियर तक सीमित नहीं है, बल्कि वे राज्य की सामाजिक और आर्थिक प्रगति को लेकर भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं। युवाओं के भीतर मौजूद ऊर्जा, नवाचार और नई संभावनाओं को सही दिशा और अवसर मिले तो वे प्रदेश के विकास को नई गति दे सकते हैं।

ऊधम सिंह नगर के काशीपुर में आयोजित युवा विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 17 विद्यालयों से पहुंचे 1400 से अधिक विद्यार्थियों से बातचीत की। संवाद के दौरान छात्र-छात्राओं ने बेझिझक अपने सवाल



मुख्यमंत्री के सामने रखे। शिक्षा, रोजगार, तकनीक, खेल, स्टार्टअप और उत्तराखंड के भावी विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ विचार साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे सपनों का उत्तराखंड पहल के दौरान विद्यार्थियों और युवाओं से प्रदेश के भविष्य को लेकर सुझाव मांगे गए थे। इस दौरान सामने आए विचारों में शिक्षा और रोजगार से लेकर पलायन, तकनीकी बदलाव और विकास से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। उन्होंने कहा कि युवाओं के सुझाव यह ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- अब मरीजों को आरोग्यसेतु एप पर मिलेगी रिपोर्ट (पृष्ठ-02)
- पूर्वी यूपी के पकवान को मिलेगी ग्लोबल पहचान (पृष्ठ-02)
- आईआईटी छात्र ने की खुदकुशी भेदभाव का आरोप (पृष्ठ-10)
- टीबी के मामलों की पहचान कर रहा एआई (पृष्ठ-10)
- सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत की स्थिति मजबूत (पृष्ठ-10)


विशेष खबर

### 10 लाख रुपये की प्राइजमनी वाले टूनार्मेंट में देशभर के खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

## योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता बैडमिंटन टूर्नामेंट 21 से

खेल संवाददाता

लखनऊ। देश के सीनियर बैडमिंटन खिलाड़ियों के बीच खिताब और रैंकिंग अंकों के लिए मुकाबला 21 सितंबर से शुरू होगा। मौका होगा योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूनार्मेंट 2026 का, जहां देशभर के खिलाड़ी पांच स्पधाओं में चुनौती पेश करेंगे।

भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा 10 लाख रुपए की इनामी राशि वाले टूनार्मेंट का आयोजन 21 से 28 सितंबर तक लखनऊ में किया जाएगा। टूनार्मेंट के मुख्य ड्रा के मुकाबले बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी, गोमतीनगर में 25 से 28 सितंबर तक होंगे। टूनार्मेंट के लिए खिलाड़ियों की आमद शनिवार से शुरू हो गई है, जबकि 20 सितंबर को खिलाड़ी प्रैक्टिस




कर अपनी तैयारियों की परख करेंगे। खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी, गोमतीनगर, विनयखंड स्टेडियम गोमतीनगर और मटियारी स्थित रजत पीजी कॉलेज में सुविधा दी जाएगी। टूनार्मेंट में क्वालीफाइंग राउंड के मैच 21 से 24 सितंबर तक इन्हीं कोर्ट पर खेले जाएंगे। टूनार्मेंट में पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल की स्पधाओं में मुकाबले होंगे। एकल वर्ग में मुख्य ड्रा 64 खिलाड़ियों का, जबकि युगल वर्गों में 32 जोड़ियों का होगा। क्वालीफाइंग राउंड में करीब 1500 खिलाड़ी मुख्य ड्रा में जगह बनाने के लिए चुनौती पेश करेंगे। अब तक मिली प्रविष्टियों के अनुसार पुरुष एकल में सबसे अधिक 698 खिलाड़ियों ने प्रवेश किया है।

महिला एकल में 218, पुरुष युगल में 194, महिला युगल में 78 और मिश्रित युगल में 148 खिलाड़ियों की एंट्री है। प्रविष्टियों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद खिलाड़ियों की संख्या में बदलाव संभव है। बड़ी संख्या में प्रविष्टियों के कारण मुख्य ड्रा में जगह बनाने के लिए कड़े मुकाबले होंगे। टूनार्मेंट के पिछले संस्करण में महिला एकल का खिताब उत्तर प्रदेश की मानसी सिंह ने जीता था, जबकि आंध्र प्रदेश की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## शानदार भविष्य की ओर बढ़ रहा है देश : डोभाल

एजेंसी

रूड़की। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने शनिवार को कहा कि अगले 20 सालों में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वर्तमान 4015 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 38,000 अरब अमेरिकी डॉलर हो जाएगा।

डोभाल ने यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रूड़की के दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि छात्र सौभाग्यशाली हैं कि वे एक परिवर्तनकारी युग में रह रहे हैं जिसमें उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल है। एनएसए ने भगवान राम का उदाहरण देते हुए छात्रों से अपने जीवन में साहसी बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऋषि विश्वामित्र ने राक्षसों के संहार के लिए भगवान राम के साहसी व्यक्तित्व के कारण उन्हें चुना।

इसी संदर्भ में डोभाल ने कहा कि बिना मेहनत की सफलता नहीं मिलती। एनएसए ने कहा भारत में बहुत बड़े बदलाव हो रहे हैं और देश एक शानदार भविष्य की ओर बढ़ रहा है। जैसा कि प्रधानमंत्री ने 2047 को अमृत काल कहा है, सचमुच यह एक बेहतरीन अमृत काल है। अभी भारत की जीडीपी 4015 अरब अमेरिकी डॉलर है, जो अगले 20 सालों में 38,000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगी। उन्होंने छात्रों के साथ अपने कैरियर के शुरुआती दिनों में सिक्किम में तैनाती के दौरान एक ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सीएम के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर खिले अभ्यर्थियों के चेहरे

## योगी सरकार में मेहनत को मिला मुकाम, लगनशील अभ्यर्थियों को मिले नियुक्ति पत्र

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के जरिए युवाओं को सरकारी नौकरी मिलने का सिलसिला जारी है। शनिवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से विभिन्न विभागों में चयनित 818 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठे। युवाओं ने एक स्वर में भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत का फल आज उन्हें मिला है। नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों ने कहा कि इस सरकार में बिना किसी भेदभाव और लेनदेन के चयन प्रक्रिया पूरी हुई है।

युवाओं ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सरकारी नौकरी का उनका सपना साकार हुआ है।

**फॉर्म भरने में खर्च हुए मात्र 150 रुपये, मिल गई सरकारी नौकरी :** अयोध्या निवासी एक्सरे टेक्नीशियन पद पर चयनित प्रिंस सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र मिलना उनके और परिवार के लिए सौभाग्य की बात है। पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष रही और किसी तरह का भेदभाव या लेनदेन नहीं हुआ। फॉर्म भरने में केवल 150 रुपये खर्च हुए थे, इसके अलावा एक भी रुपया नहीं लगा। उन्होंने कहा कि मात्र 150 रुपये में नौकरी मिलना योगी सरकार में ही संभव है।

**मेहनत करने वालों को मिल रहा हक :** होम्योपैथिक फार्मासिस्ट पद पर चयनित आकाश शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर बेहद खुशी हो रही है। पिछली बार 400 और इस बार 393 रिक्तियां निकलना बड़ी बात है। इससे दूसरे अभ्यर्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब भर्तियों की जानकारी समय से मिल रही है, जिससे युवा आवेदन कर तैयारी कर पा रहे हैं। यह नियुक्ति उन लोगों के लिए सबक है जो पहले नियुक्तियों में गड़बड़ी कर अभ्यर्थियों का हक मारते थे। वाराणसी निवासी होम्योपैथिक फार्मासिस्ट साक्षी सिंह ने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ नियुक्ति हुई है। जिन्होंने मेहनत की, उन्हें नौकरी मिली है। मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र मिलना उनके लिए बड़ी उपलब्धि और सपना साकार होने जैसा है।

**योगी सरकार में दूसरी बार नियुक्ति पत्र पाने का सौभाग्य मिला :** बलरामपुर निवासी एक्सरे टेक्नीशियन पद पर चयनित शिव शंकर ने कहा कि योगी सरकार में दूसरी बार नियुक्ति पत्र पाने का सौभाग्य मिला है। इस प्रक्रिया में किसी तरह का पैसा नहीं लगा। शिव शंकर ने बताया कि वर्ष 2015 में भी उनका चयन हुआ था, लेकिन इंटरव्यू में छांट दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय इंटरव्यू में पैसे चले थे, जिसके कारण उनकी नियुक्ति नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने इंटरव्यू हटा दिया है और पूरी ईमानदारी से नियुक्तियां हो रही हैं। पहले की सरकारों में पैसे देने वालों को नौकरी मिलती थी, जबकि आज पढ़ने-लिखने वाले छात्रों को अवसर मिल रहा है।

**मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर परिवार गौरवान्वित :** सहारनपुर निवासी होम्योपैथिक फार्मासिस्ट आराधना चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर उनका पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष रही और कहीं भी गलत तरीके से काम नहीं हुआ। इसी पर चयनित प्रिंसी गुप्ता ने कहा कि उन्हें मेहनत के आधार पर नौकरी मिली है। मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र मिलना बेहद खास पल है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। वहीं होम्योपैथिक फार्मासिस्ट पल्लवी देवी ने कहा कि वह दो साल से तैयारी कर रही थीं। आज उनकी मेहनत का फल मिल गया है। उन्होंने पूरी नियुक्ति प्रक्रिया को निष्पक्ष बताया।

योगी सरकार में ईमानदारी से काम हो रहा

गोरखपुर निवासी डॉ. सफिया बानो का चयन प्रवक्ता यूनानी के पद पर हुआ है। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया 15 महीने में पूरी हो गई। मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में ईमानदारी से काम हो रहा है और नियुक्तियां पूरी निष्पक्षता के साथ संपन्न हो रही हैं।

# अब मरीजों को आरोग्यसेतु एप पर भी मिलेगी जांच रिपोर्ट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और मरीजों को बेहतर एवं सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। इसी क्रम में सरकारी अस्पतालों की लैब में टेस्ट कराने वाले मरीजों को उनकी रिपोर्ट मोबाइल के आरोग्यसेतु ऐप पर भेजने की तैयारी की जा रही है ताकि वह अपनी लैब रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकार्ड के रूप में अपने पास सुरक्षित रख सकें।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की सचिव रितु माहेश्वरी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की दिशा में कई पहल की गई है। उन्होंने बताया कि मरीजों को उनकी जांच रिपोर्ट मोबाइल के आरोग्यसेतु एप पर भेजने की तैयारी की जा रही है, जिसे वह भविष्य में जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से शेयर कर सकेंगे। वहीं प्रदेश के 900 से अधिक सरकारी अस्पतालों में लैबोरेटरी इंफॉरमेशन सिस्टम (एलआईएस) को हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉरमेशन सिस्टम (एचएमआईएस) से जोड़ दिया गया है। इस व्यवस्था से मरीजों को अब लैब रिपोर्ट के लिए अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। साथ ही डॉक्टर्स को भी जल्द लैब रिपोर्ट मिलने से इलाज में काफी सहूलियत हुई है। उन्होंने बताया कि मरीजों को लैब रिपोर्ट व्हाट्सएप और एसएमएस से भेजी जा रही है।

अब तक करीब 58.07 लाख लैब रिपोर्ट का मैसेज व्हाट्सएप पर भेजा गया जबकि 37.66 लाख रिपोर्ट व्हाट्सएप पर भेजी गयी। इसी तरह करीब 46.50 लाख एसएमएस भेजे गए, जिनमें से 31.40 लाख मरीजों को लैब रिपोर्ट भेजी गयी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की सचिव ने बताया कि एलआईएस-एचएमआईएस के इंटीग्रेटेड होने से अब मरीजों को लैब जांच के लिए बार-बार रजिस्ट्रेशन नहीं कराना पड़ता है।

# सूचना निदेशालय के दिनेश गुप्ता संपादन प्रवीण की मानद उपाधि से सम्मानित



**लखनऊ।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश के नियमित प्रकाशन उत्तर प्रदेश हिंदी मासिक पत्रिका के प्रभारी संपादक दिनेश कुमार गुप्ता को उत्कृष्ट संपादन एवं शोध लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए संपादन प्रवीण की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है।

राजस्थान के श्रीनाथद्वारा में राष्ट्रभाषा हिंदी की उन्नति के लिए वर्ष 1937 में स्थापित प्रतिष्ठित साहित्यिक राष्ट्रीय संस्थान ह्यसाहित्य मंडल, श्रीनाथद्वारा द्वारा 12, 13 एवं 14 सितंबर, 2026 को तीन दिवसीय हिंदी लाओ-देश बचाओ राष्ट्रीय समारोह का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर आयोजित वार्षिक अलंकरण सम्मान समारोह में देश के उत्कृष्ट साहित्यिक संपादकों एवं साहित्यकारों को विभिन्न सम्मानों से विभूषित किया गया।

समारोह में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश की हिंदी मासिक पत्रिका उत्तर प्रदेश के प्रभारी संपादक दिनेश कुमार गुप्ता को उनके उत्कृष्ट संपादन, शोध लेखन तथा साहित्यिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए संपादन प्रवीण की मानद उपाधि प्रदान की गई। इसके साथ ही उन्हें श्रीमती केसर देवी जानी स्मृति सम्मान से भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में गीतांजलि विश्वविद्यालय, उदयपुर के कुलपति डॉ. राकेश व्यास ने दिनेश कुमार गुप्ता को सम्मानित किया। दिनेश कुमार गुप्ता को यह सम्मान मिलने पर सूचना निदेशक विशाल सिंह, अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्रा सहित विभाग के उच्च अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# योगी सरकार ने लंपी वायरस की रोकथाम के लिए 25 जनपदों में 606 टीमें कीं तैनात

विशेष संवाददाता (vol)

- लंपी स्किन डिजीज से अब तक 9,003 पशु प्रभावित, 16.08 लाख से अधिक पशुओं का हुआ टीकाकरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पशुधन को लंपी स्किन डिजीज से सुरक्षित रखने के लिए विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर रोकथाम एवं नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश के 25 जनपदों में 606 टीमें तैनात कर प्रभावित एवं संभावित क्षेत्रों में निगरानी, उपचार और टीकाकरण का कार्य तेज किया गया है।

इस दौरान पशुधन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि प्रभावित जनपदों में विशेष सतर्कता एवं प्रभावी नियंत्रण उपाय सुनिश्चित किया जा रहा है। बीमारी की रोकथाम के लिए रिंग वैक्सीनेशन, संक्रमित पशुओं को अलग रखना, वेक्टर कंट्रोल, कीटाणुशोधन तथा साफ-सफाई जैसे प्रभावी उपाय प्राथमिकता दी जाए। टीकाकरण अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करते हुए इसकी नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि पशु चिकित्सक निर्धारित समय पर चिकित्सालयों में उपस्थित रहें तथा गांवों में शिविर लगाकर टीकाकरण अभियान को गति दें। पशु सखी, पैरावेट एवं मैत्री को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर टीकाकरण की शत-प्रतिशत सुनिश्चितता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, गोपालकों एवं गोशाला संचालकों के साथ जनजागरूकता बैठकें आयोजित करने तथा बीमारी से बचाव के उपायों की जानकारी व्यापक स्तर पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक गो आश्रय स्थल में हरे चारे की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया। विभागीय अभियान के तहत अब तक प्रदेश में 16,08,548 पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। वहीं, लंपी स्किन डिजीज के संक्रमण से अब तक 9,003 पशु प्रभावित होने की सूचना है। प्रभावित पशुओं की पहचान के साथ ही उनके उपचार और आवश्यक चिकित्सकीय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

लंपी वायरस की रोकथाम के लिए तैनात 606 टीमें गांव-गांव जाकर पशुओं के स्वास्थ्य की निगरानी कर रही हैं। टीमों द्वारा पशुपालकों को बीमारी के लक्षण, बचाव के उपाय और संक्रमित पशुओं को अन्य पशुओं से अलग रखने के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। संदिग्ध मामलों की जानकारी मिलने पर तत्काल पशु चिकित्सा टीमों को सक्रिय किया जा रहा है।

लंपी स्किन डिजीज के नियंत्रण में टीकाकरण को महत्वपूर्ण उपाय मानते हुए विभाग द्वारा प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 16 लाख से अधिक पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। साथ ही पशुपालकों से अपील की जा रही है कि वे अपने पशुओं का समय से टीकाकरण कराएं और बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम पशु चिकित्सालय अथवा विभागीय टीम को सूचना दें।

# आपदा पीड़ित लोगों को दी गयी 249.76 करोड़ की सहायता

## आपदा प्रभावितों को शीघ्र राहत देने के लिए योगी सरकार की संवेदनशील पहल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों और परिवारों को समय पर राहत पहुंचाने के लिए योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश में अतिवृष्टि, वज्रपात, सर्पदंश, बाढ़, मानव-वन्यजीव द्वंद्व, ओलावृष्टि, डूबने की घटनाओं, अग्निकांड और आंधी-तूफान जैसी विभिन्न आपदाओं से प्रभावित लोगों को सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, 01 अप्रैल 2026 से 18 सितंबर 2026 तक विभिन्न आपदाओं से बचाव और राहत के लिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों को अलग-अलग मदों में कुल 249.76 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। राज्य सरकार की ओर से घोषित विभिन्न आपदाओं में राहत के लिए अब तक 206.19 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। वहीं, ओलावृष्टि से हुए नुकसान के सापेक्ष राहत के लिए 111.67 करोड़ रुपये, बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों के लिए 114.04 करोड़ रुपये और अग्निकांड से प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए 36.85 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। सरकार की ओर से अलग-अलग आपदाओं की प्रकृति और नुकसान के अनुसार राहत राशि उपलब्ध कराई जा रही है। वज्रपात, सर्पदंश, डूबने, आंधी-तूफान, मानव-वन्यजीव द्वंद्व, अग्निकांड और अतिवृष्टि से हुई जनहानि के मामलों में प्रभावित परिवारों और परिजनों को भी राहत सहायता दी गई है। ऐसे मामलों में अब तक 156.92 करोड़ रुपये की राहत सहायता वितरित की जा चुकी है।

**फसल क्षति के लिए 1.16 लाख किसानों को 72.31 करोड़ रुपये वितरित :** योगी सरकार की राहत व्यवस्था में किसानों को भी प्रमुखता से शामिल किया गया है। ओलावृष्टि, बाढ़, अतिवृष्टि और अग्निकांड से प्रभावित 1,16,000 किसानों की फसल क्षति के सापेक्ष अब तक 72.31 करोड़ रुपये की राहत सहायता वितरित की जा चुकी है। प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल बर्बाद होने से प्रभावित किसानों को इस सहायता से आर्थिक राहत मिली है। इसी तरह बाढ़, अतिवृष्टि, अग्निकांड, आंधी-तूफान और वज्रपात से क्षतिग्रस्त 23,595 मकानों के सापेक्ष प्रभावित लोगों को 15.09 करोड़ रुपये की राहत सहायता दी जा चुकी है। सरकार ने पशुहानि के मामलों में भी प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। अग्निकांड, वज्रपात, आंधी-तूफान, सर्पदंश और अतिवृष्टि से हुई कुल 1,519 पशुहानि के सापेक्ष 5.25 करोड़ रुपये की राहत सहायता वितरित की गई है। आपदाओं के दौरान घायल हुए लोगों को भी राहत सहायता प्रदान की गई है। आंधी-तूफान, ओलावृष्टि, अग्निकांड, वज्रपात और मानव-वन्यजीव द्वंद्व से घायल हुए कुल 183 लोगों को 19.90 लाख रुपये की राहत सहायता वितरित की जा चुकी है। इस प्रकार, 01 अप्रैल से 18 सितंबर 2026 तक प्रदेश में विभिन्न आपदाओं से प्रभावित लोगों और परिवारों को कुल 249.76 करोड़ रुपये की राहत सहायता वितरित की जा चुकी है।

# उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की मूलभूत साक्षरता परीक्षा आज

विशेष संवाददाता (vol)

- मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक एवं बीएसए करेंगे परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**लखनऊ।** भारत सरकार की केन्द्र पुरोनिधानित योजना उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम मूलभूत साक्षरता परीक्षा का आयोजन प्रदेश के समस्त जनपदों में 20 सितम्बर को किया जाएगा। परीक्षा में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के लगभग 5.10 लाख असाक्षर प्रतिभाग करेंगे।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बताया कि उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रदान कर उन्हें साक्षर बनाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं की 75 प्रतिशत तथा पुरुषों की 25 प्रतिशत भागीदारी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बेसिक शिक्षा निदेशक अनिल भूषण चतुर्वेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रदेश में 15+ आयु वर्ग के कुल 10.00 लाख असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भारत सरकार के निर्देशानुसार इस वित्तीय वर्ष में दो चरणों में, क्रमशः सितम्बर एवं मार्च माह में मूलभूत साक्षरता परीक्षा आयोजित की जानी है। इसी क्रम में प्रथम चरण की परीक्षा 20 सितम्बर को आयोजित होगी।

उल्लास पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के विभिन्न जनपदों में लगभग 5.10 लाख 15+ आयु वर्ग के असाक्षरों को इस परीक्षा में प्रतिभाग कराया जाएगा। परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थियों में विकसित मूलभूत पढ़ने-लिखने तथा संख्यात्मक ज्ञान का आकलन किया जाएगा।

परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए प्रदेश के सभी जिलों में निर्धारित साक्षरता परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जनपद स्तर पर परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण के लिए समस्त मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# सूर्य किरण ने लिखी शौर्य की नयी इबारत

विशेष संवाददाता (vol)

- सेवा संकल्प अभियान के तहत पहली बार क्रांतिधरा में हुआ एयर शो, नौ हॉक जेट की कलाबाजियों ने हजारों दर्शकों को किया रोमांचित

**मेरठ/लखनऊ।** एक साथ नौ लड़ाकू विमान। देखते ही देखते बदलते फॉर्मेशन। कभी जमीन को छू लेने जैसी उड़ान तो कभी आसमान में उल्टी कलाबाजी। फिर दो विमान आमने-सामने बढ़े और पलक झपकते एक-दूसरे को क्रास करते निकल गए। शनिवार को मोहिउद्दीनपुर स्थित न्यू इंटीग्रेटिड टाउनशिप में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला।

भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एयरोबैटिक टीम ने पहली बार मेरठ के आसमान को अपना प्रदर्शन मंच बनाया तो हजारों लोगों की निगाहें ऊपर टिक गईं। हॉक एमके-132 विमानों की गर्जना के बीच आसमान में केसरिया, सफेद और हरे रंग की लकीरें उभरीं और पूरा माहौल वंदेमातरम के उद्घोष के साथ राष्ट्रभक्ति से भर उठा। केंद्र और प्रदेश की योगी सरकार की पहल पर सेवा संकल्प अभियान के तहत हुए इस ऐतिहासिक एयर शो में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई रोमांच से भर गया। हिंडन एयरबेस से उड़ान भरकर नौ हॉक जेट विमान सुबह करीब 10 बजकर 25 मिनट पर मेरठ के आसमान में पहुंचे। मैदान में मौजूद दर्शकों ने तालियों तथा जय हिंद और वंदेमातरम के उद्घोष से इन विमानों का स्वागत किया। इससे पहले सुबह साढ़े सात बजे से ही न्यू इंटीग्रेटेड टाउनशिप में लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। दर्जनभर से अधिक स्कूलों के छात्र, एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवक इस रोमांचकारी क्षण का साक्षी बनने पहुंचे। परिवारों के साथ चिकित्सक, व्यापारी और उद्यमियों ने भी इस ऐतिहासिक प्रदर्शन का आनंद लिया।

सूर्यकिरण के विमानों ने आसमान में ऐसा तालमेल दिखाया कि हर करतब के साथ दर्शकों की तालियां तेज होती गईं। नौ विमानों ने पहले वी-आकार में उड़ान भरी, फिर अलग-अलग दिशाओं में बिखरते हुए अगले ही पल दोबारा सटीक फॉर्मेशन बना लिया। लूप, बैरल रोल, उल्टी उड़ान और डीएनए मैन्यूवर ने रोमांच बढ़ाया। करीब 100 से 150 फीट की ऊंचाई पर विमानों की सटीक उड़ान देखकर लोग सांस थामे रहे। दो जेट आमने-सामने बढ़े और ऐन वक्त पर एक-दूसरे को क्रास करते हुए निकल गए तो मैदान तालियों से गूंज उठा।

विमानों के पीछे केसरिया, सफेद और हरे रंग की लकीरों ने आसमान को तिरंगे में रंग दिया। इन स्मोक पॉड्स को नासिक स्थित वायुसेना के बेस रिपेयर डिपो में विकसित किया गया है। हवाई करतबों के बीच तिरंगे की यह छटा बच्चों के लिए खास आकर्षण रही।

तिरंगे की छटा के साथ मेरठ के तीन जांबाजों ने बढ़ाया गौरव

मेरठ में हुए इस एयर शो का शहर से सीधा जुड़ाव भी रहा। सूर्यकिरण एयरोबैटिक टीम में मेरठ के तीन स्क्वाड्रन लीडर शामिल हैं। स्क्वाड्रन लीडर अमन गोयल और राहुल सिंह ने आसमान में हॉक जेट उड़ाते हुए करतब दिखाए, जबकि स्क्वाड्रन लीडर शरद गोयल ने जमीन से पूरे प्रदर्शन के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली। अपने शहर के तीन जांबाजों को इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बना देखकर दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया।

योगी सरकार के सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस आयोजन ने मनोरंजन से आगे बढ़कर युवाओं को राष्ट्रसेवा और अनुशासन का संदेश दिया। स्कूली बच्चों ने भारतीय वायुसेना की क्षमता, साहस और तकनीकी दक्षता को प्रत्यक्ष देखा। ऐसे आयोजनों के जरिए युवाओं में देश के प्रति जिम्मेदारी और रक्षा सेवाओं के प्रति रुचि बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

# देश-विदेश में बसे लोगों को अपनी मातृभूमि के विकास से जोड़ रही उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना संचालित की जा रही है। योजना के माध्यम से देश-विदेश में निवास कर रहे ऐसे व्यक्तियों एवं संस्थाओं को अपनी मातृभूमि एवं गांव के विकास से जुड़ने का अवसर प्रदान किया जा रहा है, जो अपने गांव में जनोपयोगी एवं विकासपरक कार्य कराने के इच्छुक हैं।

पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना अपनी माटी, अपने गांव और अपनी जड़ों से जुड़े लोगों को ग्रामीण विकास की प्रक्रिया से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि देश-विदेश में रहने वाले ऐसे व्यक्ति एवं संस्थाएं, जिनका अपने गांव से भावनात्मक एवं सामाजिक जुड़ाव है, योजना के माध्यम से अपने गांव के विकास में प्रत्यक्ष भागीदारी कर सकते हैं। योजनान्तर्गत कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था प्रदेश के किसी भी जनपद के किसी गांव में विकास कार्य कराने के लिए सहभागी बन सकती है। इच्छुक दानकर्ता द्वारा परियोजना की कुल लागत का 60 प्रतिशत अंशदान किया जाता है, जबकि शेष 40 प्रतिशत लागत राज्य सरकार द्वारा वहन की जाती है। इस व्यवस्था के माध्यम से सरकार और समाज की सहभागिता से गांवों में विभिन्न प्रकार के जनोपयोगी विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। पंचायती राज निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि योजना का उद्देश्य गांव से जुड़े व्यक्तियों एवं संस्थाओं को स्थानीय विकास में सक्रिय भागीदारी का अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि मातृभूमि योजना जनसहभागिता को ग्रामीण विकास से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है, जिसके अंतर्गत दानदाताओं की इच्छानुसार जनोपयोगी परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# भाजपा ने की प्रदेश में जिला प्रभारियों की घोषणा

## जारी सूची में अलग-अलग पदाधिकारियों को सौंपी गयी पश्चिम, ब्रज, कानपुर, अवध, काशी और गोरखपुर क्षेत्र के जिलों की जिम्मेदारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश के विभिन्न संगठनात्मक क्षेत्रों के लिए जिला प्रभारियों की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी द्वारा जारी सूची में पश्चिम, ब्रज, कानपुर, अवध, काशी और गोरखपुर क्षेत्र के जिलों की जिम्मेदारी अलग-अलग पदाधिकारियों को सौंपी गई है।

पश्चिम क्षेत्र में रामपुर की जिम्मेदारी मोहित बेनीवाल, मुरादाबाद महानगर की प्रेमेंद्र जांगड़ा, मुरादाबाद जिले की विकास अग्रवाल, शामली की चौधरी राजा वर्मा, अमरोहा की सत्येंद्र सिसोदिया और बिजनौर की सत्यपाल सैनी को दी गई है। वहीं सहारनपुर महानगर में अजय शर्मा, सहारनपुर जिले में हंसराज जाटव पप्पू, मुजफ्फरनगर में हरिओम शर्मा, मेरठ महानगर में अशोक मोंगा और मेरठ जिले में भरत भूषण गुप्ता को प्रभारी बनाया गया है। जबकि गाजियाबाद महानगर में अशोक कटारिया, गजियाबाद जिला में संजीव गोयल सिक्का, हापुड़ में बसंत त्यागी, नोएडा महानगर में डीके शर्मा, गौतमबुद्ध नगर में कांता कर्दम, बागपत में वाईपी सिंह, संभल में डॉ. चंद्र मोहन सिंह और बुलंदशहर में सुरेश राणा को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है।

**मैनपुरी में श्याम भदौरिया जिला प्रभारी :** ब्रज क्षेत्र में आगरा महानगर की जिम्मेदारी बृज बहादुर, आगरा जिले की घनश्याम लोधी, मथुरा महानगर की पवन शर्मा, मथुरा जिले की प्रमोद गुप्ता तथा फिरोजाबाद महानगर की विवेक सारस्वत को सौंपी गई है। अलीगढ़ जिले में गौरव आर्य, अलीगढ़ महानगर में राकेश शंखवार, हाथरस में अनिल चौधरी, मैनपुरी में श्याम भदौरिया और कासगंज में कन्हैयालाल गुप्ता प्रभारी होंगे। इसी क्रम में बरेली महानगर में रजनीकांत माहेश्वरी, बरेली जिले में दिनेश शर्मा, आवंला में डीपी भारती, शाहजहांपुर जिले में संजीव प्रताप सिंह, शाहजहांपुर महानगर में दुर्विजय शाक्य, पीलीभीत में हर्षवर्धन आर्य, बदायूं में राकेश मिश्रा और एटा में नागेंद्र सिकरवार होंगे।

**इटावा में देवेश कोरी जिला प्रभारी :** कानपुर क्षेत्र में कानपुर महानगर उत्तर की जिम्मेदारी अनिल यादव, कानपुर महानगर दक्षिण की प्रांशुदत्त द्विवेदी, कानपुर ग्रामीण की आनंद सिंह और कानपुर देहात की शिवमहेश दुबे को दी गई है। इटावा में देवेश कोरी, कन्नौज में रूपेश गुप्ता, फरुर्खाबाद में नरेंद्र राजपूत, फतेहपुर में राहुल अग्निहोत्री और औरैया में दिनेश वाजपेयी को प्रभारी बनाया गया है। इसी क्रम में झांसी महानगर में रंजना उपाध्याय, झांसी जिले में मानवेंद्र सिंह, बांदा में संत विलास शिवहरे, महोबा में इंद्रपाल पटेल, चित्रकूट में संजीव श्रृंगीऋषि, हमीरपुर में प्रदीप सरावगी, जालौन में भुवन प्रकाश गुप्ता, ललितपुर में अशोक राजपूत होंगे।

**लखनऊ महानगर के प्रभारी त्रयंबक त्रिपाठी :** अवध क्षेत्र में लखनऊ महानगर के प्रभारी त्रयंबक त्रिपाठी और लखनऊ जिले के प्रभारी सौरभ मिश्रा होंगे। रायबरेली में डॉ. नीरज सिंह, सीतापुर में नीरज सिंह, लखीमपुर में विजय बहादुर पाठक, हरदोई में कमलेश मिश्रा तथा अंबेडकरनगर में अवधेश श्रीवास्तव को जिम्मेदारी मिली है। अयोध्या जिले में अनूप गुप्ता और अयोध्या महानगर में शिवभूषण सिंह प्रभारी बनाए गए हैं और उन्नाव में संतोष सिंह होंगे।

**अरुण पाठक को वाराणसी महानगर और वाराणसी जिले की जिम्मेदारी :** काशी क्षेत्र में वाराणसी महानगर और वाराणसी जिले दोनों की जिम्मेदारी अरुण पाठक को दी गई है। गाजीपुर में अजीत चौबे, प्रतापगढ़ में अवधेश गुप्ता, भदोही में समीर सिंह, जौनपुर में शंकर गिरी, मछलीशहर में दिनेश मौर्य और सुल्तानपुर में बृजभूषण सिंह को प्रभारी बनाया गया है। प्रयागराज महानगर में राकेश त्रिवेदी, प्रयागराज यमुनापार में अनिल सिंह और प्रयागराज गंगापार में अशोक मिश्रा की नियुक्ति की गई है।

**गोरखपुर महानगर की जिम्मेदारी महेश शुक्ला :** गोरखपुर क्षेत्र में गोरखपुर महानगर की जिम्मेदारी महेश शुक्ला तथा गोरखपुर जिले की अजय सिंह गौतम को दी गई है। संतकबीर नगर में जयप्रकाश साहू, बस्ती में सत्येंद्र सिन्हा, सिद्धार्थनगर में प्रवीण गुप्ता, महाराजगंज में नरेंद्र मणि त्रिपाठी, देवरिया में देवेंद्र यादव और कुशीनगर में कामेश्वर सिंह को प्रभारी बनाया गया है।

# पूर्वी यूपी के पकवान को मिलेगी ग्लोबल पहचान

**गोरखपुर।** पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर मंडल की माटी की सोंधी सुगंध और यहां के देसी पारंपरिक लजीज पकवान अब सिर्फ गलियों और चौराहों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि ग्लोबल पहचान हासिल करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना ओडीओसी (एक जनपद एक व्यंजन) के प्रोत्साहन से ये पकवान अंतरराष्ट्रीय पटल पर दुनिया भर के खरीदारों और पर्यटकों की जुबान पर छाने के लिए तैयार हैं। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले ह्ययूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) में इस बार गोरखपुर मंडल के पारंपरिक व्यंजनों का भी जलवा देखने को मिलेगा। यूपीआईटीएस में, ओडीओसी के अंतर्गत चयनित गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज के विशिष्ट व्यंजनों के विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में देश-विदेश से आने वाले लाखों आगंतुक और कारोबारी अब पूर्वांचल के पारंपरिक भोजन और मिठाइयों का स्वाद चख सकेंगे। उद्योग विभाग के संयुक्त आयुक्त गौरव मिश्रा के अनुसार ट्रेड शो के फूड कोर्ट में गोरखपुर मंडल के चुनिंदा व्यंजनों के लिए अलग से विशेष क्लस्टर और स्टाल तैयार किए जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय खानपान संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाना, पारंपरिक कारीगरों को बड़ा बाजार उपलब्ध कराना और प्रदेश में 'फूड टूरिज्म' को गति देना है। यूपीआईटीएस के लिए गोरखपुर से लिट्टी चोखा व लहसुन वाले छोले समोसे, महराजगंज से रामकटोरी, कुशीनगर से लाल पेड़ा, छेना का खुरमा व केले के चिप्स और देवरिया से लिट्टी चोखा व मालपुआ का चयन किया गया है।

# 15 स्कूलों के कायाकल्प के लिए 1.50 करोड़ रुपये जारी

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर आवासीय और शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर लगातार जोर दे रही है। इसी कड़ी में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों की अवस्थापना सुविधाओं को और मजबूत करने की पहल की गई है। प्रदेश के 15 सर्वोदय विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए 1.50 करोड़ रुपये (150 लाख रुपये) की धनराशि स्वीकृत की गई है। इससे बरेली, कौशाम्बी, अयोध्या, ललितपुर, हरदोई, आजमगढ़, बलिया, प्रयागराज, इटावा, फरूर्खाबाद, बांदा, चित्रकूट, जालौन और रायबरेली के सर्वोदय विद्यालय लाभान्वित होंगे। सरकार की इस पहल से इन आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, आधुनिक और बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी। स्वीकृत धनराशि से विद्यालयों में हॉस्टल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के साथ स्मार्ट क्लासरूम और प्रयोगशालाओं के रख-रखाव व आवश्यक मरम्मत कार्य कराए जाएंगे। इसके अलावा पेयजल, स्वच्छता और अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर भी जोर रहेगा। खेल परिसर के जीर्णोद्धार से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल और शारीरिक विकास के लिए भी बेहतर माहौल मिलेगा।

# सीएम योगी ने देवप्रयाग के मेधावी विद्यार्थियों को दिया सफलता का मंत्र

विशेष संवाददाता (vol)

- आत्मविश्वास से चुनौतियों का सामना करें, समय प्रबंधन और अच्छी पुस्तकों को बनाएं जीवन का हिस्सा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड के देवप्रयाग से लखनऊ पहुंचे मेधावी विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से परिचय प्राप्त कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आत्मविश्वास, समय प्रबंधन, पुस्तकों के अध्ययन तथा तकनीक के सकारात्मक इस्तेमाल का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मविश्वास कठिन चुनौतियों से जूझने का आत्मबल प्रदान करता है। विद्यार्थियों को चुनौती को समस्या मानकर टालने के बजाय उसके समाधान की दिशा में प्रयास करना चाहिए। सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने पर चुनौती जीवन की गति को प्रगति में बदल सकती है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उत्तराखंड से आए विद्यार्थियों को गोमती बुक फेस्टिवल का भ्रमण कराया जाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखित पुस्तक ह्यएग्जाम वॉरियर्सह्ण उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ महापुरुषों की जीवनियां, धार्मिक ग्रंथ और अपनी रुचि के अनुरूप ज्ञानवर्धक पुस्तकें भी पढ़नी चाहिए। उन्होंने



बच्चों को अपना बुक बैंक बनाने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने व्यावहारिक ज्ञान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि विज्ञान की थ्योरी को प्रयोगशाला में प्रयोग और गणित के सूत्रों को समझकर पढ़ने से विषय की बेहतर समझ विकसित होती है। उन्होंने कहा कि शैक्षिक भ्रमण से बच्चों को देश, समाज, संस्कृति, विरासत और विभिन्न क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति को समझने का अवसर मिलता है।

तकनीक के उपयोग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दौर में तकनीकी ज्ञान आवश्यक है, लेकिन इसका इस्तेमाल विवेकपूर्ण तरीके से होना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग से सावधान करते हुए कहा कि तकनीक का उपयोग करें, लेकिन उस पर निर्भर न रहें। तकनीक हमसे संचालित हो, हम तकनीक से नहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्मार्टफोन पर अनावश्यक समय खर्च न करने की सलाह दी। कहा कि स्मार्टफोन का उपयोग समाचार, डिजिटल लाइब्रेरी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, रोबोटिक्स और ड्रोन-स्पेस टेक्नोलॉजी जैसी नई तकनीकों की जानकारी हासिल करने तथा करियर निर्माण के लिए किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने समय प्रबंधन को जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि एक-एक मिनट कीमती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई, परिवार और स्वयं के लिए समय निर्धारित करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को विद्यार्थियों को लखनऊ के साथ अयोध्या और काशी का भ्रमण कराने के भी निर्देश दिए, ताकि वे इन शहरों में पिछले वर्षों में हुए विकास और बदलावों को देख सकें। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता पर जोर देते हुए गांव, शहर, तीर्थस्थल और शिक्षण संस्थानों को स्वच्छ रखने को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा पांच की छात्रा मिष्टी रावत ने किया। देवप्रयाग के विधायक विनोद कंडारी ने शैक्षिक भ्रमण के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री जोत सिंह बिष्ट, शिक्षक, विद्यार्थी और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# इकाना के पास बनेगा 28 मंजिला नौटिका ग्रीन्स अपार्टमेंट

विशेष संवाददाता (vol)

- 500 प्रीमियम फ्लैट और 20 पेंट हाउस होंगे
- नर्मदा अपार्टमेंट के आवंटियों का होगा समायोजन

**लखनऊ।** सीजी सिटी में इकाना क्रिकेट स्टेडियम के पास अब नौटिका ग्रीन्स अपार्टमेंट विकसित किया जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने ग्रुप हाउसिंग परियोजना को मंजूरी दे दी है। करीब पांच एकड़ क्षेत्रफल में विकसित होने वाली इस परियोजना में 28 मंजिल के पांच टावर बनाए जाएंगे। इनमें करीब 2100 वर्गफीट क्षेत्रफल के 500 प्रीमियम फ्लैट और 20 पेंट हाउस प्रस्तावित हैं।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पहले जी-20 रोड पर राप्ती अपार्टमेंट के पास नर्मदा अपार्टमेंट बनाया जाना प्रस्तावित था। इसमें 300 फ्लैट और 12 पेंट हाउस का निर्माण होना था। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण और लॉटरी के माध्यम से फ्लैटों का आवंटन भी किया जा चुका था। न्यायालय में वाद दायर होने के कारण परियोजना के आगे बढ़ने में दिक्कत आ रही थी। इसके समाधान के लिए सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी। समिति की रिपोर्ट के आधार पर ग्रुप हाउसिंग के निर्माण के लिए नया स्थल चयनित किया गया।





अब सीजी सिटी में नौटिका ग्रीन्स नाम से यह परियोजना विकसित की जाएगी।

**इकाना-पलासियो के बीच होगी प्राइम लोकेशन :** नौटिका ग्रीन्स को इकाना क्रिकेट स्टेडियम और पलासियो मॉल के बीच बनी 45 मीटर चौड़ी सड़क के कॉर्नर प्लॉट पर विकसित किया जाएगा। परियोजना के आसपास सीजी सिटी अर्बन वेटलैंड, नौसेना शौर्य वाटिका और हामोर्नी पार्क स्थित हैं। वहीं संस्कृति स्कूल, सीएसआई टावर, एचसीएल और पुलिस मुख्यालय जैसे प्रमुख संस्थान भी आसपास हैं। परियोजना की शहीद पथ और सुलतानपुर रोड से सीधी कनेक्टिविटी होगी।

**पांच एकड़ में बनेंगे पांच टावर :** एलडीए के मुताबिक करीब पांच एकड़ क्षेत्रफल में बनने वाली परियोजना में 28 फ्लोर के पांच टावर होंगे। इनमें 500 फ्लैट और 20 पेंट हाउस बनाए जाएंगे। फ्लैट 3 बीएचके एवं स्टडी श्रेणी के होंगे, जिनका क्षेत्रफल करीब 2100 वर्गफीट होगा। वहीं, पेंट हाउस करीब 4000 वर्गफीट क्षेत्रफल के होंगे। परियोजना में करीब 3,500 वर्गमीटर का पार्क भी विकसित किया जाएगा।

**नर्मदा के आवंटियों का होगा समायोजन :** नर्मदा अपार्टमेंट के मौजूदा आवंटियों को नौटिका ग्रीन्स अपार्टमेंट में समायोजित किया जाएगा। इसके लिए उनसे कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। जो आवंटी नई परियोजना में फ्लैट नहीं लेना चाहेंगे, उन्हें नियमानुसार ब्याज समेत उनकी धनराशि वापस की जाएगी। एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि चयनित स्थल पर अपार्टमेंट के निर्माण की मंजूरी दे दी गई है। नियमानुसार रेरा पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद फ्लैटों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण खोला जाएगा।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ पुनर्वास विवि का 19वां स्थापना दिवस संपन्न

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के 19वें स्थापना दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई। गीत, भजन, विरह और निर्गुण की प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और कुलपति प्रो. संजय सिंह ने स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी।

डॉ. प्रशांत पांडेय ने कृपा करो श्री राम की प्रस्तुति से भगवान राम की भक्ति का भाव जगाया। इशिता और अंकिता ने ओ पालन हारे की प्रस्तुति दी। अरविंद कुमार गुप्ता ने चिट्ठी न कोई संदेश, जाने वो कौन सा देश निर्गुण और मोरा सुना सिंगरवा विरह गीत प्रस्तुत किया। गायन प्रस्तुतियों के दौरान डॉ. सूर्य मोहन ने तबले पर संगत की। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. कौशिकी सिंह ने किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. वीके सिंह ने कहा कि दिव्यांगता के क्षेत्र में सेंटर फॉर एक्सीलेंस बनाने के लिए सभी को संकल्प लेना होगा। विश्वविद्यालय की ओर से दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए शिक्षा, तकनीक और पुनर्वास के क्षेत्र में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

कुलसचिव रोहित सिंह ने कहा कि 155 विद्यार्थियों से शुरू हुई विश्वविद्यालय की यात्रा अब 5500 से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंच चुकी है। इसमें सभी की मेहनत और संघर्ष शामिल है। आज विश्वविद्यालय में 10 संकाय और 35 विभाग हैं। विश्वविद्यालय जिस उद्देश्य के लिए स्थापित हुआ था, उसी दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। कुलानुशासक प्रो. आशुतोष पांडेय और प्रो. संजीव गुप्ता, डॉ. आद्या शक्ति राय और डॉ. शिवानी कटारा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस मौके पर वित्त अधिकारी श्रीनिवास त्रिपाठी, स्थायी आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो पी राजीव नयन, प्रो. यशवंत वीरोदय, समेत विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक प्रभारी डा कौशिकी सिंह ने किया।

# भूमि अर्जन के मामले में लापरवाही पर सर्वेयर निलम्बित

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में भूमि अर्जन के एक मामले में लापरवाही सामने आने पर अर्जन अनुभाग में तैनात सर्वेयर उदय नारायण को निलम्बित कर दिया गया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को निलम्बन आदेश जारी कर दिया है। साथ ही अर्जन अनुभाग में पदस्थ अधिकारियों से जवाब तलब किया गया है। एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि जियामऊ में गोमती बैराज से लामार्टिनियर तक सुनियोजित विकास योजना भाग-1 के अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा मजहर अली खान की भूमि अर्जित की गयी थी। जिसमें अपर जिलाधिकारी द्वारा भूमि के प्रतिकर की धनराशि निर्धारित की गयी थी। निर्धारित प्रतिकरण से संतुष्ट न होने पर भू-स्वामी ने लारा कोर्ट में वाद योजित किया था। प्राधिकरण की ओर से प्रभावी पैरवी न होने के कारण न्यायालय ने प्रतिकर में बढ़ोत्तरी करते हुए आदेश पारित कर दिया। उक्त आदेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय में अपील दाखिल किए जाने की प्रक्रिया शुरू की गयी। प्राधिकरण की ओर से नामित अधिवक्ता की ओर से मार्च 2026 में उच्च न्यायालय में अपील दाखिल की गयी। लेकिन, कोर्ट फीस का भुगतान समय से नहीं किये जाने के कारण अपील पर सुनवायी नहीं हो सकी।

# आरटीओ लखनऊ में बढ़ी सख्ती विजिलेंस जांच की भी चर्चा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- स्कूली वाहनों पर विशेष नजर, बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ पर होगी कार्रवाई

**लखनऊ।** राजधानी में परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार निगरानी बढ़ाई जा रही है। आरटीओ लखनऊ कार्यालय और उससे जुड़े परिवहन कार्यालयों में अनियमितताओं पर नजर रखे जाने के बीच विजिलेंस जांच की भी चर्चा है। हालांकि, किसी औपचारिक विजिलेंस कार्रवाई की पुष्टि अभी नहीं हुई है। विभागीय स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमों के पालन के साथ पारदर्शी तरीके से काम करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इधर स्कूली वाहनों को लेकर परिवहन विभाग ने सख्ती बढ़ाने की तैयारी की है। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्कूल बस, वैन और अन्य वाहनों की जांच की जाएगी। विभाग की नजर वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र, चालक के लाइसेंस और अन्य जरूरी दस्तावेजों पर रहेगी। इसके साथ ही वाहन में निर्धारित संख्या से अधिक बच्चों को बैठाने और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। परिवहन अधिकारियों का कहना है कि स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। वाहनों में सुरक्षा उपकरणों की स्थिति, आपातकालीन व्यवस्था और चालक के व्यवहार की भी जांच किए जाने पर जोर रहेगा। नियमों का उल्लंघन मिलने पर वाहन संचालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि स्कूली वाहनों की जांच केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि मौके पर वाहन की वास्तविक स्थिति का भी सत्यापन किया जाए। अभियान के दौरान बिना फिटनेस या मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर विशेष नजर रहेगी।

# चारबाग स्टेशन पर प्लेटफॉर्म 2-3 बंद होने से यात्रियों को परेशानी

**लखनऊ।** चारबाग रेलवे स्टेशन पर कॉनकोर्स निर्माण के कारण 16 सितंबर से 12 अक्टूबर तक 27 दिन का मेगा ब्लॉक लिया गया है। प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 पूरी तरह बंद हैं, जबकि प्लेटफॉर्म 1 और एमआर-1 पर आंशिक ब्लॉक है। इसका सबसे ज्यादा असर बाहर से यात्रियों के अलावा इलाज के लिए लखनऊ आने वाले मरीजों पर पड़ रहा है। निर्माण के चलते करीब 85 ट्रेनों के प्लेटफॉर्म बदले गए हैं, कई ट्रेनें चारबाग नहीं आ रही हैं। झांसी-लखनऊ, बनारस-लखनऊ, शाहजहांपुर-लखनऊ जैसी मेमू-पैसेंजर ट्रेनें कानपुर, आलमनगर, उतरेटिया और मानकनगर पर ही शॉर्ट टर्मिनेट हो रही हैं।

# पीएचडी के लिए आवेदन में सुधार 20 सितंबर तक

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवश्यक सुधार करने का अवसर प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, पीएचडी कार्यक्रम 2026-27 के लिए सभी पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन करेक्शन विंडो 20 सितंबर 2026 तक खुली रहेगी। इस अवधि के दौरान अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में आवश्यक संशोधन कर सकेंगे।

# 10 रेलकर्मी स्टार परफार्मर से सम्मानित हुए

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 10 रेल कर्मचारियों को जुलाई माह के लिए स्टार परफार्मर ऑफ द मंथ पुरस्कार दिया गया। डीआरएम कार्यालय में आयोजित संरक्षा पुरस्कार कार्यक्रम में डीआरएम गौरव अग्रवाल ने परिचालन और इंजीनियरिंग विभागों के कर्मचारियों को पुरस्कार के तौर पर नगद राशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया, इनमें संदीप कुमार/स्टेशन मास्टर/गौर, सुनील त्रिपाठी/स्टेशन मास्टर/निशातगाढ़ा, रामचन्द्र/स्टेशन अधीक्षक/खैराबाद, प्रमोद राम/स्टेशन मास्टर/खैराबाद, बाल कृष्ण/कॉटावाला/खैराबाद, विरेन्द्र कुमार चौधरी/कॉटावाला/सुभागपुर, विवेक कुमार वर्मा/गेटमैन/इंजी., विपुल पाण्डेय/गेटमैन/इंजी., मनीष कुमार यादव/कीमैन/सीतापुर यार्ड और मोहम्मद हासिम/ट्रैकमेन्टेनर- I/अटरिया शामिल रहे।

# समान वेतन की मांग को लेकर गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन

**लखनऊ।** मेडिकल कॉलेज के समान वेतन की मांग को लेकर सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बांड के तहत तैनात डॉक्टरों की भूख हड़ताल शनिवार को हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा के सामने चार डॉक्टर भूख हड़ताल पर बैठे हैं। एमबीबीएस व पीजी के बाद सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में दो साल के बांड के तहत डॉक्टरों की तैनाती की जाती है। राजकीय मेडिकल कॉलेज व सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के वेतन में विसंगति है। करीब एक माह से डॉक्टर आन्दोलन कर रहे हैं। आश्वासन के बाद डॉक्टरों ने कुछ दिनों के लिए आन्दोलन स्थागित कर दिया था।

# होम्योपैथिक कॉलेज में इंटर्न डॉक्टर करेंगे उग्र आंदोलन

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित राजकीय नेशनल होम्योपैथिक कॉलेज में स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग चलते ओपीडी संचालन मुश्किल हो गया है। शनिवार को इंटर्न डॉक्टरों ने आंदोलन जरी रहा। इंटर्न डॉक्टर स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार जब तक उनकी मांग नहीं मानती, आंदोलन खत्म नहीं किया जाएगा। इसके चलते कई मरीजों को बिना चिकित्सकीय परामर्श के वापस लौटना पड़ा। इंटर्न डॉक्टरों ने आंदोलन आगे भी जारी रखने का ऐलान किया है।

# वन-स्टॉप क्लीनिक से फ्रोजन शोल्डर के मरीजों को मिल रही नयी जिंदगी

लखनऊ। कंधे के असहनीय दर्द और जकड़न (फ्रोजन शोल्डर) से जूझ रहे मरीजों के लिए संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) का एपेक्स ट्रॉमा सेंटर एक नयी उम्मीद बनकर उभरा है। संस्थान द्वारा संचालित वन-स्टॉप शोल्डर क्लीनिक ने पिछले एक साल में 175 से अधिक मरीजों को इस दर्दनाक समस्या से राहत दिलाई है। आधुनिक अल्ट्रासाउंड-गाइडेड तकनीक, मिनिमली इनवेसिव (कम चीरा वाली) प्रक्रिया और सीमित स्टेरॉयड के उपयोग से यह क्लीनिक मरीजों को सस्ता, सुरक्षित और तेज इलाज मुहैया करा रहा है। फ्रोजन शोल्डर, जिसे चिकित्सकीय भाषा में एडहेसिव कैप्सुलाइटिस कहा जाता है, मरीज की दिनचर्या को बुरी तरह प्रभावित करता है। कपड़े पहनना, बाल बनाना या हाथ ऊपर उठाना जैसे रोजमर्रा के काम भी बेहद दर्दनाक हो जाते हैं।

# एलडीए की संपत्तियों के पंजीकरण पर अब दो बैंकों से मिलेगा लोन

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने नागरिकों की सुविधा के लिए एक और महत्वपूर्ण पहल की है। अब भूखंड, भवन, फ्लैट और व्यावसायिक संपत्तियों के लिए पंजीकरण धनराशि जमा करने को दो बैंकों से लोन की सुविधा मिल सकेगी। एलडीए ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के बाद अब सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ भी समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि इस व्यवस्था से संपत्ति खरीदने के इच्छुक आवेदकों के लिए पंजीकरण धनराशि की व्यवस्था करना आसान होगा। खासकर ऐसे नागरिक, जो एकमुश्त पंजीकरण धनराशि जमा करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें एलडीए की विभिन्न योजनाओं में संपत्ति के लिए आवेदन करने में सुविधा मिलेगी। साथ ही, आवेदकों को अपनी वित्तीय जरूरत के अनुसार बैंक का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि अभी तक बैंक संपत्ति आवंटित होने के बाद आवंटन पत्र के आधार पर शेष धनराशि के लिए लोन उपलब्ध कराते थे। पंजीकरण धनराशि के लिए इस तरह की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। नई व्यवस्था से इस वित्तीय बाधा को दूर करने में मदद मिलेगी और अधिक लोग एलडीए की संपत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकेंगे। एलडीए के वित्त नियंत्रक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि संपत्ति आवंटित होने के बाद आवंटन पत्र के आधार पर शेष धनराशि के लिए लोन लेने की प्रक्रिया भी सरल होगी। आवेदकों को दोबारा विस्तृत कागजी औपचारिकताओं से राहत मिलेगी और इससे समय की भी बचत होगी। वहीं, यदि किसी आवेदक को संपत्ति का आवंटन नहीं होता है तो बैंक के माध्यम से जमा की गई पंजीकरण धनराशि एलडीए द्वारा संबंधित बैंक को वापस कर दी जाएगी। इससे आवेदकों के हित सुरक्षित रहते हुए धनवापसी की प्रक्रिया को भी सरल और पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी।

# नन्हे चेहरों पर मुस्कान, फल, चॉकलेट और कपड़े मिले

## ईश वेलफेयर फाउंडेशन ने ब्लड कैंसर पीड़ित बच्चों की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ब्लड कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चों के बीच शनिवार को उस समय भावुक माहौल बन गया, जब ईश वेलफेयर फाउंडेशन की टीम वर्षा फाउंडेशन के एचएएल पहुंची।



ईश वेलफेयर फाउंडेशन के संरक्षक एवं उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने आश्रित बच्चों के बीच फल, चॉकलेट और आवश्यक राशन सामग्री वितरित की। बच्चों के साथ आत्मीयता से समय बिताया गया, जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान लौट आई और परिजनों को भी सहयोग व अपनत्व का भरोसा मिला। इस दौरान बच्चों के साथ आत्मीयता से समय बिताया गया, जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली और परिजनों को भी सहयोग व अपनत्व का भरोसा मिला। संस्था की ओर से 01 कुंतल 10 किलो आटा, 60 किलो चावल,15 किलो दाल,10 लीटार सरसों का तेल, चीनी दलिया 30 पैकेट टोस्ट सहित कापी, पेंसल बॉक्स सहित अन्य आवश्यक राशन सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती वीना बबोत जी के द्वारा तैयार किये गये 11 कैंसर पीड़ित बच्चियों को वस्त्र भेंट किए। संरक्षक एवं उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता केवल सामग्री उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। कठिन समय से गुजर रहे बच्चों और उनके परिवारों के बीच पहुँचकर उन्हें अपनत्व, भरोसा और हौसला देना भी सेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारा प्रयास है कि समाज के सहयोग से जरूरतमंदों तक मदद पहुँचती रहे और उनके चेहरों पर मुस्कान आती रहे।

इस अवसर पर अजहर जमाल द्वारा अपने मधुर धुनों से बच्चों को खूब हंसाया और बच्चों ने खूब एंजॉय किया। कार्यक्रम में जितेंद्र सिंह, सरिता सिंह, ज्योति खरे, नूतन वर्मा, एडवोकेट ऋचा मिश्रा, निवेदिता बोस, वीना बबोत, स्वप्नेश भरद्वाज, दीप्ति शर्मा, जीत बहादुर पुरी, देवेंद्र कुमार शुक्ला, सुभाष चंद्र मिश्रा, अमर सिंह, एस.के. पांडेय, संजय वर्मा, बी.के. सिन्हा, गिरीश कुमार सिंह, नीरज मिश्रा का सहयोग रहा।

# केजीएमयू डाक्टर पर निजी प्रैक्टिस के आरोप, जांच बैठी

**लखनऊ।** केजीएमयू के मेडिसिन विभाग में डॉक्टर और नर्सिंग ऑफिसर के बीच विवाद ने हंगामा खड़ा कर दिया है। डॉक्टर पर प्राइवेट प्रैक्टिस और नर्सिंग स्टाफ का वीडियो बनाने के आरोप हैं। इस मामले की जांच के लिए कुलपति ने पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। शुक्रवार को मेडिसिन विभाग में किसी बात को लेकर नर्सिंग ऑफिसर और डाक्टर के बीच नोकझोंक से हंगामा होने लगा। इसी दौरान डॉक्टर पर लगाए जा रहे विभिन्न आरोप भी सामने आए। आरोप है कि डॉक्टर डालीगंज सीतापुर रोड के निजी अस्पताल में प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं। विभाग की इंडोस्कोपी लैब में बाहरी व्यक्ति को बुलाकर मरीजों की जांच कराए जाने का भी आरोप है। कर्मचारियों के मुताबिक इंडोस्कोपी करने वाले व्यक्ति को डॉक्टर का रिश्तेदार बताया जा रहा है। हालांकि इन आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझाकर किसी तरह मामला शांत कराया।

# मध्यांचल में अनुरक्षण कार्य तेज, एमडी रख रहे नजर

## बिजली चोरी के खिलाफ जल्द चलेगा अभियान, ग्रामीण क्षेत्रों में नए बिजलीघरों से सुधरेगी आपूर्ति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमवीवीएनएल) ने आगामी दिनों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए अनुरक्षण कार्य तेज कर दिया है। 15 सितंबर से शुरू हुए विद्युत अनुरक्षण माह के तहत ट्रांसफार्मर, 33/11 केवी उपकेंद्रों, फीडरों, लाइनों और अन्य वितरण उपकरणों की जांच एवं मरम्मत का काम प्राथमिकता पर किया जा रहा है। प्रबंधन स्तर से इन कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति मिल सके। एमवीवीएनएल के प्रबंध निदेशक संदीप भागिया अनुरक्षण कार्यों की प्रगति पर नजर रख रहे हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जिन क्षेत्रों में बार-बार फाल्ट, ट्रिपिंग या लाइन संबंधी समस्या सामने आती है, वहां पहले से जरूरी कार्य पूरे कर लिए जाएं। इसके साथ ही खराब और कमजोर उपकरणों को चिन्हित कर उन्हें दुरुस्त करने पर जोर दिया जा रहा है। अनुरक्षण के दौरान ट्रांसफार्मरों की क्षमता, तेल, कनेक्शन, केबल और सुरक्षा उपकरणों की भी जांच की जा रही है।





**बिजली चोरी पर कसेगा शिकंजा :** राजस्व बढ़ाने और लाइन लॉस कम करने के लिए बिजली चोरी के खिलाफ भी जल्द व्यापक अभियान चलाने की तैयारी है। इसके लिए अधिक बिजली हानि वाले फीडरों और क्षेत्रों को चिन्हित किया जा रहा है। जांच टीमों द्वारा संदिग्ध कनेक्शनों की जांच के साथ ही मीटर और विद्युत उपयोग की स्थिति का सत्यापन किया जाएगा। विभाग का फोकस ऐसे क्षेत्रों पर रहेगा जहां तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियां अपेक्षाकृत अधिक हैं। अभियान के दौरान उपभोक्ताओं से अपील की जाएगी कि वे वैध कनेक्शन से ही बिजली का उपयोग करें और समय से बिल का भुगतान करें। अवैध कनेक्शन या बिजली चोरी मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**ग्रामीण क्षेत्रों में बनेंगे नए बिजलीघर :** मध्यांचल के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को मजबूत करने के लिए नए बिजलीघरों के निर्माण पर भी काम चल रहा है। नए उपकेंद्र तैयार होने के बाद संबंधित गांवों और आसपास के क्षेत्रों को इसका लाभ मिलेगा। इससे लंबी दूरी की लाइनों पर निर्भरता कम होने के साथ वोल्टेज में सुधार और फाल्ट होने की स्थिति में आपूर्ति बहाल करने में भी मदद मिलेगी।

प्रबंधन का जोर अनुरक्षण, बिजली चोरी पर नियंत्रण और नए बिजलीघरों के निर्माण को एक साथ आगे बढ़ाने पर है। इससे एक ओर जहां वितरण नेटवर्क मजबूत होगा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता सुधारने की उम्मीद है।

# बिजली कटौती पूरी तरह बंद हो अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी

**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संदीप बागिया ने अधिकारियों को बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के साथ अनावश्यक बिजली कटौती पूरी तरह बंद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एमडी ने अधिकारियों से कहा कि जिन क्षेत्रों में बार-बार बिजली कटौती, ट्रिपिंग या फाल्ट की शिकायतें आ रही हैं, वहां कारणों की तत्काल समीक्षा कर स्थायी समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली आपूर्ति में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई भी होगी। इसके लिए फीडरवार आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी और शिकायतों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने अनुरक्षण कार्यों को भी समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि उपकरणों में खराबी के कारण होने वाली कटौती को कम किया जा सके। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि फाल्ट की सूचना मिलने के बाद निर्धारित समय में आपूर्ति बहाल कराई जाए और उपभोक्ताओं को सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए। एमडी ने सोलर उपभोक्ताओं की समस्याओं को भी गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोलर कनेक्शन, मीटर, बिलिंग, नेट मीटरिंग अथवा अन्य तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। संबंधित अधिकारी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। प्रबंधन स्तर से इसकी नियमित समीक्षा की जाएगी।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नि.ख.-3, लो.नि.वि., सुलतानपुर**

पत्रांकः /4ए/2026-27 दिनांक :- ...........

**ई-टेण्डर निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि., सुलतानपुर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी-ए,बी,सी एवं डी क्लास में (जैसा लागू हो) मार्ग कार्य हेतु अर्ह ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नांकित कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिये निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह अर्हता के सम्बन्ध में नियम व शर्तों से अवगत हों ले।

| क्र. सं. | जनपद | मार्ग का नाम | निविदा की लागत (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | सुलतानपुर | अशरफपुर गांव में मेन रोड से बाबा कुटी तक लेपन के साथ विशेष मरम्मत का कार्य। | 21.00 | 2.10 |
| 2 | सुलतानपुर | विकास खण्ड बल्दीराय के अशरफपुर केदार मास्टर के घर से जयनारायण पाण्डेय के घर तक विशेष मरम्मत का कार्य। | 14.50 | 1.45 |

निविदा आनलाईन दिनांक 22.09.2026 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 29.09.2026 की दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 29.09.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा सम्बन्धी सभी शर्तें http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(रविन्द्र सिंह आर्य)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि., सुलतानपुर

UPID-256563 Date: 18.09.2026
Website : www.upgov.nic.in

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# डंपर की टक्कर से छात्र की मौत

● मलिहाबाद के मुजासा के पास हुआ हादसा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ-हरदोई राजमार्ग पर शनिवार सुबह मुजासा सुपर नर्सरी के पास तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से मॉर्निंग वॉक से लौट रहे 11वीं के छात्र की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

मलिहाबाद के बड़ी गढ़ी निवासी मोहम्मद आरिफ (20) शनिवार सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकला था। सुबह करीब साढ़े छह बजे वह वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान हरदोई की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने मुजासा सुपर नर्सरी के पास उसे पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर चोट लगने के कारण आरिफ की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को घटनास्थल से आरिफ का मोबाइल फोन मिला, जिसके आधार पर उसकी पहचान हुई और परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर हादसे को अंजाम देने वाले वाहन की पहचान करने में जुटी है।

आरिफ सफा पब्लिक स्कूल, मलिहाबाद में कक्षा 11 का छात्र था। वह नीट की तैयारी भी कर रहा था। स्कूल के बाद वह अपने पिता हनीफ के साथ पौधों की नर्सरी में भी काम में हाथ बंटाता था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पिता हनीफ, मां रेशमा बानो और बहनें सबा व सना का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

## जिला जेल में कैदी की मौत

**लखनऊ।** गोसाईगंज स्थित जिला जेल में बंद हत्या के प्रयास के आरोपी कैदी की शनिवार दोपहर मौत हो गई। मृतक की पहचान 56 वर्षीय ओंकार बाबा नागराज उर्फ जंगी लाल पुत्र पुत्ती लाल निवासी मुकरीम नगर, हसनगंज के रूप में हुई है। उसे हसनगंज पुलिस ने 25 अगस्त 2022 को जेल भेजा था। जेल प्रशासन के मुताबिक शनिवार दोपहर बैरक में अचानक तबीयत बिगड़ने से वह बेहोश होकर गिर पड़ा। जेल अस्पताल से उसे बलरामपुर अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी ने बताया कि प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से मौत की आशंका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## गोमती में युवक ने लगायी छलांग, तेज बहाव में डूबा

**लखनऊ।** गोसाईगंज के सुरियामऊ गांव में शनिवार को गोमती नदी में 30 वर्षीय युवक डूब गया। बताया गया कि गांव के मंदिर में भागवत कथा शुरू होने से पहले महिलाएं सुरियामऊ घाट पर कलश में जल भरने गई थीं। इसी दौरान गांव निवासी अंगनू घाट पर पहुंचा और नदी में छलांग लगा दी। मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकाल लिया, लेकिन कुछ देर बाद उसने फिर से छलांग लगा दी और तेज बहाव में बह गया। सूचना पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की। जलस्तर बढ़ा होने और तेज बहाव के चलते पता नहीं चला तो SDRF को बुलाया गया। देर शाम तक सर्च अभियान जारी था।



## 49.50 लाख हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में कूटरचित विक्रय विलेख के आधार पर दो भूखंड बेचकर 49.50 लाख रुपये हड़पने के मामले में बिजनौर पुलिस ने आरोपी इन्द्रजीत गिरी (58) को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। जबकि इस मामले में नामजद ममता और राम गोपाल की पुलिस तलाश कर रही है।

बताते चले कि बदाली खेड़ा निवासी पूनम पाल पत्नी वीर सिंह पाल ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की थी। जिसमें आरोप लगाया था कि परिचित राम कृपाल वर्मा के माध्यम से उनकी मुलाकात आशियाना एलडीए कॉलोनी निवासी इन्द्रजीत गिरी से हुई थी। इन्द्रजीत ने एलडीए कॉलोनी के सेक्टर-जी स्थित भूखंड संख्या एसएस-887 और एसएस-888 को अपना बताते हुए दोनों को 24.50-24.50 लाख रुपये में बेच दिया। दोनों की रजिस्ट्री 15 दिसंबर 2025 को सरोजनीनगर कार्यालय में हुई थी।

## स्कूल बस के इंजन में लगी आग, बच्चा झुलसा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इटौंजा क्षेत्रान्तर्गत स्कूल बस के इंजन में आग लग जाने से बच्चों में अफरा-तफरी मच गयी। इस दौरान बस से नीचे उतरते समय के एक बच्चे का हाथ बोनट से छू गया, जिससे उसका हाथ झुलस गया। सूचना पाकर दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बस पूरी तरह से जलकरनष्ट हो गयी। पुलिस ने घायल बच्चे को अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार केबाद परिजन बच्चे को अपने साथ ले गए। अन्य सभी बच्चे सुरक्षित हैं।



शनिवार को ग्राम जमखानवा से लगभग 25 बच्चों को लेकर शार्प ग्लोबल स्कूल, मानपुर इटौंजा जा रही फोर्स ट्रैवलर बस में ग्राम बगहा पुरवा के पास इंजन में आग लग गई। घटना के दौरान एक 05 वर्षीय छात्र का हाथ इंजन के गर्म बोनट से छू जाने के कारण झुलस गया। घायल बच्चे को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इटौंजा लखनऊ भेजा गया, जहां इलाज के बाद बच्चे को उसके परिजन साथ ले गये। बच्चों की उम्र लगभग 04 से 08 वर्ष के बीच है। बस के इंजन में लगी आग को मौके पर ही बुझा दिया गया। मौके पर शांति एवं कानून-व्यवस्था सामान्य है।

## जनरथ बस में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र के भूहर पुल के पास शनिवार को जनरथ बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी और आग लग गयी, जिससे मौकेपर अफरा-तफरी मच गयी। सूचना पाकर दमकलकर्मी व पुलिस मौक पर पहुंची और आग बुझाई। बस पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गयी। बताते हैं कि शनिवार को बुद्धेश्वर-दुबग्गा मुख्य मार्ग पर भूहर पुल के पास एक रोडवेज जनरथ बस डिवाईडर से टकराई और उसमें आग लग गई। मौके पर मौजूद लोगों ने



बताया कि जनरथ बस के डिवाइडर से टकराने के लगभग 02-03 मिनट बाद उसमें आग लग गई, जिससे बस में भीषण आग फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के समय बस में चालक एवं परिचालक बस में मौजूद थे, जो बस से उतरकर सुरक्षित बाहर निकल गए। बस में आग लगने की सूचना फायर सर्विस को दी गई, जिस पर फायर सर्विस की दो दमकल मौके पर पहुंचीं और फायर सर्विस ने कार्रवाई करते हुए आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया।

## 31 पीपीएस अधिकारियों के तबादले

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में 31 पीपीएस अधिकारियों के तबादले किए हुए हैं, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारी शामिल हैं। उन्नाव के एएसपी अखिलेश सिंह को हरदोई, सुभाष चंद्र गंगवार को एएसपी पीटीएस और मुकेश चंद्र मिश्रा को गोरखपुर भेजा गया है।

तबादला सूची के अनुसार उन्नाव के अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) अखिलेश सिंह को हरदोई का अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बनाया गया है। सुभाष चंद्र गंगवार को मुरादाबाद में अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) से एएसपी पीटीएस की जिम्मेदारी दी गई है। मुकेश चंद्र मिश्रा को बरेली से गोरखपुर का अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) बनाया गया है।

नितेश सिंह को गोंडा का अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है, जबकि राधेश्याम राय को अयोध्या (ग्रामीण) में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनाती मिली है। अयोध्या प्रसाद सिंह को गोरखपुर का अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) नियुक्त किया गया है। वहीं, योगेंद्र सिंह-1 को मीरजापुर का अपर पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

वहीं सुधीर जायसवाल को अयोध्या में अपर पुलिस अधीक्षक (प्रोटोकॉल/यातायात) की जिम्मेदारी दी गई है। पवन गौतम को कासगंज का अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। जितेंद्र कुमार दुबे को लखनऊ कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त से यूपीपीसीएल मुख्यालय लखनऊ में एएसपी के पद पर नई तैनाती मिली है। जोगेंद्र लाल को प्रयागराज कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त से यूपी-112 मुख्यालय एएसपी की तैनाती दी है। राघवेंद्र सिंह-1 को एएसपी एटीएस नियुक्त किया गया है। सुधीर कुमार को एएसपी खीरी (पूर्वी) नियुक्त किया है। महेश कुमार को एएसपी हापुड़ की जिम्मेदारी दी गई है।

तबादला सूची में कई अन्य अधिकारियों अर्चना सिंह-2, सन्तोष कुमार --3, राजकुमार सिंह, आलोक कुमार जायसवाल, सुशील कुमार गंगा प्रसाद, सीता राम, हिमांशु गौरव, बबिता सिंह, प्रेमचन्द्र, रचना मिश्रा, राहुल मिश्रा, इन्दुप्रभा सिंह, सच्चिदानन्द, अरुण चन्द्र, प्रकाश कुमार, पूनम सिराही व अनिल कुमार-2 को भी नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। इनमें पुलिस मुख्यालय, एटीएस, पीटीएस, एसएसएफ, ईओडब्ल्यू और राज्य मानवाधिकार आयोग समेत विभिन्न इकाइयों में तैनाती पाने वाले अधिकारी शामिल हैं। अधिकारियों को नई तैनाती पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## छेदाना हत्याकाण्ड में जांच ने ली रफ्तार, चार टीमें गठित

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र के खुर्रमपुर गांव में 65 वर्षीय छेदना गौतम की हत्या के मामले में पुलिस जांच की रफ्तार तेज हो गयी है। हत्यारों तक पहुंचने के लिए चार पुलिस टीमें लगाई गई हैं। इनमें सर्विलांस टीम, क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस की दो टीमें शामिल हैं। पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हत्या के पीछे लूटपाट का विरोध, जमीन विवाद समेत अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार सुबह छेदना का खून से लथपथ शव घर के बरामदे में चारपाई पर मिला था। पुलिस के मुताबिक महिला का गला चाकू से रेता गया था। मौके से दो चाकू भी बरामद हुए थे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस अब इन्हीं साक्ष्यों के साथ संदिग्धों से पूछताछ कर वारदात की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। जांच में मृतका के गले से सोने की चेन, कानों की झुमकी और पैरों की पायल गायब होने की बात सामने आई है। परिजनों ने हत्या के बाद गहने लूटे जाने की आशंका जताई थी। इसी आधार पर पुलिस लूटपाट के विरोध में हत्या किए जाने के बिंदु पर भी पड़ताल कर रही है। वहीं, जमीन विवाद को भी जांच के प्रमुख बिंदुओं में शामिल किया गया है। पुलिस मृतका के रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है। घटना से पहले और बाद में घर के आसपास आने-जाने वालों की जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही संदिग्ध मोबाइल नंबरों की लोकेशन और कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी संभावित पहलुओं पर जांच चल रही है।

## कैमरामैन लूट मामले में मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**लखनऊ।** दुबग्गा थाना क्षेत्र में कैमरामैन से हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए कथित मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर कैमरामैन को फर्जी सट्टा बुक कराने के बहाने सुनसान स्थान पर बुलाकर वारदात को अंजाम देने की साजिश रची थी। आरोपी की पहचान हर्षित श्रीवास्तव पुत्र राजीव कुमार श्रीवास्तव, निवासी जनरैलगंज, थाना ठाकुरगंज, लखनऊ के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक, 17 अगस्त 2026 की रात करीब 8:40 बजे एक कैमरामैन को फर्जी सट्टा बुक कराने के बहाने अज्ञात लोगों ने जिल्लापुर रोड (जेहटा) के सुनसान स्थान पर बुलाया था। वहां आरोपियों ने उसका कैमरा लूट लिया। मामले में पीड़ित मनीष भारती की तहरीर पर 18 अगस्त को थाना दुबग्गा में मुकदमा संख्या 0248/2026 दर्ज किया गया था।

घटना के खुलासे के लिए पुलिस उपायुक्त पश्चिमी और अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिमी के निर्देशन में तथा सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी के पर्यवेक्षण में दुबग्गा पुलिस और सर्विलांस टीम को लगाया गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 25 अगस्त को चार आरोपियों हेमंत सोनकर, सार्थक पाण्डेय, अजय कुमार और कुलदीप मिश्रा को गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार, उनके कब्जे से लूटा गया कैमरा और कैमरे के उपकरण तथा घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद की गई थी।

पुलिस का दावा है कि जांच के दौरान हर्षित श्रीवास्तव की भूमिका घटना के षड्यंत्रकारी के रूप में सामने आई। वह घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने 19 सितंबर को कूड़ा चौराहे के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के कब्जे से एक स्कूटी और 560 रुपये नकद बरामद हुए हैं।

## महिला डॉक्टर को अश्लील फोटो व वीडियो भेजा

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के अर्जुनगंज स्थित एक निजी अस्पताल में महिला डॉक्टर से अश्लील हरकत का मामला सामने आया है। पीड़िता एमबीबीएस डॉक्टर हैं और नीट-पीजी की तैयारी कर रही हैं। अधिवक्ता विमलेश निगम के माध्यम से दी गई तहरीर में बताया कि टोरेंट फार्मास्युटिकल्स कंपनी में टफ के पद पर तैनात आनंद प्रताप सिंह ने 27 अगस्त की रात करीब 11 बजे उनके व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक फोटो-वीडियो और अश्लील मैसेज भेजे। पीड़िता ने चैट के स्क्रीनशॉट सुरक्षित होने की बात कही है।

## युवती को ब्लैकमेल करने का आरोप

**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र में शादी से इन्कार करने पर युवती को ब्लैकमेल करने और जान से मारने की धमकी देने और इंटरनेट मीडिया पर बदनाम करने का आरोप। पीड़ता ने काकोरी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, काजल रावत पुत्री हीरा लाल रावत निवासी कालिया खेड़ा ने बताया की अशोक रावत पुत्र ऊदन रावत निवासी शाहपुर का रहने वाला है पिछले करीब तीन वर्षों से उससे बातचीत करता था। आरोपी ने युवती पर शादी करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। शादी से इन्कार करने पर आरोपी ने फोन कर युवती से उसके भाई-बहनों और माता-पिता को जान से मारने की धमकी दी।

## विवाहिता ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र के बुद्धेश्वर निवासी अंजली सिंह ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना पारा मे लिखित तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंजली सिंह निवासी बुद्धेश्वर ने बताया की शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में पांच लाख रुपये नकद और स्कॉर्पियो-एन कार की मांग कर रहे हैं। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार किया जाता है। पीड़िता ने सास मीना सिंह, ससुर ओम प्रकाश सिंह, पति अजय सिंह और ननद अनू सिंह पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

## गणेश चतुर्थी, नवरात्रि स्पेशल प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ



**लखनऊ।** गणेश चतुर्थी/नवरात्रि स्पेशल के पावन अवसर पर कैसरबाग स्थित सफेद बारादरी में न्यू क्राप्ट सिल्क इंडिया प्रदर्शनी 2026 का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती नम्रता पाठक के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे संकल्प सेवा अभियान के तहत न्यू क्राफ़्ट इंडिया परिवार न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर अंकुर गुप्ता ,शक्ति बाजपेई फाउंडर/अध्यक्ष रत्नागिरी सेवा संस्थान व शहर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। प्रदर्शनी में बनारसी, चंदेरी, कांजीवरम और टसर सिल्क जैसे पारंपरिक वस्त्रों के साथ आधुनिक डिजाइन के आकर्षक परिधान भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा कश्मीरी प्योर क्रेप की साड़ियां, प्योर सिल्क मार्क अप्रूव्ड साड़ियां तथा कई विशेष हैंडलूम उत्पाद भी प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण बने हुए हैं। प्रदर्शनी में आए आगंतुकों ने यहां उपलब्ध वस्त्रों की गुणवत्ता, डिजाइन और विविधता की सराहना की।

## गेट ड्यूटी पर टोका तो बाउंसर ने सलाहकार को पीटा

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र स्थित तुलसीयानी कंस्ट्रक्शन कंपनी के कार्यालय में सलाहकार से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित मनीष कुमार दुबे मूल रूप से कुशीनगर के रामकोला थाना क्षेत्र के उर्दहन दुबौली गांव के निवासी हैं। वर्तमान में वह पैराडाइज क्रिस्टल अपार्टमेंट, सुशांत गोल्फ सिटी में रहते हैं और कंपनी में सलाहकार हैं।

आरोप है कि शुक्रवार को कार्यालय में तैनात बाउंसर अमित कुमार निवासी रामासरे पुरवा, खरगापुर ड्यूटी छोड़कर घूम रहा था। टोकने पर उसने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और सिर पकड़कर दीवार में लड़ा दिया। शोर सुनकर कर्मचारी आशीष समेत अन्य लोग पहुंचे और बीच-बचाव किया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## लुटेरे बस परिचालक का रुपयों से भरा बैग छीन हुए फरार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित आलमबाग अंतरराज्जीय बस अड्डे के बाहर शुक्रवार रात दो बेखौफ बाइक सवार अज्ञात लुटेरे बस में सवारी बैठा रहे परिचालक का सरेराह पैसों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को देकर स्थानीय थाने में लिखित तहरीर दी। पीड़ित की तहरीर पर शनिवार मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्यवाही में जुटी है।

मूलरूप से जनपद सुल्तानपुर के बलदीराय थाना अंतर्गत रैचा सरयू पण्डित का पुरवा के रहने वाले उत्तर प्रदेश परिवाहन निगम परिचालक भानू प्रकाश मिश्रा की माने माने तो वह बस संख्या यूपी 78 केटी 7922 को कानपुर से लेकर सुल्तानपुर जा रहे थे ।शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे वह आलमबाग बस स्टेशन के बाहर बस में सवारी बैठा रहे थे, इसी दौरान बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाश आए और पैसों से भरा बैग छीन कर फरार्टा भरते मौके से भाग निकले।

आरोप है कि उनके बैग में लगभग 10 हजार रुपये की नगदी समेत टिकट मशीन, टिकट आफटेक, परिचालक आई-कार्ड व आधार कार्ड समेत एटीएम कार्ड था। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को देकर स्थानीय आलमबाग थाने में लिखित तहरीर दी। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक आलमबाग ने बताया पीडित बस परिचालक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल बाइक सवार बदमाशों की तलाश मे चार टीमें लगाई गई है।

## गैस कनेक्शन कटने के नाम पर खाते से निकाले 2.92 लाख

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में साइबर जालसाजों ने बीते दिनों गैस कनेक्शन कटने से बचाने के नाम पर एक व्यक्ति के खाते से 2.92 लाख रुपये पार कर दिए। खुद के साथ ठगी होने की भनक लगने पर पीड़ित ने इसकी शिकायत साइबर सेल में की।

सरोजनीनगर के भूकंत विहार स्थित एडब्ल्यूएचओ कॉलोनी, शहीदपथ ट्रांसपोर्ट नगर निवासी यश रजानी के मुताबिक उनके मोबाइल पर 10 सितंबर को व्हाट्सएप नंबर से मैसेज आया। जिसमें मैसेज करने वाले ने गैस कनेक्शन कटने से बचाने के लिए दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल कर बिल अपडेट कराने को कहा। यश का कहना है कि उसने मैसेज में दिए नंबर पर संपर्क किया तो कॉल रिसीव करने वाले जालसाज ने उसे ग्रीन गैस का ऐप इंस्टॉल कराया। ऐप इंस्टॉल करने के कुछ देर बाद ही बैंक खाते से 2.20 लाख रुपये और 72,859.69 रुपये की निकासी हो गई।

## कार्यशाला में गूंजी लोक और शास्त्रीय संगीत की स्वर-लहरियां



**लखनऊ।** संस्कार भारती, अवध प्रांत द्वारा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में वंदे मातरम प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय लोक से शास्त्र तक : वंदे मातरम की सांस्कृतिक गाथा रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यशाला में प्रो. संगीता श्रीवास्तव, डीजी पीजी कॉलेज, कानपुर एवं प्रसिद्ध कथक कलाकार, ने अपने व्याख्यान एवं प्रदर्शन के माध्यम से भारतीय लोक परंपरा, शास्त्रीय संगीत और वंदे मातरम की सांस्कृतिक यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि लोकधुनों से लेकर शास्त्रीय संगीत और नृत्य तक भारतीय कला परंपरा में राष्ट्रभावना की सशक्त अभिव्यक्ति देखने को मिलती है। कार्यक्रम में संगीत की प्रस्तुति के माध्यम से स्वर, लय और ताल के सुंदर समन्वय को भी प्रस्तुत किया गया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यशाला में सहभागिता की तथा भारतीय संगीत एवं नृत्य की सांस्कृतिक परंपराओं को समझा। इस अवसर पर विभा सिंह, मंचीय कला विभाग संयोजिका, अवध प्रांत एवं उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने कहा कि वंदे मातरम भारत की सांस्कृतिक चेतना, मातृभूमि के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय एकता की भावना का सशक्त प्रतीक है। लोक से शास्त्र तक भारतीय कला की यात्रा हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दशार्ती है। ऐसी कार्यशालाएँ युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों और भारतीय संस्कृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

## युवक पर लाठी-डंडों से हमला

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र के आलमनगर निवासी अजय गुप्ता उर्फ पिंटू गुप्ता पर लाठी-डंडों से हमला कर दबंगों ने घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद समेत पांच-छह अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अजय गुप्ता उर्फ पिंटू गुप्ता पुत्र महावीर प्रसाद निवासी आलमनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 सितंबर को जाहिद नगर, भपटामऊ से अपने घर आलमनगर लौट रहे थे। रास्ते में जाहिद नगर निवासी शबु, दाऊद, सलीम उर्फ पनीया और पांच-छह अज्ञात लोगों ने उन्हें रोक कर उनके साथ मारपीट की।

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पासपोर्ट में मेरा अयन कनोजिया पुत्र राम कुमार व माता का नाम नीलम देवी दर्ज है जबकि शैक्षिक अभिलेखों व आधार कार्ड में अयन कनोजिया पुत्र राम कुमार कनोजिया व माता का नाम नीलम कनोजिया दर्ज है।

## डॉ. राजेश्वर ने केंद्रीय विधि मंत्री से भारतीय सिविल रॉन्ग्स एवं क्षतिपूर्ति संहिता लाने का किया आग्रह

● सरोजनीनगर के विधायक ने पीड़ितों को क्षतिपूर्ति सुनिश्चित करने वाले कानून की मांग की

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को पत्र लिखकर व्यापक टॉर्ट कानून, भारतीय सिविल रॉन्ग्स एवं क्षतिपूर्ति संहिता लाने का आग्रह किया है। इसका उद्देश्य लापरवाही अथवा अन्य नागरिक क्षति से प्रभावित प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध और उचित क्षतिपूर्ति सुनिश्चित करना है। औपनिवेशिक आपराधिक कानूनों के स्थान पर BNS, BNSS और BSA लागू किए जाने के बाद अब पीड़ितों को क्षतिपूर्ति देने वाले सिविल कानूनों में भी सुधार आवश्यक है। दोषी को दंड देना पर्याप्त नहीं है, जिस व्यक्ति को नुकसान हुआ है, उसके जीवन को यथासंभव पुनर्स्थापित करना भी न्याय का हिस्सा होना चाहिए।

श्री सिंह ने कहा कि प्रथम विधि आयोग ने पहली रिपोर्ट में ही वर्ष 1956 में राज्य की दायित्व-निर्धारण व्यवस्था पर कानून बनाने की सिफारिश की थी। वर्ष 1965 और 1967 में पेश किए गए विधेयक आगे नहीं बढ़ सके। आज भी भारत में सिविल रॉन्ग्स के संबंध में कोईकानून नहीं है।

वर्ष 2023 में भारत में 4.8 लाख से अधिक सड़क दुर्घटनाएं और 1.72 लाख मौतें दर्ज की गईं। इसके बावजूद गड्ढों, खुले नालों अथवा खराब डिजाइन जैसी लापरवाहियों के लिए सड़क एजेंसियों और ठेकेदारों की जवाबदेही सीमित रहती है। नवंबर 2025 तक साइबर फ्रॉड में लगभग रु. 20,000 करोड़ की राशि के नुकसान की बात सामने आई, जिसमें रु. 8,000 करोड़ ही बचाया या फ्रीज किया जा सका। डेटा ब्रीच के पीड़ितों के लिए भी क्षतिपूर्ति का वैधानिक अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा कि यूके, अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, जापान और चीन में राज्य तथा निजी संस्थाओं द्वारा होने वाली क्षति के लिए दायित्व तय करने वाले कानूनी ढांचे मौजूद हैं। यह व्यवस्था सुप्रीम कोर्ट के LDA v. M.K. Gupta जैसे स्थापित न्यायिक सिद्धांतों के अनुरूप हो सकती है। डॉ. सिंह ने इस विषय को भारतीय विधि आयोग को भेजकर समयबद्ध रिपोर्ट प्राप्त करने तथा इसके बाद विशेषज्ञ समिति और राष्ट्रव्यापी परामर्श की प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया है।

## राजनीति उपहास का मंच नहीं, पवित्र दायित्व है

**लखनऊ।** उप्र में नेताओं को बदनाम करने के लिए AI-निर्मित वीडियो और Deepfake के इस्तेमाल की खबरों पर सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। समाजवादी पार्टी कार्यालय में ऐसी सामग्री के खुलेआम प्रदर्शन की खबरों को उन्होंने सार्वजनिक जीवन की गरिमा के लिए चिंताजनक बताया। डॉ. सिंह ने कहा कि किसी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की छवि धूमिल करने के लिए Deepfake का प्रयोग कोई राजनीतिक रणनीति नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद को कमजोर करने वाला कृत्य है। राजनीति में नीतियों पर असहमति, कार्यों पर सवाल और उपलब्धियों के दावों को चुनौती दी जा सकती है।

डॉ. सिंह ने केंद्रीय कानून मंत्री से स्पष्ट नागरिक उपचार, क्षतिपूर्ति और जवाबदेही के प्रावधानों वाला भारतीय सिविल अपकृत्य एवं क्षतिपूर्ति संहिता लाने का आग्रह किया है, ताकि तकनीक का उपयोग नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए होना चाहिए, उन्हें भ्रमित करने के लिए नहीं। डॉ. सिंह ने सभी राजनीतिक दलों और उनके समर्थकों–अपने समर्थकों सहित–से अपील की कि ऐसी सामग्री को न बनाएं, न साझा करें, उसकी शिकायत करें और उसे अस्वीकार करें।

## युवाओं को भारत की आत्मनिर्भर शक्ति बनना होगा

**लखनऊ।** अमेरिका द्वारा ग्राहम एक्ट को कानून बनाए जाने पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि यह भारत के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक और रणनीतिक चेतावनी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को भारत की आत्मनिर्भर शक्ति बनना होगा। इसका प्रभाव भारत के व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, एमएसएमई और रोजगार पर पड़ सकता है। डॉ. सिंह ने कहा कि भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है और रूसी कच्चे तेल ने हाल के वर्षों में भारत की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं, अमेरिका भारत के प्रमुख निर्यात बाजारों में है। इंजीनियरिंग, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल्स और केमिकल्स जैसे क्षेत्रों पर अतिरिक्त व्यापारिक दबाव का असर उद्योगों, एमएसएमई और रोजगार पर पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि युद्ध, टैरिफ और प्रतिबंधों का असर केवल सरकारों तक सीमित नहीं रहता। ऊर्जा और व्यापार लागत बढ़ने का प्रभाव परिवहन, विनिर्माण, कृषि और अंततः आम नागरिक की जेब तक पहुंच सकता है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, भारत ने इन संघर्षों को शुरू नहीं किया है, लेकिन उनके आर्थिक परिणाम हम तक पहुंच सकते हैं।

## खाते से लाखों उड़ाये

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र के एलडीए कॉलोनी सेक्टर - जी में रहने वाले बुजुर्ग के बैंक खाते से साइबर जालसाजों ने लाखों की नगदी उड़ा ली । आशियाना थाना क्षेत्र अंतर्गत एलडीए कॉलोनी सेक्टर - जी में रहने वाले शशि भूषण कालड़ा के खाते से जालसाज ने 4.65 लाख पार कर दिये।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र–01**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजी / वाराणसी द्वारा खुली ई–निविदा सूचना सं0 एनईआर–बीएसबी–2026–123 दिनांक 28.08.2026 के अन्तर्गत कार्य की निविदा जो 22.09.2026 को बन्द होनी है। को 29.09.2026 तक बढ़ाई जाती है। उपरोक्त शुद्धि पत्र भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।

मुजाधि / डब्लू–345
मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजी / वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें

**कार्यालय नगर पंचायत निघासन, जनपद लखीमपुर-खीरी**


पत्रांक. 634/न.पं.नि./नि.सू. –15वां वित्त/2026–27 दिनांक –18/09/2026

**अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रान्ट) द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक-28/09/2026 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र **https://etender. up.nic.in** पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक-21/09/2026 से दिनांक-28/09/2026 तक अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकरी के लिए कृपया वेब साइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत निघासन
लखीमपुर-खीरी

अध्यक्ष
नगर पंचायत निघासन
जनपद-खीरी



गणेश उत्सव का विहंगम दृश्य



गणेश उत्सव में नृत्य करतीं महिलाएं



बप्पा की मूर्ति का विसर्जन करने जाते श्रद्धालु

फोटो– अमित वर्मा

# गणेश उत्सव : भगवान गणेश को 56 भोग समर्पित किया गया



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भक्तों के जीवन से करते हैं दुखों का नाश, गणपति के दरबार में पूरे होते हैं सबके काज इस भावना संग सड़कों पर आस्था विश्वास संग नाचते गाते गणेश जी के भक्त विसर्जन यात्रा में शामिल हुए वहीं दूसरी ओर कहीं बप्पा को भक्तों ने छप्पन भोग लगाया तो कहीं रुद्राभिषेक कराया।एक ओर फूलों से सजे पंडाल बप्पा की सुन्दरता सबको उनकी ओर आकर्षित कर रही थी तो वहीं दूसरी ओर बप्पा प्रेमियों की खुशी उनके उत्साह में नजर आ रही थी।विधिविधान से पूजा अर्चना संग मंदिरों और पंड़ालों में सुबह भक्तों का तांता लगा रहा तो वहीं शाम होते सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भजनों, नृत्यनाटिका को देख भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। पंडाल में शनिवार को भक्तों ने बप्पा के चरणों में सिर झुका उनका आशीर्वाद लिया। भक्ति से भरे भजनों की रसधार प्रस्तुति सुन हाथों में करताल लिए भक्त झूमते दिखे।

**राधा अष्टमी पर सजी राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी :**भक्ति, आस्था और भव्यता के अनूठे संगम के बीच श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका (हनुमान सेतु के पास) में आयोजित गणेशोत्सव का छठा दिन शनिवार को अविस्मरणीय बन गया। अवसर था राधा अष्टमी का और इस पावन तिथि पर बप्पा के दरबार में 'मनौतियों के राजा' को 56 भोग अर्पित किया गया।साथ ही, श्री राधा-कृष्ण की अलौकिक व सुंदर झांकी सजाई गई, जिसने हर श्रद्धालु का मन मोह लिया।

छप्पन भोग उत्सव की भव्यता देखते ही बन रही थी।कमेटी के 351 परिवारों ने इसमें अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। हाथों में छप्पन भोग से सजी थालियां थामे महिलाएं, पुरुष और बच्चे ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते बप्पा के दरबार पहुंचे। जैसे ही भगवान को भोग अर्पित किया गया, पूरा पंडाल ₹गणपति बाप्पा मोरया₹ और ₹मनौतियों के राजा₹ के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।इस दौरान कोलकाता से आए प्रसिद्ध भजन गायक संजय शर्मा ने अपने मधुर कंठ से ₹छप्पन भोग का थाल सजाकर लाए... और ₹बप्पा खा ले रे जरा छप्पन भोग धरा... जैसे भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमने लगे।आस्था के इस महासंगम में अनेक गणमान्य जनों व श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, पार्षद रंजीत सिंह, जय करन सिंह, अखिलेश बंसल, संजय सिंह गांधी, गोपाल अग्रवाल, सुधांशु बाथम सहित महिला मण्डल से संध्या बंसल, उषा अग्रवाल, रुक्मणी अग्रवाल, अंशु बंसल, विमी बंसल, नेहा बंसल, नीरजा सिंह, अंजू गुप्ता, अनुराधा गोयल व कविता अग्रवाल समेत भारी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

**सांस्कृतिक संध्या में राधे-कृष्ण के रास की छटा:** संध्या काल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उत्सव के आनंद को दोगुना कर दिया।राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में प्रस्तुत की गई 'राधा-कृष्ण रास' की सजीव व मनमोहक झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस दिव्य दृश्य के बीच जब संजय शर्मा ने प्रसिद्ध भजन राधे तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए... छेड़ा, तो पूरा पंडाल राधा रानी और गणपति के भक्ति रस में डूब गया।

**बप्पा का हुआ विशेष शृंगार:** ऑस्कर योग साई कृपा सेवा संस्थान के तत्वाधान में चल रहा शिवाजी मार्ग हीवेट रोड पर श्री श्री गणेशोत्सव में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को सुबह उत्सव में शिवाजी मार्ग के राजा गणपति बप्पा का भव्य शृंगार किया गया और भक्तों ने गणपति बप्पा मोरिया के जयकारा लगाये। उसके बाद भक्तगणों की उपस्थिति में आरती राहुल जैन ने की।उत्सव में शिवाजी मार्ग लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोपाल दीक्षित, सुनील अग्रवाल, अमित अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल सुबह के गणपति बप्पा को देसी घी, दही, दूध ,पंचमी मेवा का भोग लगाया ।इसके बाद सहस्त्रनाम का पाठ किया गया। कार्यक्रम आयोजक गणेश शंकर पवार ने बताया उत्सव में शाम को सिद्धिविनायक मुंबई की भव्य आरती के वक्त भक्तों की संख्या शिवाजी मार्ग के राजा दर्शन करने के लिए बढ़ती जा रही है।उत्सव में शिवाजी मार्ग लखनऊ व्यापार मंडल के व्यापारी भी बढ़-चढ़कर दिन-रात शिवाजी मार्ग राजा की सेवा में लगे रहते हैं।

**गजानन मेरे देवता:** गजानन मेरे देवता, गणपति बप्पा मोरया जैसे भजनों की प्रस्तुति जब उत्तम एंड पार्टी ने दी तो हाथों में करताल लिए भक्त थिरकते नजर आए। यह नजारा यहियागंज में श्री गणेश युवा मंडल की ओर से आयोजित गणेश उत्सव में देखने को मिला। सुबह बप्पा के पंडाल में पूजा अर्चना की गई जिसके बाद शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, महामंत्री आशुतोष शर्मा, अशोक कुमार, अनुराग, शंशाक समिति के सदस्यों संग भक्त मौजूद रहे।

**बप्पा के दरबार में गूँजे भजन, भंडारे में भक्तों ने चखा प्रसाद:** पल्टन छावनी सेक्टर - ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में चल रहे सात दिवसीय श्रीगणेश उत्सव के छठे दिन शनिवार को बप्पा के दरबार में भण्डारे का आयोजन किया गया।बारिश में भी भक्तों का उत्साह दिखा और जमकर झूमे। संध्या आरती के पश्चात बप्पा को भोग चढ़ाया गया।कन्याओं को भोजन कराने के पश्चात आयोजित भंडारे में भक्तों ने पूड़ी, सब्जी, छोला, चावल, बूंदी का प्रसाद चखा। वहीं बप्पा के दरबार में महिलाओं ने भजनों को प्रस्तुत कर माहौल भक्तिमय कर दिया। 21 सितंबर को हवन, पूजन, आरती के पश्चात शोभायात्रा संग विसर्जन होगा।इस मौके पर सोनी पाण्डेय, अनुपम, सुनीता, किरण पाल, रश्मि श्रीवास्तव, शिखा, संध्या, पूजा, अजय कुशवाहा, राजकुमार, कुलदीप, मनीष, विजय, महिपाल सिंह, शम्भू शरण वर्मा सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद थे।

**ऑस्कर योग सांई कृपा सेवा समित में हुआ गणेश पूजन:** ऑस्कर योग साँई कृपा सेवा संस्थान द्वारा आयोजित 17 वें श्री श्री गणेश महोत्सव में शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शिवा जी मार्ग के राजा विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी।इसमें प्रमुख रूप से राहुल जैन ,चंद्रिका प्रसाद, अमरीश अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, सुनील अग्रवाल ,आर्यन अग्रवाल, आनंद प्रजापति, गणेश शंकर पवार इन सब लोगों ने मिलकर आज सुबह का श्रृंगार आरती किया । इसके बाद 1008 नाम के साथ दुर्वाभिषेक किया गया पंडित शिवम शुक्ला द्वारा मंत्र उच्चारण से किया।आयोजक गणेश शंकर पवार ने बताया शिवाजी मार्ग के राजा गणपति महाराज छोटे बच्चों से लेकर बड़ों तक में आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं।पूजा अर्चना के साथ अन्य विविध कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है, जो की आकर्षण का केंद्र बना रहता है।महोत्सव प्रबंधक सुमन ने बताया देर शाम महा आरती में सिध्दीविनायक आरती व सुंदरकांड में स्थानीय लोगों के अलावा अन्य क्षेत्रों से भी लोग भाग लेते हैं।

**विदा नहीं होंगे गणपति:** गणपति शुभ संस्कार समिति द्वारा बड़ा शिवाला रानी कटरा में आयोजित श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह में इस बार गणपति विदा नहीं होंगे। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडे ने बताया कि इस बार 6 दिन मेटल की मूर्ति का पूजन हुआ है। कल गणपति नगर भ्रमण पर निकलेंगे। समिति के महामंत्री रिद्धि किशोर गौड़ ने बताया दोपहर 12 बजे हवन के उपरांत 2 बजे गणपति शोभायात्रा चौपटिया से प्रारंभ होकर चौक होते हुए कुड़िया घाट पहुंचेगी, वहां गणेश जी का गोमती की जल से स्नान कराया जाएगा और भंडारे के उपरांत गणपति वापस मंदिर आ जाएंगे। उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल के अनुसार गणपति अगर विदा कर देंगे तो हम लोग दीपावली पूजन कैसे करेंगे किसी भी मांगलिक कार्य से पहले हम लोग गणपति पूजन करते हैं इसलिए इनको विदा करना ठीक नहीं। आज बड़ा शिवाला में 9 यजमानों ने पंडित गिरजा शंकर दीक्षित के सानिध्य में विधि विधान से पूजन किया।

## विसर्जन यात्रा : घाटों पर गूंजा गणपति बप्पा मोरया...





**लखनऊ।** कोई सिर पर भगवान गणेश की मूर्ति को उठाए गणपति बप्पा मोरया... के उद्घोष के साथ चला जा रहा था तो कोई अपनी गोद में मंगलमूर्ति लिए जयकारा लगाते पहुंचा। वाहनों में सवार होकर गणपति की मूर्ति के साथ तो कोई कार में ही अपने गणेशा को लेकर पहुंचा। चारों ओर गाजे-बाजे की धुन पर थिरकते भक्त गजानन को विदा करने आए थे। यह नजारा था झूलेलाल घाट का जहां शनिवार को पूजा पंडालों व घरों में पूजन के बाद गणपति को विसर्जन के लिए लेकर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची। सुबह से शाम तक गणपति को विसर्जित करने के लिए घाटों पर लोग पहुंचते रहे। दोपहर से पहले बादलों की लुकाछिपी के बीच भक्त उमस से परेशान रहे तो दोपहर बाद रुक -रुक कर धीमी व तेज बौछारों ने गजानन के भक्तों को तर-बतर कर मौसम को खुशनुमा कर दिया। घाटों पर गजानन को धूप, दीप, आरती से पूजन कर मोदक का भोग लगाया गया।इसके बाद भक्तों ने उन्हें गोमती में विसर्जित किया।

**घरों से आए बप्पा के हुए विसर्जन:** पूजा पंडालों के अलावा घरों में विराजे गजानन भी भक्तों ने परिवार केसाथ आकर विसर्जित किए।महाराष्ट्र समाज के बप्पा का विसर्जन देर शाम झूलेलाल वाटिका पर हुआ। बैंड झांकी के साथ नरही के बप्पा भी विसर्जित हुए। राजाजीपुरम में विराजे बप्पा को लेकर भक्त विसर्जित करने पहुंचे। विसर्जन स्थल पर भक्तों ने लोगों को रोककर प्रसाद बांटा।इस दौरान लोगों ने बप्पा के साथ खूब सेल्फी लीं।शाम को आलमबाग से आई प्रतिमा के विसर्जन को लेकर मुख्य घाट पर नाविकों के दल में कहासुनी भी हुई।

**विसर्जन से पहले हुआ हवन एवं पूजन:** गणेश उत्सव के छठे दिन शनिवार को भी राजधानी लखनऊ में मूर्तियों के विसर्जन का दौर चलता रहा। श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में भक्तों के बीच विराजमान रहने के पश्चात विघ्नहर्ता गणेश अपने धाम को वापस लौटने के लिए चल पड़े। गणेश प्रतिमा विसर्जन से पूर्व पुजारियों ने मंगलमूर्ति की वैदिक मंत्रोच्चार से हवन एवं पूजन कर भक्तों के हाथों में रक्षासूत्र बांध यजमान जनों ने प्रसाद वितरित किया। गणेश प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा में गणेश प्रतिमा को फूलों की मालाओं एवं सिंदूर से अलौकिक श्रृंगार करके वाहन पर रखा गया, ढोल-नगाड़े की धुनों एवं गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारे के बीच भगवान गणेश को रंग-गुलाल वर्षा करते हुए इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए भक्तजन झूमते-नाचते हुए कुड़िया घाट विसर्जन स्थल के लिए निकल पड़े।कुडिया घाट विसर्जन स्थल पर धूमधाम से गणेश प्रतिमा का विसर्जन करके सभी के लिए सुख समृद्धि की मनोकामना मंगलमूर्ति से की।

**गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजा केजीएमयू चौराहा:** मां आंचल सेवा समिति की ओर से केजीएमयू के गेट नंबर 2 के बगल में मेडिकल कॉलेज चौराहा पर गणेश प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर के मंहत विशाल गौड़, अखिल भारतीय पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा उपस्थित थे। मंहत विशाल गौड़ ने बताया कि धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि इनके माध्यम से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, सेवा और सद्भाव की भावना को मजबूत करना भी है। प्रतिमा विसर्जन से पूर्व पूजा अर्चना के बाद पुरोहित के स्वाहा मंत्रोच्चार पर यजमान जनों ने हवन सामग्री की आहूति अग्निकुंड में डाल भगवान गणेश की आराधना करते हुए परिवार, समाज और देश की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। गणेश प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर समिति की ओर से विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, राहगीरों एवं स्थानीय लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। समिति के कार्यकताओं ने सेवा भाव के साथ लोगों को छोला, कढ़ी, चावल एवं पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरित किया। भंडारे के पश्चात गणेश प्रतिमा विसर्जन भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें मनौतियों के राजा का रंग-बिरंगे फूलों एवं सिंदूर से श्रृंगार कर रथ पर रखा गया।ढोल नगाड़ों की धुनों एवं गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना..., एक दो तीन चार गणपति महाराज की जय जयकार के जयघोष के बीच मनौतियों के राजा को अबीर गुलाल, पुष्प वर्षा करते एवं झूमते नाचते भक्तों की टोली मेडिकल कॉलेज चौराहे से प्रतिमा विसर्जन स्थल कुड़िया घाट की ओर प्रस्थान हुई।शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर नजर आए। गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना... के जयघोष के साथ मनौतियों के राजा को विदा किया गया।

# ढोल, मृदंग व मंजीरों की धुन पर मनी राधा अष्टमी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।**इस्कॉन मंदिर, बांसमंडी स्थित श्री श्री गौर राधा कृष्ण मंदिर, पुराने इस्कॉन मंदिर, माधव मंदिर में धूमधाम से राधा अष्टमी का त्यौहार मनाया गया।इस अवसर पर नाट्य प्रस्तुति दी गयी, जिसमे राधा रानी के जीवन दर्शन को दर्शाया।राधा रानी के चरण दर्शन के साथ भक्तों ने भोग प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर की वरिष्ठ सदस्या तथा कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि भाद्रपद अष्टमी पर बरसाने वाली राधे मां का जन्मदिन भव्यता से मनाया गया। सुबह 4:30 बजे मंदिर के पट खुलते ही मंगला आरती, तुलसी आरती, श्रंगार आरती की गई।

राधा रानी का फूलों से श्रंगार किया गया। दूध, दही, घी और शहद इत्यादि से राधा रानी का अभिषेक किया गया।इसके बाद शुरू हुए महाकीर्तन में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।वृंदावन में राधे राधे, बरसाने वाली राधे जैसे भजनों के बीच ढोल, मृदंग और मंजीरों के मधुर संगीत से राधाकृष्ण का सुमिरन किया गया।12:30 बजे राधा जी का महाअभिषेक किया गया इसके बाद प्रभु जी को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया गया जिसमें 56 से अधिक व्यंजनों का भोग भगवान को लगाया गया।इसके बाद राजभोग महाआरती की गई। तत्पश्चात विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**द्वादश ज्योर्तिलिंग मंदिर में मना राधारानी का जन्मोत्सव :** मंदिर के पुजारीने बताया कि सुबह 10 बजे श्रद्धालु भक्तो ने सामूहिक हरिनाम कीर्तन किया इसके बाद 11 बजे युगल सरकार के चरणों 56 प्रकार का भोग अर्पण किया गया। महिलाओं ने सुंदर सुंदर भजन गाकर और मस्ती में झूमकर भगवान राधा कृष्ण के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई।मंदिर में उपस्थित सभी महिलाओं ने नृत्य कर मस्ती में झूमकर एक दूसरे को राधारानी के जन्मोत्सव की बधाई दी।भजन प्रस्तुति के बाद प्रसाद और 56 भोग के प्रसाद का वितरण किया गया।

**इस्कॉन मंदिर में धूम-धाम से मना राधा अष्टमी महा महोत्सव:** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ में शनिवार को राधाष्टमी महा महोत्सव धूम-धाम से मनाया गया।राधाष्टमी महा महोत्सव में संपन्न होने वाले कार्यक्रम निम्नवत रहे जिनमें वैष्णव भजन प्रातः 11 बजे, अभिषेक प्रातः 11:30 बजे, कथा 12 बजे, आरती दोपहर 12:30 बजे, प्रसादम (भण्डारा) दोपहर 02:00 बजे, मदिर अध्यक्ष अपरिमेय श्याम प्रभुजी ने राधा रानी का अभिषेक किया एवं पुष्पांजलि अर्पित की गयी। अपरिमेय श्याम प्रभुजी।

मन्दिर अध्यक्ष, इस्कॉन, लखनऊ ने कथा मे बताया कि श्रीमती राधा रानी भगवान श्रीकृष्ण की अंतरंगा शक्ति है, इनके पिता का नाम वृषभानु एवं माता का नाम कीर्ति दा है। राधा रानी महाराज वृषभानु जी को यनुना नदी मे ध्यान करते हुए 1000 पंखुड़ियों वाले कमल पुष्प मे मिली थीं ' श्रीमती राधा रानी का भाव यह रहता है कि वह भक्ति में सबसे निम्न स्तर पर हैं और सभी उनसे श्रेष्ठ हैं, जबकि हम राधा रानी के माध्यम से ही भगवान श्रीकृष्ण की सेवा करते हैं ' राधा जी की कृपा के बिना भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति प्राप्त नहीं की जा सकती है ' वृषभानु नंदिनी श्रीमती राधा रानी ने प्राकट्य से लेकर तब तक अपनी अपनी आँखों को बंद ही रखा जब तक भगवान श्रीकृष्ण उनके समक्ष नहीं आये अर्थात उन्होंने सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किये। आईजीएफ एवं संस्कारशाला के बच्चों द्वारा द्वारा सुन्दर नाट्य प्रस्तुतियों ने भक्तों का मन मोह लिया।राधाष्टमी महा महोत्सव में लखनऊ एवं आस-पास के गणमान्य भक्त उपस्थित रहे ' भक्तों ने दोपहर तक उपवास रखा, तत्पश्चात भोजन प्रसाद (भंडारा) का आनंद उठाया ।

# साहित्य हर काल में रहा है समाज का दिग्दर्शक : डॉ. सुशील चंद्र त्रिवेदी



साहित्य परिक्रमा के नूतन कलेवर का विमोचन, कई राज्यों और भाषाओं में होगा प्रकाशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की पत्रिका साहित्य परिक्रमा के नूतन कलेवर का विमोचन शनिवार को आशियाना के सेक्टर एन स्थित चेतना डेंटल साहित्य केन्द्र में हुआ। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुशील चंद्र त्रिवेदी ने कहा कि साहित्य हर काल में समाज के लिए महत्वपूर्ण रहा है।स्वतंत्रता आंदोलन के दौर से लेकर वर्तमान समय तक साहित्य ने समाज को विचार और दिशा देने का कार्य किया है।निदेशक एवं मुख्य अतिथि प्रोफेसर रजनी मान ने कहा कि पाठकों की बढ़ती संख्या और पत्रिका के प्रति बढ़ती रुचि को देखते हुए अब साहित्य परिक्रमा का प्रकाशन दिल्ली के साथ-साथ देश के कई राज्यों तथा कई भारतीय भाषाओं में किया जाएगा। वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा कि पत्रिकाएं विचारों के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम हैं।राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. पवनपुत्र बादल ने युवाओं और संघ के महत्व पर विचार रखे।कार्यक्रम को परिषद के अवध प्रांत अध्यक्ष विजय त्रिपाठी, प्रख्यात दंत चिकित्सक एवं साहित्यकार डॉ. संजीव अवस्थी, डॉ. बलजीत श्रीवास्तव एवं निर्भय गुप्ता ने भी संबोधित किया। संचालन अविनाश चंद्र मिश्र ने किया। इस अवसर पर रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे, शिवशंकर अवस्थी, डॉ. रीतेश दुबे, सुरेंद्र पांडेय, पत्रकार रमाशंकर शुक्ल, आनंद मिश्र सहित अनेक साहित्यकार मौजूद रहे।

## दशलक्षण महापर्व : उत्तम शौच धर्म पर संतोष का संदेश

**लखनऊ।** दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन शनिवार को राजधानी के जैन मंदिरों में उत्तम शौच धर्म की आराधना हुई। गोमतीनगर जैन मंदिर में सांगानेर से आए पंडित अंकित शास्त्री के सानिध्य में भगवान का अभिषेक और दशलक्षण धर्म विधान हुआ।पंडित जी ने कहा कि अपने आप में संतुष्ट होना ही शौच धर्म है।तन के साथ मन की शुद्धि जरूरी है।मुख्य शांतिधारा का सौभाग्य शिशिर जैन एवं रोमा जैन परिवार को प्राप्त हुआ। मंदिर के मंत्री आलोक जैन ने बताया कि आज भगवान 1008 श्री पुष्पदंत जी का मोक्षकल्याणक भी मनाया गया।लाडू चढ़ाने का सौभाग्य अनीता, वैशाली एवं महावीर गंगवाल परिवार को मिला। अध्यक्ष पी.के. जैन, मंत्री आलोक जैन सहित कई श्रावक मौजूद रहे।शाम को महिला मंडल के बच्चों ने ₹तीन लोक की यात्रा₹ नाटक की प्रस्तुति दी।इंदिरा नगर जैन मंदिर में नौवें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत का मोक्षकल्याणक भव्यता से मनाया गया और भगवान को नौ किलो का लाडू समर्पित किया गया। प्रातः आकाश जैन परिवार एवं मीना जैन परिवार ने स्वर्ण कलशों से अभिषेक और शांतिधारा की।सरोज जैन एवं एकता जैन ने लाडू अर्पित किया।महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि 21 सितंबर को सुगंध दशमी पर्व मनाया जाएगा।सांस्कृतिक संध्या में महिलाओं ने लोभ पाप का बाप नाटिका का मंचन किया।

## कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, श्रावस्ती

पत्रांकः मु.चि.अ./कोविड-19/सत्यापन/2026-27/ दिनांक :- 16.09.2026

**कार्यालय आदेश**

एततद्वारा सूचित किया जाता है कि अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ.प्र. शासन लखनऊ के पत्र संख्या 1271/पाँच-9-2026 चिकित्सा अनुभाग-09 दिनांक 12.08.2026 के सन्दर्भ मे कोविड महामारी के दौरान कोविड-19, ई.सी.आर. पी.-01 तथा विभिन्न वित्तीय श्रोतों के माध्यम से जनपद मे कार्यरत अस्थायी/अल्पकालिक/संविदा/आउटसोर्स मानव संसाधन से पुनः कार्य लिये जाने के संम्बध मे कोविड कर्मी जो किसी कारणवश अटेन्डेन्स मैनेजमेण्ट सिस्टम पर पंजीकृत नही थे, उनके दस्तावेजो का सत्यापन जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा।

अतः समस्त कोविड कर्मियो को निर्देशित किया जाता है कि दस्तावेज सत्यापन हेतु दिनांक 23.09.2026 को समय प्रातः 10.00 बजे विकास भवन कार्यालय सभागार मे निम्नांकित मूल दस्तावेजो के साथ स्वंय उपस्थित होकर दस्तावेजो के सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

1. समस्त मूल शैक्षिक अभिलेख, 02 पासपोर्ट फोटोग्राफ सहित।
2. मूल आधार कार्ड एवं पैन कार्ड।
3. बैंक द्वारा प्रमाणित बैंक स्टेटमेण्ट (कर्मी द्वारा प्रबन्धन हेतु कार्य की अवधि का)।
4. विभाग/आउटसोर्स एजेन्सी द्वारा कोविड-19 के समय का नियुक्ति पत्र।
5. सक्षम अधिकारी (सी.एम.ओ./सी.एम.एस. या अन्य सक्षम अधिकारी) द्वारा जारी किया गया अनुभव प्रमाण पत्र।
6. उपरोक्त समस्त मूल दस्तावेजो की 02 स्वप्रमाणित छायाप्रति ।

मुख्य चिकित्साधिकारी
श्रावस्ती

संक्षेप

## काउंटर लॉक तोड़ चोरों ने लगायी सेंध

आजमगढ़। रौनापार थाना क्षेत्र के जप्ती मांफी (काखभार) बाजार में शनिवार की सुबह बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान के काउंटर लॉक को तोड़ कर 60 हजार रुपये चोरी हो गए। दुकान खुलने पर पीड़ित को जानकारी हुई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। रौनापार थाना क्षेत्र के जोकहरा (पिपरही) निवासी सूर्यजीत यादव की काखभार बाजार के पास बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान है। शुक्रवार को वे दुकान खोले के बाद दाहसंस्कार में दोहरीघाट चले गए दोपहर बाद लौटे। इसके बाद तगादा करने चले गए। तगादा से 10 हजार रुपये लाए दुकान के काउंटर में कुल 60 हजार रुपये रखे थे। शाम को बाजार में चाय पीने चले गए। वापस आए तो दुकान बंद कर घर चले गए। शनिवार की सुबह दुकान पर पहुंचे। दुकान खोला तो काउंटर का लॉक टूटा हुआ था। रुपये गायब थे। पीड़ित ने बालू गिराने के लिए रुपये रखे थे। पीड़ित ने डायल 112 पर फोन कर घटना की जानकारी दी, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की।

## महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

आजमगढ़। महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षार्थ और स्वालंबन के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर उन्हें जागरूक किया गया। जिले के सभी थानों में गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से संबंधित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना, घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध और महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी।

## बैनामे को लेकर दो पक्षों में जमकर हंगामा

आजमगढ़। सिधारी हाइडिल स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में शुक्रवार को जमीन के बैनामे को लेकर जमकर हंगामा हो गया। बैनामे का विरोध करने पहुंचे विक्रेता के पुत्र और दूसरे पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी के बाद हाथापाई हो गई। मारपीट का आरोप भी लगाया गया है। सूचना पर पहुंची सिधारी थाना पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के सुराई गांव निवासी बजरंगी गोंड ने आरोप लगाया कि उसके पिता उत्तम गोंड की करीब 19 बिस्वा जमीन का बैनामा गांव के ही अशोक यादव और संतोष यादव द्वारा कराया जा रहा था। बजरंगी के अनुसार, जानकारी मिलते ही वह सिधारी हाइडिल स्थित रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचा और बैनामे पर आपत्ति जताई। आरोप है कि आपत्ति जताने के बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे घेर लिया। इसी दौरान दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते हाथापाई शुरू हो गई। रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में हंगामा होने से मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। मामले की सूचना मिलने पर सिधारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवक की मौत पर बवाल हत्या का आरोप

जौनपुर। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के परमानतपुर निवासी 28 वर्षीय गौरीशंकर गौड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद हंगामा हो गया। परिजनों ने युवक की मौत को हादसा मानने से इनकार करते हुए हत्या का आरोप लगाया और सड़क पर शव रखकर करीब ढाई घंटे तक चक्का जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस फोर्स पहुंच गई। गौरीशंकर बालाजी टाइल्स की दुकान पर काम करता था। करंट लगने के बाद उसकी हालत बिगड़ने पर इलाज के लिए ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया।


### जिला कार्यालय-यू.पी. को आपरेटिव फेडरेशन लि., चन्दौली

पत्रांकः पी.सी.एफ./धान खरीद 2026-27 एवं गेहूं खरीद 2027-28 हैण्डलिंग टेण्डर/4376 दिनांकः-19.09.2026

**निविदा ई-टेण्डरिंग की सूचना**

मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद वर्ष 2026-27 एवं गेहूँ खरीद वर्ष 2027-28 में पी.सी.एफ. द्वारा चन्दौली में स्थापित धान/गेहूं क्रय केन्द्रो पर हैण्डलिंग कार्य हेतु हैण्डलिंग ठेकेदारी की नियुक्ति के सम्बन्ध में निविदायें यू.पी. ई-टेण्डर बेवसाईट http://etender.up.nic.in से डाऊनलोड कर दिनांक 29.09.2026 की अपराहन 03:00 बजे से अपलोड की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं समस्त जानकारी नियम व शर्तें उपरोक्त बेवसाईट पर उपलब्ध है। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

(जयश्री प्रसाद)
जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ.-चन्दौली
मो.नं.- 9151084623 - dschan.pcf@gmail.com


# डीएम ने विकास कार्यों में लापरवाही बरतने पर लगायी फटकार



मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान तहसील सभागार में पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में लापरवाह विभागीय कर्मचारियों को फटकार का सामना करना पड़ा।

जल्द से जल्द जरूरी समस्याओं को दूर करने को निर्देशित किया। कलवारी माफी गांव निवासी पीड़िता जानकी देवी पत्नी रामप्रताप ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह गरीब वृद्ध महिला है और उसनके पति दोनों आंखों से अंधे है। आरोप है कि 16 जुलाई की शाम को करीब 5 बजे बारिश के दौरान गांव के ही कुछ दबंगों ने उसके खपड़ैल वाले कच्चे मकान को लाठी- डंडे व ईंटों से तोड़कर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। विरोध करने पर गाली- गलौज, धक्का-मुक्की और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता ने बताया कि थाने में शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद समाधान दिवस में न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। वही दूसरा मामला भीटी गांव के निवासी पीड़ित राजकुमार ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत बिछाई गई पानी सप्लाई की पाइप लाइन को कार्य के दौरान ही तोड़ दिया गया था। जिससे गांव के लगभग 20 घरों में पानी की सप्लाई बंद हो गई है और ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। वही पालतू पशुओं को पानी पिलाने हेतु बड़ी मशक्कत के सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ ग्रामीण ने जिलाधिकारी से पाइपलाइन की मरम्मत कराकर अति शीघ्र जलापूर्ति बहाल कराने की मांग की है। समाधान दिवस में सबसे ज्यादे मामले भूमि नापी अवैध अतिक्रमण के रहे। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, उपजिलाधिकारी सन्तोष कुमार ओझा, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी अशोक कुमार त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन मोहम्मद फहीम कुरैशी, तहसीदार आशीष पांडेय, तहसीलदार न्यायिक डॉ आशीष शुक्ला आदि रहे।

## फॉर्मेसी छात्र-छात्राओं को टीबी के बारे में दी जानकारी



मीरजापुर। लालगंज के कृष्णा इंस्टीच्यूट ऑफ फॉर्मेसी कॉलेज के कक्ष में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार पटेल के निर्देशन में टीबी रोग से बचाव क्रम में 19 सितंबर 2026 को कृष्णा इंस्टीच्यूट ऑफ फॉर्मेसी कॉलेज में शमीम अहमद वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक लालगंज नेकर्मियों को अपने ग्रामीण क्षेत्र में टीबी के लक्षण बचाव और ईलाज के प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान लोगों को निडर होकर तथा झिझक को खत्म कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने एवं लक्षण प्रभावित लोगों को सरकारी चिकित्सालयों की उपलब्ध निःशुल्क सुविधाओं का लाभ दिलाने में अग्रसर होने का सुझाव देते हुए उनका इस अभियान में सहयोग का आह्वान किया गया। बताया गया कि दो हफ्ते से खासी आना, सीने में दर्द होना, बुखार आना, वजन का कम होना, रात में पसीना आना सहित टीबी के समस्त लक्षणों से परिचित कराते हुए कहा गया कि टीबी एक गंभीर बिमारी जरुर है लेकिन यह लाइलाज नहीं है। व्यवहारिक पक्ष को महत्व देते हुए कहा गया कि कोई भी स्वास्थ्य से पीड़ित व्यक्ति आपके पास आता है तो स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज में भेजने का प्रयास करें, इसलिए हम सभी का दायित्व बनता है कि उससे अपनापन भाव से ही उसका उचित मार्गदर्शन एवं सहयोग करें जिससे कि वह रोग से हार मान कर निराश एवं शिथिल न हो सके। साथ ही कहा कि आप लोगों के जन जागरूकता के सहयोग से ही टीबी मुक्त भारत बन सकता है। आह्वान किया गया कि टीबी चैम्पियन बन कर अपने ब्लॉक को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग करें साथ ही अपने अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने की अपील की गई। कार्यक्रम दयाशंकर तिवारी वरिष्ठ पत्रकार (पूर्व प्रधान), कृष्ण गोपाल मौर्या, मैनेजर शिवपूजन विश्वकर्मा, डॉक्टर शुभम कुशवाहा, डायरेक्टर शमीम अहमद वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक लालगंज, शब्बीर अहमद, नीरज सिंह, मुकेश सिंह, राजेश श्रीवास्तव, सिद्धार्थ उपाध्याय, बाबूलाल आदि मौजूद रहे।

## विजनरी शिक्षा की ओर बढ़ें कॉलेज : कुलपति



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यों और प्रबंधकों की एक महत्वपूर्ण बैठक कुलपति प्रो. आर.के. सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को आनलाइन मोड में संपन्न हुई।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक उत्कृष्टता, संस्थागत विकास और राष्ट्रीय स्तर के अभियानों में विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करना था। कुलपति प्रो. सिंह ने महाविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि हर संस्थान अपनी विशिष्ट क्षमताओं, उपलब्ध संसाधनों और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप एक स्पष्ट विजन निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़े। उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश, शोध, नवाचार और रैंकिंग जैसी भावी कार्ययोजनाओं पर प्राचार्यों के साथ संवाद किया और उनसे सुझाव भी आमंत्रित किए। बैठक में सेवा संकल्प अभियान को प्रभावी बनाने पर विशेष चर्चा हुई। इसके तहत आयोजित होने वाले ह्यआशीर्वाद का दीया, कहानी बदलाव की, सेवा रंग और इनोवेशन चैलेंज जैसे कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, युवाओं को जागरूक करने के लिए, नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत के अंतर्गत सभी संस्थानों में आगामी 100 सप्ताह तक नशामुक्ति, स्वस्थ जीवनशैली और सामाजिक उत्तरदायित्व पर निरंतर थीम आधारित गतिविधियां संचालित करने को कहा गया। युवाओं में नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से ह्यविकसित भारत यंग लीडर डायलॉग क्विज प्रतियोगिता को मिशन मोड में संचालित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए श्माई भारतश पोर्टल पर अधिक से अधिक छात्रों का पंजीकरण कराने का लक्ष्य तय किया गया है। इससे पूर्व, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं अभियान के संयोजक प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और नियमित रिपोर्टिंग का आग्रह किया। इस अवसर पर कुलसचिव विनोद कुमार सिंह, प्रो. मिथिलेश सिंह और एनएसएस समन्वयक डॉ. शशिकांत यादव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रबंधक उपस्थित रहे।

## बल्कर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के मीरजापुर-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित दुर्जनीपुर गांव में पेट्रोल पंप के पास शनिवार दोपहर बारह बजे के करीब सीमेंट लदे बल्कर ने बाइक सवार महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक पति गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि एक वर्षीय पुत्र को सामान्य चोटें आई।

दुर्जनीपुर गांव निवासी 30 वर्षीय देवराज अपने एक वर्षीय पुत्र अनुज कुमार का दवा कराने 27 वषीर्या पत्नी राजकुमारी के साथ बाइक से ड्रमंडगंज बाजार गए थे। बेटे का दवा इलाज कराने के बाद तीनों लोग बाइक से घर लौट रहे थे जैसे ही सर्विस लेन पर एनआइआरसी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो बल्कर चालक वाहन को नेशनल हाईवे पर जाने के लिए पीछे की ओर करने लगा उसी दौरान पीछे से आ रहा बाइक बल्कर की चपेट में आ गई। जिससे बाइक चालक देवराज की पत्नी राजकुमारी की बल्कर पहिया के नीचे कुचलने से मौके पर ही मौत हो गई। वही महिला के पति बाइक चालक देवराज के पैर में गंभीर चोटें आ गई। संयोग ठीक था कि महिला की गोद में बैठा एक वर्षीय पुत्र अनुज महिला के हाथ से नीचे गिर पड़ा जिससे उसे सामान्य चोटें आई हैं। वहीं घटना के बाद बल्कर चालक मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज राजेश कुमार एसआइ राम विशाल, शिवाकांत पांडेय ने घटना की जांच करते हुए सीमेंट लदे बल्कर को थाने ले गई। पुलिस की लापरवाही के चलते घटना में घायल बाइक चालक को एक घंटे बाद एंबुलेंस से मंडलीय अस्पताल भिजवाया गया। सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची 108 एंबुलेंस को पुलिस ने बताया कि घायल पिता पुत्र उपचार हेतु आटो से परिजन न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज ले गए हैं। इसके बाद एंबुलेंस न्यू पीएचसी पहुंची जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने घायल पिता पुत्र का प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया था। घायलों के साथ पुलिसकर्मियों की मौजूदगी नही होने से एंबुलेंस चालक को घायल को उपचार हेतु अस्पताल ले जाने में इधर उधर भटकना पड़ा। परिजनों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने घायल बाइक चालक देवराज को डेढ़ घंटे बाद एंबुलेंस से मंडलीय चिकित्सालय भेजवाया। पुलिस ने मृतका की सास दुआसी देवी की तहरीर पर अज्ञात बल्कर ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई है।

## शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें



जौनपुर। तहसील केराकत में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनीं। अधिकारियों ने प्राप्त शिकायतों एवं प्रार्थना पत्रों का अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम और एसएसपी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतकर्ता को संतुष्टिपरक न्याय दिलाने के साथ ही राजस्व एवं पुलिस विभाग से जुड़े मामलों में आपसी समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## शहीद राजेश सिंह के शहादत दिवस पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



जौनपुर। उरी शहीद राजेश सिंह की 10 वीं शहादत दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारियों के जोशीले गगन भेदी नारों से भकुरा गांव गूंज उठा। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सैन्य अधिकारियों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी के अलावा समाजसेवी भकुरा गांव में पहुंचकर शहीद राजेश सिंह की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए भावपूर्ण नमन किया और भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता राष्ट्रीय पीजी कॉलेज जमुहाई के प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

विशिष्ट अतिथि सम्यक कुमार और उप जिला अधिकारी सदर योगिता सिंह ने शहीद राजेश सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। विशिष्ट अतिथि सम्यक कुमार ने कहा कि जब हम ठंड की रात में सोते हैं तो वह सीमा पर पहरा देते हैं। भकुरा की धरती को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि राजेश सिंह की शहादत से यह धरती धन्य हो गई है। एस डी एम (सदर) योगिता सिंह ने कहा कि समाज में जिस भी भूमिका में हम कार्य कर रहे हैं और भारत मां की सेवा करने का अवसर मिला है उसे पूरी तन्मयता और क्षमता के साथ करना चाहिए। जब देश का जवान किसी ऑपरेशन पर निकलता है तो वह सर पर कफन बाधकर निकलता है। देश के लिए प्राणों की आहुति देने का जज्बा अचानक नही आता है, इसमें उसके माता-पिता का विशेष योगदान होता है जो बचपन से ही देश के प्रति प्रेरित करते रहते है। संचालन एक्स मिलिट्री मैन डी के सिंह और राजकुमार सिंह (पत्रकार) ने संयुक्त रूप से किया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संगठन जौनपुर के अध्यक्ष के के सिंह, देवेन्द्र सिंह (महासचिव), बलराम सिंह, राम सूरत यादव, दिनेश कुमार सिंह सचिव, लाल चन्द्र मौर्य, पन्नालाल, बलवंत गुप्ता, राकेश सिंह, सुनील शुक्ला, गोपाल सिंह, रवि सिंह, मनीष राय आदि ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

# गांजा संग अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



मड़िहान/मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की निर्माण, तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी, बरामदगी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर की जा रही कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना मड़िहान व एसटीएफ की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शनिवार को प्राप्त मुखबीर के सूचना के आधार थाना मड़िहान पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सघन वाहन चेकिंग कर ट्रक अशोक लेलैंड चालक को पकड़ा गया। पकड़े गये आरोपी द्वारा पूछताछ में अपना नाम-पता मोहम्मद शाकिर बक्स पुत्र महबूब आलम निवासी 330 न्यू आनन्द नगर, पम्प हाउस कुन्डम रोड थाना अधारताल जनपद जबलपुर, मध्य प्रदेश बताया गया तथा ट्रक में लदे कोयले के बीच में छिपाकर 6 बोरियों में गांजा रखा हुआ होना बताया गया। पुलिस टीम द्वारा ट्रक की तलाशी ली गयी तो कोयले में छिपाकर रखा हुआ कुल 198 किग्रा अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर मु0अ0सं0-228/2026 धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार आरोपी तस्कर के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय, जेल भेजा जा रहा है तथा गांजा तस्करी में प्रयुक्त ट्रक अशोक लेलैंड वाहन संख्याः MP 28H 4005 को सीज किया गया। पकड़े गये गांजा तस्कर, वाहन स्वामी, चालक द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह उड़ीसा प्रान्त के रायगढ़ा से ट्रक में लदे कोयले के बीच में गांजा छिपाकर ला रहा था जिसे प्रयागराज व वाराणसी में बताये गये व्यक्ति तक पहुंचाना था, जहां से मांग के अनुसार सप्लाई दी जाती हैं। गांजा को नामित व्यक्ति तक पहुंचाने के एवज में मुझे प्रत्येक चक्कर का एक लाख रूपया मिलता है इसी लालच में मैं यह गांजा उड़ीसा से वाराणसी व प्रयागराज के लिए जा रहा था।

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर डाला प्रकाश

जौनपुर। उद्योग विभाग के द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विश्वकर्मा श्रम सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह आयोजित किया गय। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव, एवं विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसू उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0, एक जनपद-एक उत्पाद योजना पर आधारित वीडियो आकर्षण का केन्द्र रहा। लखनऊ से मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री पर आधारित वृत्तचित्र कर्मयोग-एक अंतहीन यात्रा जिसे दर्शकदीर्घा में उपस्थित जनसमूह ने अत्यंत सराहा।

राज्यमंत्री ने अपने सारगर्भित संबोधन में भगवान विश्वकर्मा की महिमा और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा केवल पौराणिक पात्र नहीं, बल्कि सृष्टि के प्रथम शिल्पकार, इंजीनियर और सृजन के वास्तविक देवता हैं। उनके आदर्शों पर चलते हुए ही एक समृद्ध और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण संभव है। उन्होने कहा कि सरकार राज्य के पारंपरिक कारीगरों, राजगीरों, बढ़ई, स्वर्णकारों, लोहारों और हस्तशिल्पियों आदि के अमूल्य योगदान को भली-भांति पहचानती है और उन्हें समाज में मान-सम्मान दिलाने के लिए निरंतर कार्यरत है। राज्यमंत्री जी ने बल दिया कि जब राज्य का हर हस्तशिल्पी और युवा अपने पैरों पर खड़ा होगा, तब उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश से उत्तम प्रदेश और आत्मनिर्भर भारत का मजबूत आधार स्तंभ बनेगा। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी ट्रेड में रोशनी यादव, गीता, मधुबाला, आरती, चन्द्रकला, राजमिस्त्री ट्रेड में राजेश कुमार मौर्या, बलिहारी, धर्मराज तथा कुम्हार ट्रेड में गुड्डू को उन्नत टूलकिट एवं प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। साथ ही विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत कुल 6 लाभार्थियों क्रमशः एक जनपद एक उत्पाद (ओ.डी.ओ.पी.) योजना में मो० अलीम कुरैशी को 10 लाख, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में करार हुसैन 10.00 लाख, एक जनपद एक व्यंजन (ओ.डी.ओ.ओ.सी.) योजना के अन्तर्गत आकाश अग्रहरी 16 लाख, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत रतन लाल प्रजापति, अवधेश कुमार मौर्या एवं संजीव कुमार विश्वकर्मा को 5-5 लाख के डमी चेक वितरित किये गये।

## सऊदी अरब से क्रेन चालक का शव घर पहुंचने पर मचा कोहराम

आजमगढ़। गंभीरपुर क्षेत्र के सिंघड़ा गांव में शनिवार को सऊदी अरब से क्रेन चालक युवक का शव घर पहुंचने पर कोहराम मच गया। 12 सितंबर की रात सोते समय मौत हो गई थी। मौत के बाद से परिवार के लोग शव के आने का इंतजर कर रहे थे। सिंघड़ा गांव निवासी 40 वर्षीय चंद्रिका यादव उर्फ राजेश यादव सऊदी अरब के रियाद में रहकर क्रेन चालक का काम करता था। 12 सितंबर को वह ड्यूटी से कमरे पर लौटा खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। दूसरे दिन सुबह वह अपने बिस्तर पर मृत मिला था। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने शव को भारत लाने के लिए आवश्यक कागजी कार्रवाई शुरू की। प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को हवाई मार्ग से दिल्ली लाया गया। वहां से वाहन द्वारा शनिवार सुबह शव सिंघड़ा स्थित पैतृक आवास पहुंचा। शव पहुंचते ही घर में चीख-पुकार मच गई। पत्नी रेनू यादव, मां लालती यादव और बच्चों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया। चंद्रिका यादव दो भाइयों में बड़े थे, उन्हें दो बेटा और दो बेटी हैं। चंद्रिका यादव की अचानक मौत से परिवार के लोग रो रो कर बेहाल हैं।

## पोखरे में डूबने से युवक की मौत

आजमगढ़। जनपद में फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के वैसाडीह गांव में शुक्रवार शाम पोखरे में डूबने से 25 वर्षीय युवक बिरेन्द्र चैहान की मौत हो गई। शाम करीब साढ़े सात बजे पोखरे में शव उतराता देखकर ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला। पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना दी गई। बताया गया कि बिरेन्द्र तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। ग्रामीणों के अनुसार वह शराब का सेवन करता था। शुक्रवार सुबह से ही उसने शराब पी रखी थी। शाम को वह वैसाडीह गांव के चैराहे के पास स्थित पोखरे में कूद गया। इसके बाद वह बाहर नहीं निकल सका और डूबने से उसकी मौत हो गई। ग्रामीण शव को घर ले गए, जहां परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गए। बिरेन्द्र के दोनों भाई रोजी-रोटी के सिलसिले में दिल्ली और पंजाब में रहते हैं। उसके पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। घर में उसकी मां और परिवार की महिलाएं हैं। युवक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली फूलपुर देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम प्रधान की ओर से घटना की सूचना दी गई थी। परिजन किसी तरह की कार्रवाई नहीं चाहते हैं और उनकी ओर से कोई लिखित सूचना भी नहीं दी गई है। पुलिस के अनुसार युवक शराब के नशे में पोखरे में डूब गया।

## बास्केटबॉल प्रतियोगिता में वाराणसी प्रथम



जौनपुर। स्टेट लेवल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरवपूर्ण सफलता हासिल की। विजेता टीम में शामिल मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज, जौनपुर के कक्षा 10-ब के छात्र आकाश सोनकर ने अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। आकाश सोनकर की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आकाश सोनकर का माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन एवं हौसलाफजाई की तथा उसकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के प्रबंधक डॉ अब्दुल कादिर खान ने आकाश सोनकर को उसके खेल एवं आगे की पढ़ाई-लिखाई में हरसंभव सहायता एवं सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सहयोग दिया जाएगा। विद्यालय के बास्केटबॉल कोच रहमतुल्लाह, सुशील, धर्मेंद्र, अनवर, शहजाद, अनुपम, सलमान, शाहिद अलीम, प्रदीप, शिक्षकगण एवं समस्त विद्यालय परिवार ने आकाश सोनकर तथा उसकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## विवाहिता से मारपीट, सिर मुंडवाने का आरोप

जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र के बरेंपट्टी गांव की एक विवाहिता ने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने तथा पति पर जबरन सिर मुंडवाने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला के अनुसार, दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ कथित तौर पर मारपीट की गई, जिसके बाद वह मायके पहुंची। विवाहिता का आरोप है कि पति ने उसके साथ मारपीट करने के साथ जबरन उसके सिर के बाल मुंडवा दिए। घटना के बाद महिला ने मामले की शिकायत खुटहन पुलिस से की। आरोप है कि खुटहन पुलिस ने घटना बक्शा थाना क्षेत्र की बताते हुए उसे संबंधित थाने में शिकायत करने के लिए भेज दिया। इसके बाद देर रात महिला की तहरीर पर बक्शा थाने में पति और देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। महिला द्वारा लगाए गए आरोपों की पुलिस जांच के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## पुलिस में फेरबदल, कई थानाध्यक्ष बदले

जौनपुर। जनपद में कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। कई थानाध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पुलिस के अनुसार एसओजी प्रभारी प्रकाश शुक्ला को गौराबादशाहपुर थाने का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं पीआरओ कमल नैन दूबे को जफराबाद थाने की कमान सौंपी गई है। गंगा सागर मिश्रा को सुरेरी थाने का नया प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि जफराबाद के थानाध्यक्ष रहे मिथिलेश तिवारी का स्थानांतरण करते हुए उन्हें नेवढ़िया थाने का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## थानाध्यक्ष ने चौकीदारों को बांटी साइकिल

लालगंज, मीरजापुर। थाने में प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय द्वारा द्वारा 8 चौकीदारों को साइकिल वितरित की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कानून-व्यवस्था और गश्त को बेहतर बनाने के उद्देश्य से साइकिलों का वितरण किया गया। लालगंज थाना परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कुल 8 ग्राम चौकीदारों को नई साइकिलें दी गईं। साइकिल पाने वाले चौकीदारों में बनवारी गांव के विष्णु प्रसाद लालपुर के विश्राम, मटिखना के उमाकांत, विशेश्वरपुर के विजय शंकर, नैड़ी के छोटेलाल, ददरी के राम जी, तेंदुई के कप्तान और बसही कला के उपेंद्र शामिल थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चौकीदारों को ग्रामीण क्षेत्रों में सूचनाएं जुटाने और रात में गश्त (पेट्रोलिंग) करने में सुविधा हो, इसलिए प्रशासन द्वारा यह कदम उठाया गया। साइकिल मिलने पर सभी चौकीदारों ने खुशी जाहिर की। इस अवसर पर उप निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी, हेड कांस्टेबल पंचम यादव, वकील यादव, श्रीनारायण तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## टीटीई को फंसाने के लिए महिला ने फाड़े कपड़े ट्रेन में हाई वोल्टेज ड्रामा, टिकट मांगने पर भड़की

चंदौली। दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस के एसी द्वितीय श्रेणी कोच में टिकट मांगने पर एक महिला यात्री ने हंगामा कर दिया। आरोप है कि महिला ने टीटीई को फंसाने के लिए अपने कपड़े फाड़ लिए और शोर मचाने लगी। इसी दौरान एक यात्री ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया। ट्रेन के पीडीडीयू जंक्शन पहुंचने पर आरपीएफ ने महिला से एक हजार रुपये जुर्माना वसूला। महिला दानापुर से ट्रेन में सवार हुई थी और प्रयागराज जा रही थी। एसी द्वितीय श्रेणी कोच में टिकट जांच के दौरान चल टिकट परीक्षक ने महिला से टिकट मांगा। टिकट नहीं होने पर महिला भड़क गई और टीटीई से विवाद करने लगी। उसने टीटीई को फंसाने के लिए अपने कपड़े फाड़ लिए और हंगामा शुरू कर दिया। अचानक हुए घटनाक्रम से कोच में मौजूद यात्री भी हैरान रह गए। इस दौरान सामने की सीट पर बैठे एक यात्री ने मोबाइल से वीडियो बना लिया। वीडियो में महिला के हंगामे का घटनाक्रम कैद हो गया। ट्रेन के पं. दीन दयाल जंक्शन पहुंचने पर मामले की सूचना आरपीएफ को दी गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर अनीता कुमारी ने बताया कि महिला यात्री ने ट्रेन में हंगामा किया था। जुर्माना वसूलने के बाद उसे छोड़ दिया गया।

संक्षेप

## टैंपो पलटने से महिला की मौत, 13 घायल

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले छाता कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शनिवार सुबह अकबरपुर पुल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से सवारियों से भरा टैंपो पलट गया। हादसे में एक महिला सवारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 13 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही छाता थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय निवासियों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए केडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए 5 घायलों को संयुक्त चिकित्सालय वृंदावन रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और टक्कर मारकर भागने वाले अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, हादसे में जिस महिला की मौत हुई है उसकी पहचान सोम आश्रम निवासी रागिनी के रुप में हुई है। वहीं, घायल यात्रियों में कन्नौज निवासी सोनम तिवारी, अनु अग्निहोत्री, अंजलि तिवारी, मथुरा निवासी, गौरीशंकर, रिद्धि, रोहतक निवासी विक्की, सक्षम बदायूं निवासी मनीष, गिरिश बबीता, लोकेश का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आयी 120 शिकायतें, 15 का निस्तारण

**फिरोजाबाद।** तहसील सिरसागंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए, संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 120 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 15 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

**डीएम ने जनसमस्याओं के निस्तारण में दिखाई सख्ती, तीन माह से परेशान वृद्ध फरियादी को मौके पर मिली राहत**

निवासी वृद्ध शेरसिंह पुत्र स्व.नेकसे सिंह ने अपनी गाटा संख्या 348-2, 348-6, 348-7 एवं 528-2 से संबंधित समस्या के निस्तारण में देरी की शिकायत की। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल देवेंद्र कुमार की कथित लापरवाही के चलते वह करीब तीन माह से परेशान थे और बार-बार तहसील के चक्कर लगा रहे थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तहसीलदार सिरसागंज को तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच करने और समस्या का स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए। इसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने शिकायत का निस्तारण कराया। लंबे समय से परेशान वृद्ध फरियादी को राहत मिलने पर उन्होंने भावुक होकर जिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन का आभार जताया।

### भूमि पैमाइश से लेकर राशन कार्ड तक की शिकायतों पर निर्देश

समाधान दिवस में ग्राम राहतपुर निवासी विधवा पुष्पा देवी पत्नी स्व. मलिखान सिंह ने अपनी भूमि गाटा संख्या 266मि/0.2020 हेक्टेयर की पैमाइश कराने की मांग की। डीएम ने तहसीलदार सिरसागंज को राजस्व टीम गठित कर शीघ्र पैमाइश कराने के निर्देश दिए। वहीं नगला अतिया निवासी जनवेद सिंह ने आरसीसी गली निर्माण एवं खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलवाने की मांग की। इस पर खंड विकास अधिकारी अरांव को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।




ग्राम नगला छोटे आमीर निवासी किसान राहुल जादौन ने 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन का तार गिरने से दो गायों की मौत और करीब 1.80 लाख रुपये के नुकसान की शिकायत की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को जांच कर उचित मुआवजे एवं सुरक्षा फेंसिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम रुधैनी निवासी अंजलि पत्नी अनुरोध कुमार के राशन कार्ड बनवाने संबंधी प्रार्थना पत्र पर पूर्ति निरीक्षक को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं, ग्राम पिंडसरा निवासी स्वयं प्रकाश एवं अन्य ग्रामीणों ने लेखपाल पर नियम विरुद्ध पैमाइश कर खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाकर अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाया। इस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निष्पक्ष राजस्व अधिकारियों की टीम गठित कर पुनः जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का निस्तारण पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए।

जनसुनवाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा वृद्धजनों एवं आम नागरिकों के साथ अनुचित व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य सहित जनपद स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चित्रकारी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा डीएम एसएसपी ने की सराहना



**फिरोजाबाद/सिरसागंज।** सेवा संकल्प अभियान के तीसरे दिन महावीर जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज में चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा छह से 12 तक के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक चेतना एवं राष्ट्रीय विषयों पर आधारित एक से बढ़कर एक आकर्षक चित्र बनाकर अपनी कल्पनाशीलता का परिचय दिया। कार्यक्रम में पहुंचे जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए चित्रों का बारीकी से अवलोकन किया और उनकी रचनात्मकता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अधिकारियों ने बच्चों की सृजनात्मक सोच एवं कल्पनाशीलता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही, इनके माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक विषयों के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता भी बढ़ती है। ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने के साथ ही सकारात्मक सोच विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पांडे भी उपस्थित रहीं।

## पवन कक्कड़ दूरसंचार विभाग सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत, सपाइयों ने किया जोरदार स्वागत



**टूंडला।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन कक्कड़ को फिरोजाबाद के सपा सांसद अक्षय यादव द्वारा दूरसंचार विभाग की सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर शनिवार को टूंडला में उनका जोरदार स्वागत किया गया। शनिवार को आयोजित स्वागत कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं ने पवन कक्कड़ को फूलमालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर पवन कक्कड़ ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने एक साधारण कार्यकर्ता को जो सम्मान और जिम्मेदारी सौंपी है, उसके लिए वह पार्टी नेतृत्व एवं सांसद अक्षय यादव के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मान का ऋण वह वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनवाने के लिए पूरी मेहनत और समर्पण के साथ कार्य करके चुकाएंगे। स्वागत कार्यक्रम में सपा नगर अध्यक्ष मोहम्मद फहीम, वरिष्ठ सपा नेता मोहम्मद सनी, सपा नेता आगरा हुमायूं कुरैशी सरदार कुलविंदर पाल सिंह, अशोक यादव एवं बबलू ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण-जन्मस्थान पर धूमधाम से मना श्रीराधाष्टमी महोत्सव, बरसाना और रावल का दिखा अद्भुत भाव



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर शनिवार को भाद्रपद शुक्ल अष्टमी के पवित्र अवसर पर श्रीराधाष्टमी महोत्सव पौराणिक मान्यताओं और शास्त्रीय मयार्दाओं के अनुरूप बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर संपूर्ण जन्मभूमि परिसर श्रीराधा रानी के जन्मोत्सव की धूम में सराबोर नजर आया।

उत्सव की शुरूआत प्रातः 9 बजे घण्टे-घड़ियाल, ढोल-नगाड़ों और मजीरों की मंगल ध्वनि के बीच हुई। राधा स्वरूप धारण कर विराजमान भगवान श्रीकेशवदेवजी महाराज का दिव्य पंचामृत अभिषेक किया गया। राधा स्वरूप में भगवान श्रीकेशवदेवजी के इन मनोहारी दर्शनों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संत और वैष्णवों के भावों के अनुसार, सर्वेश्वरी श्रीराधा और सर्वेश्वर श्रीकृष्ण के एक रूप होने के दर्शन साक्षात अनुभव हो रहे थे।

इसके उपरांत, लीलामंच प्रांगण से ब्रजवासी भक्तजनों ने मंगल ध्वनि और उद्दाम नृत्य-गायन के साथ बधाई सामग्री भागवत भवन तक पहुँचाई। भागवत भवन में प्रख्यात भजन-गायिका श्रीमती शालिनी शर्मा द्वारा दिव्य भजन और बधाई गायन प्रस्तुत किया गया।

प्रातः 11:30 बजे श्रीसूक्त आदि मंगल पाठों के मध्य श्रीराधाजी के प्रत्यक्ष स्वरूप का पुष्पार्चन हुआ और प्राकट्य आरती के बाद कमल पुष्प में विराजित श्रीराधाजी के चल श्रीविग्रह को अभिषेक स्थल पर लाया गया। संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा, सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी एवं विद्वान पूजाचार्यों द्वारा वृहद पंचामृत से श्रीराधाजी का जन्माभिषेक संपन्न हुआ। शास्त्रीय मंत्रों की गूँज और झाँझ-मजीरे की धुन पर झूमते श्रद्धालुओं के बीच लगातार पुष्प और मालाओं की वर्षा होती रही। मंदिर प्रांगण में बधाई गायन के दौरान श्रद्धालुओं को भारी मात्रा में फल, मिष्ठान, वस्त्र, खिलौने और पुष्प-मालाएँ बधाई स्वरूप प्रदान की गईं। इसे देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो श्रीबरसाना धाम और श्रीरावल धाम दोनों ही भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर उतर आए हों। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान की ओर से वृहद प्रसादी-भण्डारे की व्यवस्था की गई, जिसमें श्री राजीव गुप्ता का विशिष्ट सहयोग रहा। प्रातः 8 बजे से ही संतों और वैष्णव भक्तजनों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर अभिभूत महसूस किया। इस सफल आयोजन और पूजा-व्यवस्था में संस्थान के सदस्य डा. रोशन लाल, पूजाचार्य विन्ध्येश्वरी प्रसाद अवस्थी, ब्रह्मानन्द मिश्रा, सनातन पण्डा तथा श्रीकृष्ण संकीर्तन मण्डल के पंकज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल (टैन्ट वाले) आदि का विशेष योगदान रहा।

# मथुरा-वृंदावन में सफाई व्यवस्था होगी और प्रभावी

मथुरा। शहर में उत्कृष्ट और प्रभावी स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगर आयुक्त ओजस्वी राज की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों सहित सभी सफाई निरीक्षकों ने हिस्सा लिया, जिसमें शहर की सफाई व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग केवल दफ्तर तक सीमित न रहकर प्रतिदिन सुबह से फील्ड में उतरकर की जाए। सभी सफाई निरीक्षक प्रातः जल्दी अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचेंगे और न सिर्फ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे, बल्कि सफाई कर्मियों की उपस्थिति और उनके कार्यों का भी नियमित अवलोकन करेंगे। शहर के सभी गारबेज वल्नरेबल पॉइंट्स (जीवीपी) और डलाव घरों की नियमित सफाई के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। सभी सफाई निरीक्षकों के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि वे सुबह 9 बजे तक अपने क्षेत्र के सभी जीवीपी की सफाई कराना सुनिश्चित करें। इसके बाद, सफाई की लोकेशन दर्शाने वाले जीपीएस फोटो निर्धारित डिजिटल फॉर्म में अपलोड करना भी अनिवार्य कर दिया गया है। इस डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम के जरिए प्राप्त फोटो और डेटा के आधार पर स्वचालित रूप से रिपोर्ट और पीडीएफ तैयार की जाएगी। इससे यह ट्रैक करना आसान होगा कि कितने पॉइंट्स की सफाई हो चुकी है, कितने शेष हैं और कौन-कौन से हिस्से पूरी तरह साफ हो चुके हैं। इस पारदर्शी प्रणाली से प्रशासनिक निगरानी और त्वरित कार्रवाई में मदद मिलेगी।

बैठक में चेतावनी दी गई कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले लोगों के खिलाफ नियमानुसार जुमार्ना और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## गौमाता सेवा महासंघ पदाधिकारियों ने गौ पूजन कर मनायी राधाष्टमी



**टूंडला।** अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के पदाधिकारी एवं गौ सेवको ने नगर की अस्थाई गौशाला जाकर गौ पूजन किया एवं गुड का भोग लगाकर हरा चारा खिलाकर राधा अष्टमी को बड़े धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां ने कहा कि सनातन धर्म में राधा अष्टमी का पर्व श्री राधा रानी प्राकट्य दिवस के रूप में अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है यह उत्सव भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के 15 दिन बाद आता है सनातन धर्म में हर व्यक्ति को जन्मदिन हो या तीज त्यौहार हो सभी त्योहार गौशाला जाकर मनाने चाहिए गौ सेवा ही सच्ची सेवा है गौ माता जी को भोग लगाने से सभी देवी देवताओं का भोग लग जाता है गो पूजन करने वालों में सर्वश्री महिमा ब्रज किशोरी जी, डॉक्टर सत्येंद्र निगम, महेश पाल सिंह, नगर अध्यक्ष आजाद जैन जितेंद्र पचौरी सुधांशु पचौरी ठाकुर मयंक सिंह दुष्यंत जादौन संजय परमार सचिन जैन वीरेंद्र सिंह विष्णु तिवारी प्रदीप पाठक रिंकू राघव सेंकी राना आकाश शर्मा, कुलदीप पौनिया अमित सिसोदिया पंकज परमार रिंकू लवानिया सुधीर कुमार एडवोकेट सीताराम एडवोकेट अजीत जुरैल नरेंद्र चक, मनोज चक देवांश प्रताप सिंह आदि लोग ने गौ पूजन किया।

## हरिदास जी ब्रज की समृद्ध भक्ति परम्परा की दिव्य विभूति: रामेन डेका



**मथुरा।** वृंदावन में संगीत शिरोमणि स्वामी हरिदास संगीत एवं नृत्य महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को स्वामी हरिदास जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन किया। अपने संबोधन में राज्यपाल रामेन डेका ने स्वामी हरिदास जी को नमन करते हुए कहा कि सबसे पहले तो ब्रज की इस पवित्र धरा को नमन जहां भगवान श्री कृष्ण राधारानी के साथ स्वयं विचरण करते थे। जहां भक्ति स्वयं नृत्य करती है। जहां भक्ति के वशीभूत बड़े बड़े संतों ने वृंदावन को अपनी साधना का केंद्र बनाया। यह कृष्ण की भूमि है। यह संतों की भूमि है और इस पवित्र भूमि पर आयोजित होने वाले स्वामी हरिदास संगीत एवं नृत्य महोत्सव में शामिल होना उनका परम सौभाग्य है। स्वामी हरिदास जी महाराज ब्रज की समृद्ध भक्ति परम्परा की वो दिव्य विभूति थे। जिन्होंने रास रचाते श्री कृष्ण का अलौकिक साक्षात्कार किया। जिनके दर्शन हमें ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज के रूप में होते हैं। स्वामी हरिदास जी ऐसे संत थे। जिन्होंने भारतीय संगीत को विशिष्ट पहचान दी। आज संगीत शिरोमणि स्वामी हरिदास समिति और गोपी गोस्वामी जी की वजह से उन्हें भी स्वामी हरिदास जी को नमन करने का मौका मिला है। विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि स्वामी हरिदास जी की सुर साधना से प्रकटित ठाकुर बांके बिहारी जी भौतिक जगत के लिए अनुपम उपहार है। यह ब्रज की पावन धरा है। इस अवसर पर ब्रज विभूति संत मौनी बाबा महाराज, संत कमंडल वाले बाबा, जगदीश मूलचंदानी, अभय वशिष्ठ, अनूप शर्मा, निखिल भारद्वाज, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# संस्कृति विवि के आंतरिक हैकाथॉन 2026 में 294 छात्रों ने दिखाया हुनर

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में छात्रों के बीच नवाचार (इन्नोवेशन), रचनात्मकता, समस्या-समाधान कौशल और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कैंपस में आंतरिक हैकाथॉन 2026 का शानदार आयोजन किया।

इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी और डीन एकेडमिक्स डा. रेनू गुप्ता ने छात्रों को जीवन में नवाचार और टीम भावना के महत्व को समझाया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे तकनीक की मदद से देश की समस्याओं का समाधान खोजें और श्स्मार्ट इंडिया हैकाथॉनश जैसे राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करें। उन्होंने छात्रों से अपने विचारों को केवल कागजों तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक और प्रभावशाली समाधानों में बदलने का आह्वान किया। इस आंतरिक हैकाथॉन में विश्वविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में




कुल 49 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक टीम में छह छात्र शामिल थे। टीम के गठन की खास बात यह रही कि हर टीम में कम से कम एक छात्रा का होना अनिवार्य था। इस तरह यूनिवर्सिटी के कुल 294 छात्र-छात्राओं ने इस तकनीकी महाकुंभ में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर नए और अनोखे आइडियाज पर काम किया, जो उनके तकनीकी ज्ञान, टीम वर्क और समस्या सुलझाने की क्षमता को दशार्ता है। प्रतिभागी टीमों के कड़े मुकाबले और उनके आइडियाज का मूल्यांकन करने के लिए निर्णायक मंडल में डॉ. दीपांशु शर्मा, डॉ. स्मृति मिश्रा, कृष्ण भारद्वाज, सुमित कुमार और नितेश शामिल थे। जूरी सदस्यों ने सभी टीमों के साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनके इनोवेटिव विचारों, तकनीकी दृष्टिकोण, व्यावहारिकता, प्रस्तुतीकरण और भविष्य में होने वाले प्रभाव के आधार पर उनका आकलन किया। बताते चलें कि कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई, जिसके बाद हैकाथॉन का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संस्कृति यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एम. बी. चेट्टी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ डीन एकेडमिक्स डॉ. रैनू गुप्ता ने भी शिरकत की। इस पूरे कार्यक्रम को सुचारू और सफल बनाने में एसआईएच आयोजन टीम के डॉ. वीरेंद्र कुमार मेहला और कार्तिकेय पांडे का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने पूरे हैकाथॉन का बेहतरीन समन्वय किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. वीरेंद्र कुमार मेहला द्वारा दिए गए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। उन्होंने मुख्य अतिथि, डीन एकेडमिक्स, सम्मानित जूरी सदस्यों, संकाय (फैकल्टी) सदस्यों, आयोजन टीम और सभी प्रतिभागी छात्रों को इस हैकाथॉन को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देने के लिए आभार व्यक्त किया।

## राधाष्टमी पर स्थानीय जलाशय का किया पूजन



**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के बैनर तले आज जनपद पर भिन्न भिन्न स्थानों पर जलाशयों और कुण्डों का पूजन किया गया। पूजन करने के लिए पिछले एक पखवाड़े से गतिविधि के कार्यकर्ता गांव गांव घूम कर टोली बनाने एवं उनको प्रशिक्षण देने में लगे थे। प्रशिक्षण के अनुसार सुबह हो टोली ले बंधु स्थानीय नागरिकों के साथ कुंडों पर पहुंचे वहां विधिवत पूजा कर कुंड की संरक्षा के लिए सभी उपस्थित लोगों ने शपथ भी ली कि जब तक मै जीवित रहूंगा इस कुंड की पवित्रता एवं संरक्षण का दायित्व मेरा रहेगा। बाद में महिलाओं ने आगे बढ़ कर कुंड की आरती को सस्वर गाया जिसे उपस्थित लोगों ने दोहराया। इस मौके पे पिरसुआ राया खंड के कार्यक्रम में उपस्थित संघ की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अखिल भारतीय सह संयोजक राकेश जैन ने कहा कि अभी मनुष्य को जल की महत्वता समझ नहीं आ रही है पर वो दिन दूर नहीं है जब पानी की कमी युद्धों का कारण भी बनेगी। अगर आज स्थानीय स्तर पर कुंड जलाशय संरक्षित नहीं किये गए तो आने वाला समय बड़ी मुश्किलों वाला होगा।

विदित रहे कि यूएनओ ने सितंबर का तीसरा शनिवार निर्धारित किया हुआ है कि इसे समुद्र तट सफाई ष्दिवस कोस्टल क्लीनलीनेस.डेष्तो अब तक होता क्या था नाविक, समुद्र रक्षक बंधु आदि सभी जिनका समुद्र से सरोकार होता था वे इस दिन की महत्वता न जान कर सिर्फ समुद्र तट पर घूम कर पिकनिकाना कर वापस आ जाते थे। फिर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के बंधुओं ने इस दिन को महत्वता समझते हुए अब से 5 वर्ष पूर्व मुंबई के तटों को इस दिन साफ करने की योजना बनाई तो इस दिन पहली बार में 478 टन कूड़ा सफाई निकला। तब से प्रतिवर्ष गतिविधि में इस दिन को इस प्रकार मनाने का विचार लिया हुआ है, जहां समुद्र नहीं है वहां स्थानीय नदियां, कुंडों, जलाशयों और तो और कुंओं की सफाई पूजन एवं संरक्षण की मुहिम चलाई जाती है। ब्रज में तीसरा शनिवार राधाष्टमी के आस पास ही पड़ता है तो जन जागृति एवं स्मरण के लिए स्थानीय स्तर पर हमने इसे राधाष्टमी से जोड़ दिया है। ऐसे ही भिन्न भिन्न स्थानों पर इस स्थानीय त्यौहार या किसी तिथि या किसी ऐतिहासिक महत्व से जोड़ कर सम्पूर्ण भारत वर्ष में यह कार्यक्रम किया जाता है। पिछली बार यह कार्यक्रम 17 सितंबर को पड़ा था और संयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी था।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जन चौपाल आयोजित

**फिरोजाबाद।** सेवा संकल्प अभियान के तीसरे दिन जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार को मदनपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत उमरी में पहुंचकर जन चौपाल में समस्त जनपद स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी आदि की उपस्थिति में प्रतिभाग किया गया, जहां पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने आयुष्मान कार्ड के 6 लाभार्थियों जिन में शंकर लाल, सतीश कुमार, शिवानी सुमन, सोनेलाल, लक्ष्मी देवी आदि को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना के पांच लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी सौंपे गए, जिनमें प्रमुख रही गीता रानी, ममता देवी, शीला देवी, संध्या देवी, सुषमा देवी प्रमुख रही। आंगनबाड़ी




कार्यकत्रियों के साथ बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया, साथ ही साथ विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी स्टॉल भी लगाई गए। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम चौपाल में प्राप्त होने वाली शिकायतों का सभी अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि इस ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 1918 लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है, वर्तमान में 141 पात्र लाभार्थियों की नई सूची तैयार की गई है। ग्रामीणों द्वारा इस दौरान कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जा, नाली, खड़जा इत्यादि की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ग्राम चौपाल में प्राप्त होने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों ने अपनी योजनाओं के बारे में ग्रामीण वासियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की। जिलाधिकारी ने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## भाजपा ब्रज क्षेत्र की कार्यसमिति बैठक संपन्न, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर मंथन

**मथुरा।** सरस्वती कुंड स्थित परिणय गार्डन में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी ब्रज क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यसमिति एवं जिलाध्यक्षगण की महत्वपूर्ण बैठक चार सत्रों में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, ब्रज क्षेत्र प्रभारी गीता शाक्य, ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरन सिंह लोधी व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।




बैठक के प्रथम सत्र में विधायकों, द्वितीय सत्र में ब्रज क्षेत्र कार्यसमिति, तृतीय सत्र में महानगर व जिले के मंडल अध्यक्षों तथा चतुर्थ सत्र में जनपद की पांचों विधानसभाओं के पूर्व पदाधिकारियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया गया। संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने जोर देकर कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं। उन्होंने मंडल और बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को सक्रिय रखने और जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय बनाने का आह्वान किया। ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरन सिंह लोधी ने संगठनात्मक अनुशासन, आपसी समन्वय और कार्यकताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने की अपील की।

# शिकायतों का निस्तारण समय से करें: डीएम

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। सरकार के दिशा निर्देश पर जिले की चारों तहसीलों में सितम्बर महीने के तृतीय शनिवार को द्वासम्पूर्ण समाधान दिवसह्न का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जाँच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जाँच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं को फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। उन्होंने के कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जाँच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने 90 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये और 04 टीम को क्षेत्र में भेजकर 04 प्रकरण को निस्तारित किया गया। इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 12 मामले निस्तारित हुए, बाकी 78 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल विशाल कुमार, तहसीलदार घोरावल, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस रावर्टसगंज में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर उप जिलाधिकारी रावर्ट्सगंज आशीष कुमार त्रिपाठी तहसील में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके 49 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 08 मामले निस्तारित हुए, बाकी 41 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन तहसीलदार, सीओ ओबरा एवं नायब तहसीदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस मौके पर तहसीलदार ने 33 शिकायतों को सुनते हुए, मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 04 मामले निस्तारित हुए, बाकी 29 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

## गौ सेवा संकल्प के साथ सख्त हुआ प्रशासन



सोनभद्र। गौवंश संरक्षण को लेकर प्रशासन ने अभियान तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने शनिवार को रॉबर्ट्सगंज नगर पालिका परिषद स्थित गौ संरक्षण केंद्र पहुंचकर गौ माता की पूजा-अर्चना की और गुड़-केला खिलाया। इसके बाद उन्होंने आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने चारा, राशन और पोषण सामग्री की उपलब्धता देखी। पर्याप्त सामग्री मिलने पर संतोष जताते हुए उन्होंने साफ-सफाई, पानी, चारा और पोषण की व्यवस्था लगातार दुरुस्त रखने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गौ आश्रय स्थलों में पशुओं की देखभाल में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द ही जिले में नए गौ आश्रय स्थल तैयार होंगे। अधिक संख्या वाले आश्रय स्थलों से जरूरत के अनुसार गौवंश को दूसरे केंद्रों में स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने निराश्रित और छुट्टा पशुओं को अभियान चलाकर पकड़ने तथा गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित करने के निर्देश दिए। इससे किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान को कम करने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान सीडीओ जागृति अवस्थी, सीएमओ डॉ. अजय कुमार मिश्र, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## स्कूली वाहनों पर सख्ती 35 का चालान, छह सीज

जौनपुर। स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने ह्यमिशन सेफ फ्यूचर 3.0 अभियान के तहत स्कूली वाहनों पर सख्ती तेज कर दी है। 14 से 19 सितंबर तक चलाए जा रहे विशेष अभियान में स्कूल वाहनों की सघन जांच की जा रही है। जांच के दौरान आवश्यक प्रपत्र पूरे न मिलने पर अब तक 35 स्कूली वाहनों का चालान किया गया, जबकि छह वाहनों को सीज कर दिया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सत्येंद्र कुमार सिंह एवं यात्री मालकर अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में चल रही कार्रवाई के दौरान वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। परिवहन विभाग ने सभी विद्यालय प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों से स्कूलों में संचालित वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट समेत सभी आवश्यक दस्तावेज तत्काल अद्यतन कराने की अपील की है। साथ ही अभिभावकों से भी बच्चों को स्कूल ले जाने वाले वाहनों के सुरक्षा मानकों की जानकारी रखने का आग्रह किया गया है।

## इंटरलाकिंग कीचड़ से भरी, राहगीरों की राह मुश्किल

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज ब्लॉक क्षेत्र के जैत गांव में अम्बेडकर स्थल से बस्ती की ओर जाने वाले रास्ते पर इंटरलाकिंग खड़ंजे पर कीचड़युक्त मिट्टी जमा होने से ग्रामीणों की मुश्किल बढ़ गई है। हल्की बारिश होते ही रास्ता फिसलन भरा हो जाता है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत ने आवागमन की सुविधा के लिए इंटरलाकिंग लगवाई, लेकिन नियमित सफाई नहीं होने से खड़ंजे पर मिट्टी और कीचड़ जमा हो गया है। आरोप है कि गांव में सफाई कर्मचारी की तैनाती के बावजूद गलियों, स्कूल और मंदिरों की समुचित सफाई नहीं होती। अमृत लाल, श्यामलाल, बाबूलाल, राजू और तेजबली ने बताया कि इंटरलाकिंग से मिट्टी हटवाने के साथ बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था कर दी जाए तो समस्या दूर हो सकती है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गणेश ने बताया कि मौसम साफ होते ही गीली मिट्टी हटवाकर जेएसबी डलवाई जाएगी।

## सीएचसी पहुंची दो सदस्यीय जांच टीम

सीतापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर में इलाज में लापरवाही के आरोप के बीच 10 माह के मासूम की 14 सितंबर को हुई मौत के मामले में जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। कस्बे के संगत टोला निवासी मृतक के पिता बृजेश यादव पुत्र पुत्ती लाल की शिकायत और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर दो सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। शनिवार को तहसीलदार लहरपुर मनीष त्रिपाठी और उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सीएचसी पहुंचे। टीम ने अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार की मौजूदगी में अस्पताल का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अभिलेखों की पड़ताल की। इसके साथ ही शिकायतकर्ता के बयान भी दर्ज किए गए। जांच टीम ने बताया कि मामले की पड़ताल पूरी कर शनिवार शाम तक स्पष्ट रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। रिपोर्ट के बाद ही इलाज में लापरवाही के आरोपों की स्थिति साफ होगी!

# निषाद आरक्षण की लड़ाई तेज, गंगाजल के साथ 50 लाख लोगों को संकल्प दिलाने का लक्ष्य




सोनभद्र। विकासशील इंसान पार्टी (टप्च) के संस्थापक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुकेश साहनी ने शनिवार को चण्डी होटल स्थित एक वैंक्वेट में प्रेस वार्ता कर उत्तर प्रदेश में निषाद आरक्षण संकल्प अभियान को गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष की शुरूआत तक 50 लाख से अधिक लोगों को हाथ में गंगाजल लेकर आरक्षण के लिए संकल्पित कराने का लक्ष्य है।

साहनी ने कहा कि निषाद समाज को आरक्षण सहित उसके संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए लोकतांत्रिक और संगठित संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, आर्थिक अवसर और राजनीतिक भागीदारी को समाज की प्रमुख जरूरत बताया। उन्होंने प्रदेश सरकार में मंत्री डॉ. संजय निषाद की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि सरकार में रहते हुए वे समाज को आरक्षण और अधिकार नहीं दिला पा रहे हैं तो उन्हें इस्तीफा देकर विपक्ष में आकर अधिकारों की लड़ाई लड़नी चाहिए। साहनी ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले यदि निषाद समाज को एससी आरक्षण नहीं मिलता है तो समाज को अपने लोकतांत्रिक अधिकार और वोट की ताकत के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव, टोले, परिवार और बूथ तक अभियान पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ह्लयह लड़ाई किसी व्यक्ति या दल के खिलाफ नहीं, बल्कि निषाद समाज के संवैधानिक अधिकार, सामाजिक न्याय, सम्मान और राजनीतिक भागीदारी के लिए है।ह्व साथ ही युवाओं को शिक्षित करने पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है।

## पति पर पत्नी की नाक काटने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

हरदोई। जिले के सांडी थाना क्षेत्र के मुंशीगंज मोहल्ले की एक महिला ने पति पर उसकी नाक काटने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक घायल महिला को सांडी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां से उसे हरदोई चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल रेफर कर दिया गया।

महिला ने आरोप लगाया है कि पति ने उसके सिर पर हमला किया और चाकू से उसकी नाक काटकर नाली में फेंक दी। महिला ने आरोप लगाया कि घटना के समय उसकी सास और ससुर ने उसके हाथ पकड़े थे।

सांडी थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज ने बताया कि महिला करीब तीन महीने पहले किसी के साथ चली गई थी और बृहस्पतिवार को दोबारा वापस आने पर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। थाना प्रभारी के अनुसार, विवाद के दौरान पति ने मारपीट करते हुए पत्नी की नाक दांत से काट ली।

उन्होंने बताया कि महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और आरोपी पति दीपक को हिरासत में लेकर शांति भंग के मामले में कार्रवाई की गई है। वही, ससुराल पक्ष ने महिला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला की सास ने आरोप लगाया कि उनकी बहू साधना (27) ढाई महीने पहले मोहल्ले के ही एक युवक के साथ चली गई थी। उस समय मामला पुलिस तक पहुंचा था और पुलिस के सामने दोनों पक्षों में समझौता हुआ था, जिसके बाद साधना युवक के साथ चली गई थी।

सास ने बताया कि अचानक लौटकर साधना बच्चों को अपने साथ ले जाने लगी। इसी को लेकर विवाद हुआ और साधना ने पति के निजी अंग को दांत से काट लिया और बाद में खुद अपना सिर जमीन पर पटककर घायल हो गई। साधना की शादी करीब 10 साल पहले मुंशीगंज निवासी दीपक से हुई थी, जो पेशे से वाहन चालक है। दंपति की तीन बेटियां हैं, जिनकी उम्र आठ, छह और तीन वर्ष है।

पुलिस के अनुसार महिला की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है, जबकि सास ने शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में दिखेगी राज्य की सांस्कृतिक विरासत की झलक

नोएडा। प्रदेश की औद्योगिक और सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने के लिए 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले उप्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार व्यापार मेला में देश-विदेश से आने वाले उद्यमियों, निवेशकों और आगंतुकों को प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक कलाओं, शास्त्रीय संगीत और परंपराओं से रूबरू होने का मौका मिलेगा। सूचना विभाग के मुताबिक कार्यक्रमों की शुरुआत 25 सितंबर को शंख वादन, वैदिक मंगलाचरण और चेतन जोशी के वाद्य संगीत, अलोकनिशा श्रीवास्तव के कथक तथा ढेढ़िया लोक नृत्य के साथ होगी। दूसरे दिन 26 सितंबर को दिल्ली के पं. रविशंकर उपाध्याय और पं. ऋषि शंकर उपाध्याय का पखावज युगल वादन, भोजपुरी लोक गायन, कथक और मथुरा का लोक नृत्य मुख्य आकर्षण होंगे। इसके बाद 27 सितंबर को सैक्सोफोन वादन, झांसी का राई लोक नृत्य व भरतनाट्यम तथा 28 सितंबर को भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का प्रदर्शन, महोबा का आल्हा गायन, पीलीभीत का थारू जनजातीय नृत्य और सूफी नाइट आयोजित की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन 29 सितंबर को वाराणसी के पद्मश्री पं. शिवनाथ मिश्रा के सितार वादन और कमाल खान के गजल गायन के साथ होगा।

## महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर 12 दीपों से दी श्रद्धांजलि

दुद्धी, सोनभद्र। ब्रह्मलीन राष्ट्रसंत महंत अवेद्यनाथ महाराज की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ के आह्वान पर चलाए गए श्रीकृष्ण जन्मभूमि अतिक्रमण मुक्ति महाअभियान के तहत आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम शिवाजी तालाब स्थित हनुमान मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति के साथ समापन हुआ। 12 से 18 सितंबर तक चले अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनजागरण किया गया।



समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर माता किरण नंद गिरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी-प्रयाग संभाग एवं किन्नर प्रकोष्ठ ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री सत्यप्रकाश पांडेय रहे। संचालन प्रदेश मंत्री नागेश्वर प्रसाद गोंड ने किया। समापन अवसर पर 12 दीप प्रज्ज्वलित कर महंत अवेद्यनाथ महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों, सेवा-संकल्प और सामाजिक समरसता के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मातृशक्ति प्रदेश मंत्री रीमा देवी, जिला मंत्री राजकुमार यादव उर्फ टप्पू यादव, धमाचार्य प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शिवकुमार निषाद, किन्नर प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राधा नंद गिरी समेत पदाधिकारी, कार्यकर्ता और श्रद्धालु मौजूद रहे। हनुमान चालीसा पाठ, गौसेवा, समाजसेवा और सामाजिक समरसता सहभोज भी आयोजित किया गया।

# श्री बांके बिहारी मंदिर में गूंजे राधे-राधे के जयकारे



रॉबर्ट्सगंज (सोनभद्र)। नगर के रामलीला मैदान स्थित प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी मंदिर में शनिवार को श्री रासलीला समिति के तत्वावधान में राधा अष्टमी का पावन पर्व अत्यंत धूमधाम, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को भव्य रूप से सजाया गया और राधा रानी का अलौकिक व दिव्य दरबार सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एक दिन पूर्व से ही अखंड भजन-कीर्तन और 'राधा नाम जप' के साथ हुई, जो शनिवार दोपहर 12 बजे तक निरंतर चलती रही। सुमधुर भजनों और संकीर्तन की तान पर मंदिर में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण 'राधे-राधे' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। दोपहर ठीक 12 बजे राधा रानी के प्राकट्य काल पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद भव्य महाआरती उतारी गई। जन्मोत्सव की खुशी में बच्चों ने केक काटा और आतिशबाजी कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। इसके पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। महाआरती के उपरांत भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री रासलीला समिति के संरक्षक जितेंद्र कुमार सिंह, राम प्रसाद यादव, कृष्ण मुरारी गुप्ता, धर्मेश सिंह, पवन जैन, राकेश कुमार गुप्ता, किशोरी सिंह, अविनाश कुशवाहा, सचिन गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, विजय कांत मिश्रा, प्रदीप जायसवाल, सुंदर केसरी, धीरज जलान, विनय कुमार पाण्डेय, अनिल पांडे, विनोद केशरी, राजेश सोनी, मनोज सिंह, सत्येंद्र कुमार पांडेय, संदीप चौरसिया, चंद्र भूषण पाण्डेय, नवीन अग्रवाल, आशीष अग्रवाल सहित भारी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पेड़ पर लटके मिले दो नाबालिगों के शव, संभल पुलिस कर रही जांच

संभल। जिले के बनियाठेर थाना क्षेत्र में नेहटा के जंगल में किशोर एवं किशोरी के शव पेड़ से लटके मिले। पुलिस के अनुसार दोनों ने कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार शनिवार को ग्रामीणों ने नेहटा के जंगल में आम के एक पेड़ पर दो शव अलग-अलग चुन्नी से लटके देखे और पुलिस को सूचना दी। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने पत्रकारों को बताया कि ग्राम प्रधान से सूचना मिली थी कि नेहटा के जंगल में किशोर एवं किशोरी के शव पेड़ से लटके मिले हैं। सूचना पर बनियाठेर पुलिस और चंदौसी के क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों की उम्र 15 से 17 वर्ष के बीच है और वे बनियाठेर थाना क्षेत्र के सैंजनी गांव के रहने वाले हैं। एएसपी ने बताया कि फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाया गया है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना के कारणों का पता लगाने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## टूलकिट चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन

जौनपुर। प्रधानमंत्री के 25 वर्ष के निरंतर सेवा काल की जन-कल्याणकारी उपलब्धियों एवं ह्लविकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से विकास खण्ड बदलापुर के गौरीशंकर मंदिर, सिंगरामऊ में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना सी०एम० युवा योजना के अंतर्गत टूलकिट चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत दर्जी ट्रेड में श्रीमती अंजू देवी, श्रीमती रानी चैहान, श्रीमती सुशीला मौर्य एवं नाई ट्रेड में श्री अमित कुमार, श्री मकसूद आलम को टूलकिट वितरित किये गये। साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत राकेश कुमार, विक्रम सिंह, राय साहब यादव, चन्दन मौर्य एवं दीपक विश्वकर्मा को 05-05 लाख के डमी चेक वितरित किये गये। मुख्य अतिथि विधायक श्री रमेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि विश्वकर्मा समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और सरकार की यह योजना कारीगरों के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने सभी लाभार्थियों को विकसित भारत 2047 के संकल्प से जुड़ने का आह्वान किया। सहायक प्रबंधक रणजीत कुमार वर्मा ने बताया कि उद्योगों के माध्यम से रोजगार के अवसरों का सृजन करना, युवाओं एवं उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाना और समाज के व्यापक वर्ग तक विकास का लाभ पहुँचाना है। इसी दृष्टिकोण के साथ विभाग द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी एवं रोजगारपरक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक युवाओं, छोटे उद्यमियों, कारीगरों तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन तथा अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी इन योजनाओं से जुड़ें और अपने कौशल एवं क्षमता को आर्थिक अवसर में परिवर्तित कर सकें। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय कारीगर, उद्यमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अशोक यादव का हुआ स्वागत



मीरजापुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उप्र के पूर्व मुख्यमन्त्री अखिलेश यादव ने भरोसा जताते हुए दूसरी बार संगठन की बागडोर सौंपी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास किया है, उसे टूटने नहीं दूंगा। पार्टी के सभी कार्यकताओं का पूरा सम्मान किया जायेगा। भविष्य में होने वाले हर चुनाव में जिले में पॉचों विधानसभा में सपा का परचम लहरायेगा। उन्होने लगे हाथ भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा कि भाजपा सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गयी है आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव जनता इनका सूपड़ा साफ कर देगी। पत्रकार वार्ता में एमएलसी आशुतोष सिन्हा, पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया, पूर्व सांसद लालचन्द कोल, देवी प्रसाद चौधरी, शिवशंकर सिंह यादव, आशीष यादव, परवेज खान, मुन्नी यादव, डा. संतोष सिंह, रविन्द्र बहादुर सिंह, राजनारायण निराला, सुरेन्द्र सिंह पटेल, रोहित शुक्ला, गिरधारी पटेल, आशीष राय, कीर्ति कोल, रमाशंकर कोल आदि मौजूद रहें।

## संत कबीर नगर में सपा सांसद की गाड़ी पर पथराव

संत कबीर नगर। संत कबीर नगर जिले के बखिरा थाना क्षेत्र में गणेश मूर्ति के विसर्जन की शोभायात्रा के दौरान समाजवादी पार्टी के सांसद लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद की कार पर कथित तौर पर पथराव किया गया, जिससे वाहन का शीशा टूट गया। पुलिस ने बताया कि सांसद की शिकायत के अनुसार, यह घटना शुक्रवार रात बखिरा थाना क्षेत्र के अमरडोभा गांव के पास उस समय हुई, जब वह बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर लौट रहे थे। गणेश मूर्ति के विसर्जन की शोभायात्रा के दौरान तेज आवाज में संगीत बजाने को लेकर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से नाराज लोग अमरडोभा के पास सड़क किनारे धरना दे रहे थे और इन लोगों ने सांसद की गाड़ी को कथित तौर पर घेर लिया तथा उस पर पथराव किया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप कर सांसद को वहां से सुरक्षित निकाला। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीणा ने बताया कि सांसद की ओर से शिकायत मिली है और पुलिस पथराव में शामिल लोगों की पहचान कर रही है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में सैकड़ो मरीजों की हुई जांच

जिला संवाददाता



- डीएमएफ-सीएसआर के पैसे से हो ट्रामा सेंटर का हो निर्माण: डा ए के गुप्ता
- घटना दुर्घटना एक्सीडेंट होने पर जाना पड़ता है वाराणसी ट्रामा सेंटर।

डाला सोनभद्र-मीडिया हाउस प्रेस कार्यालय बारी डाला स्थित कार्यालय पर आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं जांच शिविर में लगभग 150 मरीजों की जांच की गई, दर्जनो मरीजो के निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट अस्पताल ले जाया गया। उक्त अवसर पर मीडिया हाउस के अध्यक्ष/प्रधान संपादक डा ए के गुप्ता ने सभी मेडिकल टीम का स्वागत किया।

ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में आंखों के इलाज के क्षेत्र में प्रमुख स्थान रखने वाला श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट के वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम के द्वारा मीडिया हाउस प्रेस कार्यालय बारी डाला स्थित कार्यालय पर आयोजित निःशुल्क नेत्र परिक्षण एवं जांच शिविर में आंखो से संबंधित मोतियाबिंद नाखूना एलर्जी से संबंधित लोगों की जांच की गई। जांच के उपरांत सभी मरीजों को चश्मा आई ड्रॉप वितरण किया गया। दर्जनों मरीज के आंख में मोतियाबिंद पाए जाने पर उनके निःशुल्क इलाज व ऑपरेशन हेतु चित्रकूट ले जाया गया।

उक्त अवसर पर मीडिया हाउस के अध्यक्ष/प्रधान संपादक डॉ ए के गुप्ता ने कहां की हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिले। मीडिया हाउस द्वारा सामाजिक स्वस्थ्य के क्षेत्र में हमेशा मेडिकल कैंप एवं जन जागरूकता आदि कार्यक्रम का आयोजन रेगुलर किया जाता है। जिसका लाभ स्थानीय जनता एवं मजदूरों को मिलता है। औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं खनन क्षेत्र होने के नाते नियमानुसार खनन पट्टा धारकों को हर 6 महिने पर मजदूरों के स्वास्थ्य लाभ हेतु रेगुलर मेडिकल कैंप का आयोजन कराना अनिवार्य है। जिसकी रिपोर्ट नियमानुसार शासन प्रशासन विभागों तक हमेशा जानी चाहिए। डा गुप्ता ने कहा कि खनन क्षेत्र से बड़े पैमाने पर सरकार को राजस्व मिलता है किंतु खनन क्षेत्र में मेडिकल की कोई भी एक सुविधा नहीं है। खनन क्षेत्र होने के नाते घटना दुर्घटना एक्सीडेंट आए दिन घटना रहता है मजदूर की मौत होते रहती है बावजूद उसके समस्याओं को नजर अंदाज कर दिया जाता है। कार्य करने वाले सभी मजदूरों का श्रम विभाग में पंजीयन एवं स्वास्थ्य बीमा होना अनिवार्य है। डा गुप्ता ने कहां कि मुख्यमंत्री शासन प्रशासन को औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं खनन क्षेत्र में मेडिकल इमरजेंसी की गंभीरता से देखते हुए खनन क्षेत्र के एक दो किलोमीटर के अंतर्गत 100 बेड का इमरजेंसी ट्रामा सेंटर हॉस्पिटल का निर्माण कराया जाना अनिवार्य है। ताकि इसका लाभ आसपास के क्षेत्र के साथ-साथ ऊर्जाचल तक के औद्योगिक क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी मजदूरों को उसका लाभ मिले। आए दिन घटना दुर्घटना एक्सीडेंट होता रहता है मजदूरों को लेकर वाराणसी ट्रामासेटर भागना पड़ता है जिससे लोगों की रास्ते में दुखद मौत हो जाती है। जो गंभीर चिंता का विषय है इस मामले को जिला प्रशासन शासन जनप्रतिनिधियों को गंभीरता से लें और जिला खनिज निधि फाउंडेशन, सीएसआर के माध्यम से ट्रामा सेंटर का निर्माण कराया जाना जनहित में बहुत ही महत्वपूर्ण है। मेडिकल कैंप के दौरान डॉ मनीष तिवारी, हंसराज यादव, सुशील मिश्रा, क्रशर ओनर्स एसोसिएशन के सचिव अभिषेक सिंह उर्फ पिंकू सिंह, उमेश चंद्र मिश्रा, मनमोहन शुक्ला, रामप्यारे सिंह, त्रिभुवन पांडे, कृपाशंकर पांडे, राघवेंद्र नाथ पांडे, शिव शंकर गुप्ता, विनय गुप्ता, दिव्यांश गुप्ता, निकिता गुप्ता, अनुप्रिया गुप्ता आदि लोगों उपस्थित रहे।

## फर्जी दस्तावेजों से अपराधियों को जमानत दिलाने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

भदोही। पुलिस ने गंभीर अपराधों में जेल में बंद बाहरी और अपरिचित अपराधियों को फर्जी शपथ पत्र, कूटरचित दस्तावेज और झूठी प्रतिभूति के आधार पर जमानत दिलाकर फरार कराने वाले संगठित गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बताया कि गिरोह से जुड़े पेशेवर जमानतदार माधो (60) को शुक्रवार शाम ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के भिदिउरा गांव से गिरफ्तार किया गया। उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

पूछताछ में माधो ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि वह दुष्कर्म, हत्या, लूट, पॉक्सो अधिनियम, एससी/एसटी अधिनियम, अवैध शराब और गांजा तस्करी जैसे मामलों में जेल भेजे गए नौ अपराधियों को जमानत दिलाकर फरार होने में मदद की। एसपी ने बताया कि उसने गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम भी बताए हैं। मामला 13 जुलाई को सामने आया, जब गोपीगंज पुलिस ने हरियाणा के पानीपत से बिहार जा रहे एक ट्रैक्टर के साथ लगे पानी के टैंकर से 1,005 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की थी। पुलिस ने शामली जिले के थाना भवन निवासी तस्कर मनोज कुमार उर्फ राहुल सैनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस के अनुसार, मनोज को महज 10 दिन बाद, 24 जुलाई को अदालत से जमानत मिल गई। जमानतदार लालजी के घर सत्यापन के दौरान उपनिरीक्षक सत्येंद्र राय को मामले का खुलासा हुआ। जांच में आरोप है कि लालजी एक संगठित गिरोह के जरिए बाहरी अपराधियों को फर्जी दस्तावेज और झूठे शपथ पत्र के आधार पर, एक ही संपत्ति को अलग-अलग मामलों में बार-बार जमानत के लिए प्रतिभूति के रूप में प्रस्तुत करता था और पैसे लेकर जमानत दिलाता था। एसपी ने बताया कि उपनिरीक्षक की तहरीर पर 25 जुलाई को ज्ञानपुर थाने में लालजी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश शुरू हुई। इसी कार्रवाई में माधो को गिरफ्तार किया गया। एसपी के मुताबिक, शराब तस्कर मनोज कुमार उर्फ राहुल सैनी की अदालत से मंजूर जमानत निरस्त करा दी गई है।

संक्षेप

## छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। नाबालिग से छेडखानी के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को थाना बार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष कुमार मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना बार पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि थाना बार में दर्ज मु0अ0सं0 223/2026 से संबंधित वांछित अभियुक्त ग्राम मथुराडांग निवासी बृजमोहन पुत्र बलबीर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 74/352 बीएनएस तथा धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए उसे संबंधित माननीय न्यायालय भेज दिया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अशोक कुमार, हेड कांस्टेबल आदि है।

# मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनीं जन शिकायतें

जिला संवाददाता



ललितपुर। जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के लिए शासन की मंशानुसार शनिवार को जिले की तहसील तालबेहट में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त झांसी मण्डल

- निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को दी कड़ी चेतावनी

झांसी बिमल कुमार दुबे और जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही कई जटिल शिकायतों का निस्तारण कराया।

समाधान दिवस के दौरान मुख्य रूप से जमीनी विवादों, राजस्व वादों, विभिन्न कानूनी मामलों और कल्याणकारी योजनाओं से सम्बंधित शिकायतें भारी संख्या में प्राप्त हुईं। मण्डलायुक्त बिलम कुमार दुबे ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों को एक-एक कर देखा और मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्षता के साथ समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें। विशेष रूप से जमीनी और राजस्व विवादों के स्थायी समाधान के लिए मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर जाकर शिकायतों की गहन जांच करने और पारदर्शिता के साथ त्वरित निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए।

उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि जमीनी विवादों और राजस्व से जुड़े मामलों में त्वरित विधिक कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी अधिकारी द्वारा निस्तारण में लापरवाही बरती जाती है तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर जनपद की पांचों तहसीलों से 254 शिकायतें प्राप्त हुईं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चोहान, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, उप जिलाधिकारी तालबेहट अभिजीत सिंह, क्षेत्राधिकारी तालबेहट, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य जनपदीय व तहसील स्तर के समस्त विभागीय अधिकारी, कानूनगो और लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

## एएसपी ने किया तालबेहट थाने का निरीक्षण



ललितपुर। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने शनिवार को थाना तालबेहट का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर के विभिन्न हिस्सों का जायजा लेते हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केंद्र, सीसीटीएनएस कक्ष, मेस सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय एवं मिशन शक्ति केंद्र से संबंधित विभिन्न रजिस्टरों का निरीक्षण किया। उन्होंने रजिस्टरों के उचित एवं व्यवस्थित रखरखाव के लिए संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया। साथ ही मुकदमों से संबंधित लंबित माल का निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के अनुसार निस्तारण कराने तथा उसका सही तरीके से रखरखाव सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई और रखरखाव पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाने में उपलब्ध शस्त्रों एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का नियमानुसार रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी स्तर पर लापरवाही न हो। एएसपी कालू सिंह ने थाना क्षेत्र में लंबित विवेचनाओं की भी समीक्षा करते हुए उन्हें गुण-दोष के आधार पर विधिक एवं निष्पक्ष तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अपराध नियंत्रण के लिए सक्रियता के साथ कार्य करने तथा थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अवैध शराब, मादक पदार्थों और पशु तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए इन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियानात्मक कार्रवाई करने को कहा।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत हजारों विद्यार्थियों ने मेरे सपनों का भारत थीम पर बनायी पेंटिंग




बाराबंकी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर शुरू सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत थीम पर जनपद के 237 माध्यमिक एवं परिषदीय विद्यालयों में रचनात्मक एवं अभिव्यक्तिपरक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अभियान मे विभिन्न राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में चित्रकला, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताये आयोजित हुई। जबकि सभी परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 5 से 8 तक के 72 हजार 7 सौ सत्ताइस विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता रंगों के जरिये विकसित भारत की कल्पना को आकार व भाषण प्रतियोगिताओं में बच्चों की राष्ट्र पुनर्निर्माण में किए जा रहे प्रयासों को लेकर सकारात्मक सोच दिखाई दी। अभियान संयोजक व जिला महामंत्री विजय आनंद बाजपेई ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय द्वितीय चरण आगामी 25 से 30 सितंबर के मध्य सम्पन्न होगा। विद्यालय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों की पेंटिंग की प्रदर्शनी ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों में लगेगी जिसमें चयनित विद्यार्थी जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा, पवन सिंह, ब्रजेश रावत, शीलरत्न मिहिर, रामेश्वरी त्रिवेदी, विवेक तिवारी, हरीश द्विवेदी मौजूद रहे।

## टीआरसी लॉ कॉलेज में शोध प्रबंध और शोध पत्र लेखन मार्गदर्शन विषय पर कार्यशाला का आयोजन

सतरिख, बाराबंकी। टीआरसी लॉ कॉलेज के सेमिनार हॉल में परास्नातक विभाग द्वारा शोध प्रबन्ध डिजर्टेशन एवं शोध पत्र लेखन मार्गदर्शन विषय पर कार्यशाला का शुभारम्भ शासी निकाय अध्यक्ष डा0 सुजीत चतुर्वेदी, प्राचार्य डॉ0 अश्वनी कुमार गुप्ता, डॉ0 अविनाश मिश्रा, उप प्राचार्य डॉ0 दीपमाला श्रीवास्तव ने संयुक्त रुप से माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम मे एलएलएम शोध प्रबन्ध एवं शोध पत्र लेखन से संबंधित प्रमुख विषयों का संक्षिप्त परिचय, विद्यार्थियों से अपेक्षाएँ, शैक्षणिक मानक शोध के लिए दिशा-निर्देशन एवं समग्र मार्गदर्शन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ0 इन्द्र दमन तिवारी, आशुतोष पाण्डेय, डॉ0 वीर विक्रम सिंह, शिवम शर्मा, डॉ0 नवीन कुमार सिंह, डॉ0 अमजद अंसारी, अजय कुमार, अंकित मिश्रा मौजूद रहे।

## कवि सम्मेलन में काव्यपाठ प्रस्तुत पर श्रोता हुए मंत्रमुग्ध



बाराबंकी। ग्राम अमोली कला मे श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। महोत्सव मे अंतरराष्ट्रीय कवि डॉ0 विष्णु सक्सेना सिकंदराराऊ, राम भदावर इटावा, सबरस मुरसानी हाथरस, पं0 सुनील सौम्य चित्रकूट धाम, अंशु प्रिया दुबे लखनऊ, प्रदीप महाजन बाराबंकी ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। सम्मेलन का संचालन रायबरेली से आये नीरज पाण्डेय व संयोजक रमाकान्त शुक्ला एडवोकेट ने किया।

## फर्जी दस्तावेजों से जमानत कराने वाले पेशेवर जमानतियों का खुलासा

जिला संवाददाता

ललितपुर। कोतवाली पुलिस द्वारा जमानतियों के भौतिक सत्यापन के दौरान कथित तौर पर फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर विभिन्न मुकदमों में आरोपियों की जमानत कराने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार कुछ लोग पेशेवर तरीके से जमानती बनकर अलग-अलग मुकदमों में आरोपियों की जमानत करा रहे थे। मामले में उपनिरीक्षक अनिल कुमार की तहरीर पर कोतवाली थाने में छह नामजद जमानतियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक कुलदीप राणा को सौंपी है। पुलिस के मुताबिक भौतिक सत्यापन के दौरान जमानतियों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों और पूर्व में कराई गई जमानतों की जानकारी का मिलान किया गया। जांच में कई ऐसे मामले सामने आए, जिनमें उक्त जमानतियों के माध्यम से अलग-अलग थानों में दर्ज मुकदमों के आरोपियों की जमानत कराए जाने का विवरण मिला। पुलिस अब दस्तावेजों की वास्तविकता, जमानतियों की भूमिका तथा इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जांच कर रही है।

नामजद आरोपियों में दैलवारा व हाल नेहरू नगर निवासी कन्हैयालाल पुत्र बारेलाल, आजादपुरा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र बल्देव प्रसाद, जीरोंन निवासी भरत पुत्र हरदास, पिपरिया वंशा निवासी इमरत पुत्र देवी उर्फ दिब्बा, रतीराम पुत्र जूजा, आजादपुरा निवासी बाबूलाल उर्फ बल्लू पुत्र कम्मोद शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) एवं 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# राधा अष्टमी पर गूंजे राधा-कृष्ण के जयकारे

ललितपुर। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर राधा अष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई। भक्तों ने मंदिर पहुंचकर राधा-कृष्ण के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। राधा अष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। धार्मिक वातावरण के बीच वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन का आयोजन किया गया। हवन कुंड में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर भगवान श्री राधा-कृष्ण से परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्य की प्रार्थना की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर राधा-कृष्ण के जयकारों से गूंजता रहा। आयोजन में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में भी राधा अष्टमी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। गांधी नगर नई बस्ती स्थित 1008 श्री राधा कृष्ण साहू समाज मंदिर में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान राधा-कृष्ण की पूजा की और मंदिर में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान

- नगर के राधा-कृष्ण मंदिरों में हवन-पूजन के साथ मनाया गया उत्सव
- विशाल भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

भक्तिमय माहौल बना रहा। राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में विशेष रूप से प्रसाद की व्यवस्था की गई। पूजा-अर्चना और हवन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजकों की ओर से सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने कहा कि धार्मिक पर्व समाज को एकजुट करने के साथ ही नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड ? का कार्य करते हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में भी धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्कार विकसित होते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। लोगों ने भगवान राधा-कृष्ण से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा और देर तक राधा-कृष्ण के जयकारे गूंजते रहे।

इधर भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि के पावन अवसर पर श्रीहनुमानधारा मंदिर एवं वेद विद्या संस्कृत गुरुकुलम, हनुमानधारा में राधा अष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। महामंडलेश्वर महंत राधामोहन दास महाराज के सानिध्य में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में महंतश्री गोपीदास जी के सानिध्य में सुंदरकांड पाठ, हवन-पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। धार्मिक कार्यक्रम के उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। बीटीसी कॉलेज के सामने गोकुल घाट, पिसनारी स्थित श्री हनुमानधारा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की और पुण्य लाभ अर्जित किया। राधा अष्टमी के अवसर पर आयोजित सामूहिक सुंदरकांड पाठ के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने एक साथ सुंदरकांड का पाठ किया। इस दौरान जय श्रीराम और राधे-राधे के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गूंजता रहा।

# डीएम और एसपी पहुंचे कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय फतेहपुर



बाराबंकी। विद्यालय की शैक्षिक, आवासीय, भोजन, स्वच्छता तथा बालिकाओं की सुरक्षा एवं संरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लेने जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने कस्तूरबा गांधी

- शैक्षिक गुणवत्ता, आवासीय सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओ की स्थिति का लिया जायजा
- छात्राओ संग अधिकारियो ने किया भोजन, कक्षा 10 उत्तीर्ण 2 को किया सम्मानित

आवासीय बालिका विद्यालय फतेहपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने कक्षा 6 से 12 तक संचालित विभिन्न कक्षाओं में पहुंच बालिकाओं से संवाद कर शैक्षिक गुणवत्ता, अध्ययन-अध्यापन स्थिति एवं विषयगत समझ तथा उपलब्ध आवासीय सुविधाओं, भोजन, पेयजल, स्वच्छता तथा सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कक्षा 10 उत्तीर्ण करने वाली दो बालिकाओं को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। तथा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बालिकाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए निरंतर मेहनत करने, उच्च शिक्षा के लिए आगे बढ़ने तथा अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में उपस्थित 172 बालिकाओं को पानी बोतल, कॉपी, पेन, चिप्स एवं चॉकलेट आदि सामग्री का वितरण किया गया। इसके उपरान्त डी0एम, एसपी ने बालिकाओं के साथ बैठकर भोजन किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी मो0 आफताब, उपजिलाधिकारी फतेहपुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा पुनीत मणि त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्य गोदाम में बोरियों से खाद्य सामग्री निकालने का आरोप



ललितपुर। तालबेहट तहसील क्षेत्र के थाना बार अंतर्गत बिधा महावत के पास स्थित मुख्य गोदाम में खाद्य सामग्री एवं अनाज की बोरियों से कथित रूप से सामग्री निकाले जाने और भारी अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं। मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के मंडल उपाध्यक्ष झांसी कीरत बाबा, निवासी बार ने जिलाधिकारी को ज्ञापन

- वीडियो साक्ष्य का हवाला देकर स्टॉक व अभिलेखों की जांच की मांग
- अनियमितता मिलने पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग
- भाकियू टिकैत ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

सौंपकर पूरे प्रकरण की जांच कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि गोदाम में रखी बोरियों से खाद्य सामग्री अथवा अनाज निकाले जाने की जानकारी सामने आई है। शिकायतकर्ता ने इस संबंध में वीडियो साक्ष्य उपलब्ध होने का भी दावा किया है। आरोपों की वास्तविकता की जांच के लिए गोदाम का भौतिक सत्यापन कराने तथा उपलब्ध अभिलेखों और मौके पर मौजूद स्टॉक का मिलान कराने की मांग की गई है। कीरत बाबा के अनुसार, गोदाम में रखी बोरियों से खाद्य सामग्री निकाले जाने की स्थिति वीडियो में दिखाई दे रही है। उनका कहना है कि यदि निर्धारित मात्रा में सामग्री गोदाम में रखी गई थी और बाद में बोरियों से सामग्री निकाली गई है तो इससे स्टॉक में कमी और संभावित हेराफेरी की स्थिति की जांच आवश्यक हो जाती है। हालांकि, ज्ञापन में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है और मामले की वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। भाकियू नेता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गोदाम में उपलब्ध खाद्य सामग्री की वास्तविक मात्रा का भौतिक सत्यापन कराया जाए। इसके साथ ही स्टॉक रजिस्टर, आवक-निर्गत अभिलेख, गोदाम में रखी बोरियों की संख्या तथा संबंधित दस्तावेजों का मौके पर उपलब्ध सामग्री से मिलान कराने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि अभिलेखों और वास्तविक स्टॉक का मिलान होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि गोदाम में किसी प्रकार की कमी अथवा अनियमितता हुई है या नहीं। ज्ञापन में उपलब्ध बताए जा रहे वीडियो की भी जांच कराने की मांग की गई है। इसके लिए संबंधित विभाग अथवा साइबर सेल के माध्यम से वीडियो की तकनीकी जांच कराए जाने का अनुरोध किया गया है, ताकि वीडियो की प्रामाणिकता और उसमें दिखाई दे रही गतिविधियों की वास्तविकता स्पष्ट हो सके। कीरत बाबा ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और जांच में यदि किसी प्रकार की हेराफेरी, अनियमितता अथवा खाद्य सामग्री के गबन की पुष्टि होती है तो संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। भाकियू नेता ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए गोदाम का शीघ्र निरीक्षण कराने, स्टॉक का सत्यापन करने और उपलब्ध वीडियो साक्ष्य की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की है।

## पति की मौत के बाद लंबित था अंत्योदय कार्ड, डीएम ने तत्काल कराया समाधान




बाराबंकी। पति की मृत्यु के बाद परिवार के भरण-पोषण के लिए अंत्योदय योजना पर निर्भर रसुला पत्नी स्व गुलाम निवासी ग्राम दोहई, विकासखण्ड सूरतगंज ने अंत्योदय कार्ड स्थानांतरण कई माह से लंबित होने की समस्या को लेकर आज तहसील फतेहपुर स्थित लोकसभागार मे चल रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के समक्ष पहुंच प्रार्थना पत्र सौपा। जिस पर जिलाधिकारी ने समस्या को सुनते हुये तत्काल जिला पूर्ति अधिकारी को

- अधिक शिकायत वाले क्षेत्रों में विद्युत विभाग टीम भेज मौके पर समस्याओं का समाधान करे सुनिश्चित: डीएम

आवेदिका के अंत्योदय कार्ड में आवश्यक संशोधन कराते हुए जारी करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी ने जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुये कहा कि विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों का केवल कागजी निस्तारण स्वीकार नहीं किया जाएगा। शिकायतों का स्थलीय सत्यापन कराते हुए वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करे। विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफॉर्मर, कनेक्शन एवं अन्य समस्याओं के निस्तारण में अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। आज तहसील नवाबगंज में 147 प्रार्थना पत्र मे 12, तहसील रामसनेहीघाट में 100 में 13, तहसील सिरौलीगौसपुर मे 18 में से 4, तहसील रामनगर में 89 में 5, तहसील फतेहपुर में 56 में 7, तहसील हैदरगढ़ में 68 में 2 प्रार्थना पत्रो का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसपी अर्पित विजयवर्गीय, एसडीएम फतेहपुर कार्तिकेय सिंह, एएसपी मो0 आफताब सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया से वाहन हटाये, टैक्सी चालकों में रोष

जिला संवाददाता



ललितपुर। रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया से शनिवार को आरपीएफ की कार्रवाई के बाद उस समय अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, जब स्टेशन परिसर में खड़े बसों, कारों और टैक्सियों को बाहर कर दिया गया। अचानक बड़ी संख्या में वाहनों

- आरपीएफ की कार्रवाई के बाद देवगढ़ तिराहे पर लगा लंबा जाम
- टैक्सी चालकों ने मांगा स्थायी स्टैंड

के बाहर निकलने से स्टेशन तिराहे पर यातायात का दबाव बढ़ गया और कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हुई। वाहनों की कतार रेलवे स्टेशन से लेकर ललित पैलेस तक पहुंच गई। कार्रवाई से टैक्सी चालकों में भी रोष देखने को मिला। जानकारी के अनुसार, रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के आसपास बसों और अन्य वाहनों के खड़े रहने से यात्रियों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। यात्रियों की ओर से इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक से शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद शनिवार सुबह आरपीएफ/जीआरपी थानाध्यक्ष अर्जुन आर. विडासर के नेतृत्व में स्टेशन परिसर में खड़े वाहनों को हटाने की कार्रवाई की गई। आरपीएफ थानाध्यक्ष अर्जुन आर. विडासर के अनुसार स्टेशन के बाहर नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों को हटाया गया है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई का उद्देश्य रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ बसें बिना अनुमति के रेलवे स्टेशन परिसर में खड़ी थीं, जिसके चलते उन्हें परिसर से बाहर किया गया। स्टेशन परिसर से वाहनों को बाहर किए जाने के बाद बड़ी संख्या में वाहन एक साथ सड़क पर आ गए। इससे स्टेशन तिराहे और देवगढ़ तिराहे की ओर यातायात का दबाव बढ़ गया। कुछ समय के लिए स्थिति ऐसी बनी कि वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्रियों व राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहनों की कतार रेलवे स्टेशन से लेकर ललित पैलेस तक पहुंचने की बात सामने आई। कार्रवाई के बाद टैक्सी चालकों में नाराजगी देखी गई। उनका कहना है कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को लाने-ले जाने के लिए उन्हें वाहनों के साथ स्टेशन के आसपास रहना पड़ता है। यदि वाहनों को खड़ा करने की कोई निर्धारित व्यवस्था नहीं होगी तो यात्रियों को लेने और छोड ? में परेशानी होगी। टैक्सी चालकों ने मांग की कि रेलवे प्रशासन और संबंधित विभाग आपसी समन्वय से रेलवे स्टेशन के बाहर या आसपास टैक्सी वाहनों के लिए एक निर्धारित और स्थायी टैक्सी स्टैंड की व्यवस्था करें। इससे एक ओर यात्रियों को सुविधा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर सड़क पर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े होने और जाम की समस्या से भी राहत मिल सकती है। फिलहाल रेलवे स्टेशन परिसर में वाहनों की पार्किंग और टैक्सी संचालन को लेकर कार्रवाई के बाद व्यवस्था को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। अब यात्रियों और टैक्सी चालकों की नजर इस बात पर है कि रेलवे प्रशासन की ओर से वाहनों के लिए कोई वैकल्पिक और व्यवस्थित स्थान निर्धारित किया जाता है या नहीं।

# भारत के युवा खड़ी करेंगे इंटेल जैसी कंपनियां

एजेंसी

नयी दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि वाणिज्यिक स्तर पर पांच सेमीकंडक्टर इकाइयों में उत्पादन शुरू होने और वैश्विक कंपनियों के नए निवेश के लिए आगे आने के साथ भारत की चिप रणनीति को लेकर शुरुआती सवाल अब बढ़ते भरोसे में बदल गए हैं।

उन्होंने पूरा भरोसा जताया कि भारत में युवाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप देश में ही क्वालकॉम और इंटेल जैसी कंपनियां खड़ी करेंगे। वैष्णव ने कहा कि कई देश भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखते हैं। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि सेमीकंडक्टर उद्योग और गहन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को संभावित साइबर हमलों, खतरों और उन लोगों से पैदा होने वाली बाधाओं के प्रति सतर्क रहना होगा, जो वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य शृंखला में भारत के उभरने में अड़चन डालना चाहते हैं। वैष्णव ने कहा कि पिछले चार-पांच वर्षों में भारत की विनिर्माण क्षमताओं को लेकर वैश्विक धारणा में बुनियादी बदलाव आया है।

उन्होंने कहा कि शुरुआत में उठाए गए सवाल अब खत्म हो गए हैं और परियोजनाओं के निर्माण से लेकर प्रायोगिक उत्पादन और अब बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक उत्पादन तक पहुंचने के साथ भारत को लेकर भरोसा बढ़ा है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अब भारत में निवेश की तैयारी कर रहे हैं और कई कंपनियां स्थानीय साझेदारियों तथा संयंत्रों के स्थान को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं। वैष्णव ने बताया कि एक कंपनी के सीईओ ने उनसे बातचीत के दौरान कहा कि उस कंपनी के निदेशक मंडल ने भारत में सेमीकंडक्टर



योजनाओं के लिए उतनी पूंजी लगाने की मंजूरी दी है, जितनी उनकी टीम वास्तव में खर्च कर सकती है।

वैष्णव ने कहा इस तरह की प्रतिक्रिया हमारे प्रयासों को मान्यता देती है, लेकिन मैं अब भी कहता हूं कि यह सिर्फ पहला कदम है, यह आधार है। अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है, क्योंकि सेमीकंडक्टर जैसा मुश्किल और जटिल उद्योग खड़ा करने के लिए दृढ़ता, धैर्य और हर स्तर पर बारीकी से काम करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की दीर्घकालिक सफलता केवल मौजूदा बाजार के उत्पादों पर ध्यान देने से नहीं मिलेगी, बल्कि अलग पहचान वाले उत्पाद विकसित करने पर निर्भर करेगी। उन्होंने युवा नवोन्मेषकों से अपनी डिजाइन क्षमताएं दिखाने का आग्रह किया, ताकि विनिर्माता भारतीय आपूर्ति श्रृंखला को अपनाने के लिए प्रेरित हों। मंत्री ने विश्वास जताया कि युवाओं के नेतृत्व वाले प्रयास आने वाले वर्षों में भारत से अगली क्वालकॉम और इंटेल जैसी कंपनियां खड़ी करेंगे। वैष्णव ने कहा मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों में भारत से क्वालकॉम और इंटेल जैसी कंपनियां सामने आएंगी, क्योंकि युवा पीढ़ी अच्छे उत्पाद बनाने की जिम्मेदारी संभालेगी। मंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब भारत एक मजबूत सेमीकंडक्टर परिवेश विकसित करने के व्यापक प्रयास कर रहा है। इसमें केवल चिप विनिर्माण तक सीमित रहने के बजाय उपकरण, सामग्री, पैकेजिंग, डिजाइन और आपूर्ति श्रृंखला की अन्य महत्वपूर्ण कड़ियों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। सेमीकॉन 2.0 नीति के तहत भारत चिप डिजाइन से लेकर चिप विनिर्माण, परीक्षण और प्रतिभा विकास तक पूरी सेमीकंडक्टर मूल्य शृंखला तैयार करने के लिए बड़े पूंजीगत प्रोत्साहन, इंजीनियरिंग क्षमताओं और बड़े उपभोक्ता बाजार का लाभ उठा रहा है। सरकार के अनुसार, सेमीकॉन 2.0 के तहत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में करीब 11-12 अरब डॉलर के निवेश में रुचि सामने आई है। इन परियोजनाओं के अगले दो-तीन वर्षों में आकार लेने की उम्मीद है।


# भ्रष्टाचार मामले में लोक सेवक बरी

## सीबीआई की जांच के दौरान मिलीं गंभीर खामियां : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दो दशक से अधिक पुराने भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच के दौरान गंभीर खामियों और जल्दबाजी का उल्लेख करते हुए एक लोक सेवक को बरी कर दिया। मामले में रिश्वत की मांग को लेकर अधिकारी को रंगे हाथों पकड़ने के लिए जाल बिछाने की कार्वाई की गई थी।

शीर्ष अदालत ने केरल उच्च न्यायालय के मई 2024 के आदेशों को चुनौती देने वाली अपील पर अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि सीबीआई यह साबित नहीं कर सकी कि बरामद रिश्वत की रकम उन्हीं के लिए थी। केरल उच्च न्यायालय ने एक विशेष सुनवाई अदालत द्वारा लोक सेवक को दोषी ठहराने और सजा सुनाने के फैसले को सही ठहराया था। आरोप लगाया



गया था कि अपीलकर्ता ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के मंडल सुरक्षा आयुक्त के पद पर रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया। उसने स्थानांतरण, तैनाती और अन्य सेवा संबंधी लाभ चाहने वाले आरपीएफ कर्मियों से अधीनस्थ अधिकारियों को बिचौलिये के रूप में इस्तेमाल कर कथित रूप से अवैध रिश्वत मांगी और हासिल की। जांच के बाद कई अंतिम रिपोर्ट दाखिल की गईं और अवैध रिश्वतखोरी के कथित अलग-अलग लेनदेन के आधार पर कई अभियोजन मामले दर्ज किए गए। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि इस मामले में जाल बिछाने की कार्वाई को अंजाम देने के तरीके में संदेह के तत्व मौजूद थे। पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता ने कथित रूप से अपीलकर्ता द्वारा मांगी गई रिश्वत के बारे में तीन अगस्त, 2005 को सीबीआई को जानकारी दी थी और जांच एजेंसी ने अगले ही दिन जाल बिछाने का फैसला कर लिया था। पीठ ने कहा कि चार अगस्त, 2005 को प्राथमिकी दर्ज की गई और उसी दिन जाल बिछाने की कार्वाई को अंजाम दिया गया। पीठ ने 16 सितंबर को दिए गए अपने फैसले में कहा, यह हैरान करने वाली बात है कि सीबीआई ने औपचारिक प्राथमिकी दर्ज होने से पहले ही रिश्वत की शिकायत का सत्यापन करके संज्ञेय अपराध की जांच शुरू कर दी।

संक्षेप

## पत्नी व तीन बच्चों की कुल्हाड़ी से हत्या

दमोह (मप्र)। मध्यप्रदेश के दमोह जिले में शनिवार तड़के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों की कथित तौर पर कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने बताया कि घटना मगरोन थानाक्षेत्र के कबीरपुर गांव में सुबह करीब चार बजे हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी द्वारका पटेल (28) ने अपनी पत्नी खेमाबाई (25), बेटी उर्मिला (7) और बेटों उमेश (4) एवं राजा (1) पर सोते समय कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे चारों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से पारिवारिक विवाद था। पुलिस ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले खेमाबाई ने मगरोन थाने में अपने पति के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को भी दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद खेमाबाई के पिता ने मौके पर पहुंचकर दोनों को समझाया था। पुलिस ने बताया कि उनके जाने के बाद रात में फिर से दोनों के बीच विवाद होने की जानकारी मिली।

## सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत की स्थिति मजबूत

नयी दिल्ली। भारत में मजबूत घरेलू उपभोक्ता मांग और बढ़ता जनसांख्यिकीय लाभांश देश को वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आगे बढ़ने के विशिष्ट अवसर देते हैं, लेकिन मुख्य प्रौद्योगिकी तक पहुंच सुनिश्चित करना अब भी एक बड़ी चुनौती है, जिसे दूर करने की जरूरत है। वैश्विक प्रबंधन परामर्श कंपनी बैन एंड कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। बैन एंड कंपनी के पार्टनर और भारत में सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कारोबार के प्रमुख बालाजी थिरुमलाई ने कहा कि केंद्र सरकार की सेमीकॉन 2.0 कार्यक्रम के तहत रणनीति में प्रतिभा, फैब, ओएसएटी (आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट), डिजाइन, उपकरण और सामग्री छह प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि देश में सेमीकंडक्टर का पूरा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए यह जरूरी दृष्टिकोण है।

## खनिज भूमि पर उपकर लगाने का अधिकार हो बहाल

रांची। झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शनिवार को केंद्र से खनिज वाली जमीन पर उपकर लगाने का राज्यों का अधिकार बहाल करने का आग्रह किया। एमएमडीआर अधिनियम में संशोधन के बाद राज्य के इस अधिकार पर रोक लगा दी गई। एक आधिकारिक बयान के अनुसार किशोर ने नयी दिल्ली में विकसित भारत की दिशा में भारत का वित्त पोषण विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में यह मांग रखी। उन्होंने माल एवं सेवा कर से हुए नुकसान की भरपाई और विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (वीबी-जी राम जी) योजना में 90:10 के वित्त पोषण अनुपात को बहाल करने की भी मांग की। किशोर ने कहा, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आर्थिक रूप से पिछड़े राज्यों को विशेष सहायता देना जरूरी है।

# दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने शुरू किया सेवा-फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शनिवार को सेवा-फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज 2026 की शुरुआत की और कहा कि इसका उद्देश्य दिल्ली में एक मजबूत नवाचार और स्टार्टअप परिवेश तैयार करना है, जहां युवा नवोन्मेषकों को सफल उद्यमियों, स्टार्टअप संस्थापकों और उद्योग जगत के दिग्गजों से सीखने का अवसर मिले।

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) में शुरू हुई 100 दिन की इस पहल में युवाओं को वास्तविक समस्याओं के लिए प्रौद्योगिकी आधारित समाधान तैयार करने का मौका मिलेगा। इसके लिए दो करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है। प्रतिभागियों को विशेषज्ञों से मार्गदर्शन और दिल्ली सरकार से जरूरी सहयोग भी दिया जाएगा। एक बयान के अनुसार डीटीयू इस पहल की अगुवाई करेगा। इसके दायरे में हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, चंडीगढ़ और लद्दाख को शामिल किया गया है। बयान में कहा गया कि इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विश्वविद्यालयों, उद्योगों, स्टार्टअप, स्कूलों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) और पॉलिटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थी इसमें भाग लेंगे।

# आरबीआई ने कई बड़े अधिकारियों पर की कार्रवाई

## सहकारिता मंत्री, जिला सहकारी बैंक के आठ निदेशकों को हटाया

एजेंसी

लातूर। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 10 साल की अधिकतम कार्यकाल सीमा पूरी होने पर महाराष्ट्र के सहकारिता मंत्री बाबासाहेब पाटिल समेत लातूर जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक (डीसीसी बैंक) के आठ निदेशकों को पद से हटाने का आदेश दिया है। पाटिल उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से जुड़े हैं। केंद्रीय बैंक ने यह आदेश बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ के निर्देश के बाद जारी किया। अदालत ने बैंक के सदस्य सतीश



शेषराव जाधव की याचिका पर सुनवाई की थी। आरबीआई के सहायक महाप्रबंधक कपिल गोस्वामी ने शुक्रवार को यह आदेश जारी किया। बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 में बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 के जरिये किए गए संशोधन के तहत जिला डीसीसी बैंकों के निदेशकों के कार्यकाल की अधिकतम सीमा 10 साल निर्धारित की गई है।

# आईआईटी छात्र ने की खुदकुशी जातीय भेदभाव का आरोप

एजेंसी


मुंबई। मुंबई के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में 22-वर्षीय एक छात्र ने परीक्षा के दौरान कथित तौर पर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए पकड़े जाने के बाद छात्रावास के अपने कमरे में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को पवई परिसर के छात्रावास संख्या-4 में इस छात्र का शव छत के पंखे से लटका हुआ मिला। अधिकारी के अनुसार, उसकी पहचान महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के निवासी साहिल रवींद्र वाकोडे (22) के रूप में हुई है। वाकोडे की मां ने आरोप लगाया, मेरे बेटे का उत्पीड़न किया गया, उसकी हत्या कर दी गयी। मैं न्याय चाहती हूं। अधिकारी ने बताया कि वाकोडे के माता-पिता की शिकायत पर पवई थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि मृत छात्र के माता-पिता यवतमाल से मुंबई पहुंचे और दावा किया कि मौत से पहले उनके बेटे को संस्थागत उत्पीड़न एवं जाति-आधारित भेदभाव का सामना करना पड़ा था।

# टीबी के मामलों की पहचान कर रहा एआई

एजेंसी

सीकर (राजस्थान)। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित तकनीक संदिग्ध मामलों को छांटने में मदद कर रही हैं, जो खांसी की आवाज में तपेदिक (टीबी) के बेहद हल्के संकेतों का पता लगाने और किसी क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के आधार पर अधिक जोखिम वाले लोगों की पहचान करने में सक्षम हैं। इससे चिकित्सक लक्षण सामने आने से पहले ही मरीजों की जांच कर इलाज शुरू कर पा रहे हैं।

टीबी मामलों के विशेषज्ञों और राजस्थान के सीकर जिले के अधिकारियों ने बताया कि एआई उपकरण उन मरीजों की भी पहचान कर रहे हैं, जिनके लिए खर्च या अन्य कारणों से इलाज की निगरानी से बाहर



होने का जोखिम बढ़ जाता है। इससे ऐसे मरीजों की अधिक करीबी से निगरानी की जा रही है और सफल इलाज की संभावना बढ़ रही है। राजस्थान ने इस साल मार्च में नयी दिल्ली स्थित गैर-लाभकारी एआई समाधान प्रदाता संस्था वाधवानी एआई के सहयोग से राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत अपने सभी जिलों में तीन एआई जांच तकनीकों का इस्तेमाल शुरू किया था, जिनमें कफ अगेंस्ट टीबी (सीएटी), वल्नरेबिलिटी मैपिंग फॉर टीबी (वीएमटीबी) और प्रिडिक्शन ऑफ एडवर्स टीबी आउटकम्स (पीएटीओ) शामिल हैं।

# पुलिस ने 18 स्पा पर मारे छापे

गुरुग्राम। राष्ट्रीय राजधानी से सटे गुरुग्राम के सफायर 90 मॉल में स्थित 18 स्पा केंद्रों पर पुलिस ने छापेमारी कर 30 महिलाओं समेत 50 लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा राज्य महिला आयोग और गुरुग्राम पुलिस की संयुक्त छापेमारी शुक्रवार रात 10:00 बजे शुरू हुई और शनिवार तड़के 3:00 बजे तक चली। पुलिस के मुताबिक एक साथ की गई छापेमारी के दौरान 18 स्पा में से आठ में संदिग्ध गैर-कानूनी गतिविधियों के शुरुआती साक्ष्य मिले। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस अब जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल, भौतिक और दस्तावेजी साक्ष्यों का आकलन कर रही है।

# अमित शाह को हुई खाद्य विषाक्तता

## उद्घाटन समारोह के दौरान कुछ खाने से बिगड़ी तबीयत

एजेंसी

हुबली/बेलगावी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि शनिवार को कर्नाटक में दो कार्यक्रमों में शामिल होने आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को खाद्य विषाक्ततौ हो गई थी, लेकिन अब वे पूरी तरह ठीकै हैं।

शाह को हुबली के गबूर में केएलई जगद्गुरु गंगाधर महास्वामीगलु मूरुसाविरमठ चिकित्सा महाविद्यालय की नयी शैक्षणिक इमारत और 1,200 बिस्तरों वाले केएलई अस्पताल एवं चिकित्सा अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन करना था लेकिन वह इन कार्यक्रमों में शामिल नहीं हुए। स्थानीय नेताओं ने



हालांकि, बताया कि दिल्ली के लिए हवाई अड्डा जाने से पहले शाम को उन्होंने परिसर का दौरा किया।

शाह का बेलगावी जिले का दौरा रद्द कर दिया गया, जहां उन्हें चिक्कोडी तालुक के एक्सांबा में श्री बीरेश्वर कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के मुख्यालय की नयी इमारत का उद्घाटन करना था। जोशी ने एक्सांबा में संवाददाताओं को बताया अमित शाह को यहां आना था। खाद्य विषाक्तता की वजह से उनकी तबीयत खराब हो गई। अन्नासाहेब जोले (पूर्व भाजपा सांसद) ने मुझे और शेट्टार (बेलगावी सांसद जगदीश शेट्टार) को इस कार्यक्रम के लिए बुलाया थाअ हमें उनके साथ आना था, लेकिन अभी सिर्फ हम ही आए हैं।

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि शाह अबै पूरी तरह ठीक हैं। शिक्षा समेत कई मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने वाले जोशी ने आगे कहा स्वाभाविक है कि खाद्य विषाक्तता की वजह से हुई उल्टी के कारण उन्हें थोड़ी कमज़ोरी आ गई थी।

## पेज एक का शेष

### 35 आईपीएस

रविन्द्र कुमार को प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त, विवेक कुमार को आगरा पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त, नीरज कुमार पाण्डेय को पुलिस अधीक्षक, पुलिस मुख्यालय प्रयागराज, ममता रानी चौधरी को पुलिस अधीक्षक, सीबीसीआईडी लखनऊ, मो. इरफान अंसारी को पुलिस अधीक्षक, सीबीसीआईडी, यूपी-112 लखनऊ खां को आगरा पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त, सैय्यद अली अब्बास को गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त, सुश्री श्रुति श्रीवास्तव को अपर पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज, विक्रम दहिया को अपर पलिस अधीक्षक चन्दौली. आयष श्रीवास्तव को अपर पुलिस अधीक्षक चन्दौली, आयुष श्रीवास्तव को पुलिस अधीक्षक उन्नाव, राजेश गुनावत को वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त, अनन्त चन्द्रशेखर को पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर, देवेश चतुर्वेदी को अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत, विवेक तिवारी को अपर पुलिस अधीक्षक, उत्तरी बाराबंकी, सुमित सुधाकर रामटेके को अपर पुलिस अधीक्षक, उत्तरी सम्भल, सुश्री अरीबा नोमान को कानपुर नगर पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया है।

इसी तरह मनोज कुमार यादव को आगरा पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त, रिजुल को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त, गौतम राय को बिजनौर में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सुश्री मेविस टॉक को सम्भल अपर पुलिस अधीक्षक, जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त, कपिल देव सिंह को पुलिस अधीक्षक, यातायात मुख्यालय, यूपी-112 लखनऊ, ज्ञानेन्द्र नाथ प्रसाद को आगरा पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त, बलवंत कुमार चौधरी को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त, अभय नाथ त्रिपाठी को कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त, हरेन्द्र कुमार को आगरा पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त, राजेश कुमार पाण्डेय को वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट में यूपी-112, लखनऊ, कुलदीप सिंह को सेनानायक, 43वीं वाहिनी पीएसी एटा और विनीत भटनागर को वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती दी है। सभी स्टॉक उपायुक्त, हरेन्द्र प्रताप यादव को पुलिस अधीक्षक-112लखनऊ बनाया गया है।

### 13 पीसीएस

मिल संघ रहे पवन कुमार को एडीएम कुशीनगर, मऊ के मुख्य राजस्व अधिकारी दिनेश को अयोध्या का एडीएम (नगर), मथुरा के अपर नगर आयुक्त रहे सौरभ सिंह को एडीएम (नगर) कानपुर, एडीएम कानपुर नगर रहे आलोक कुमार गुप्ता को एडीएम कासगंज, एडीएम (न्यायिक) चित्रकूट रहे अरुण कुमार को संयुक्त निदेशक (प्रशासन), मत्स्य निदेशालय, मथुरा एसडीएम रहीं कंचन को एडीएम (न्यायिक) चित्रकूट व उपसंचालक चकबंदी, विशेष कार्याधिकारी राजस्व परिषद रहे सूरज कुमार यादव को अपर नगर आयुक्त सहारनपुर बनाया है।

इसी तरह एसडीएम प्रतापगढ़ रहे जितेन्द्र कटियार को उपनिदेशक (प्रशासन) आयुर्वेद निदेशालय, लखनऊ, बरेली विकास प्राधिकरण सचिव रहीं वंदिता श्रीवास्तव को उपनिदेशक (प्रशासन) उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज, प्रधान प्रबंधक, उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ रहे हिमांशु कुमार गुप्ता को सचिव बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली में एसडीएम रहीं निधि डोडवाल को प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ, अपर नगर आयुक्त शाहजहांपुर रहे अजय कुमार त्रिपाठी को मऊ का मुख्य राजस्व अधिकारी, भदोही एसडीएम भान सिंह को अपर नगर आयुक्त नगर निगम शाहजहांपुर बनाया है।

### एफटीए, कौशल

किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत पहली बार नौकरी पाने वाले कर्मचारियों को 15,000 रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जाता है। साथ ही, नए रोजगार पैदा करने वाले नियोक्ताओं को भी वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाता है। उन्होंने कहा सरकार देश में रोजगार बढ़ाने के लिए हर मोर्चे पर काम कर रही है। मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, कौशल भारत मिशन और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना समेत सरकार की कौशल विकास पहलों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उद्योग की भागीदारी से पीएम-सेतु योजना के तहत 60,000 करोड़ रुपये के निवेश से 1,000 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। मोदी ने कहा हमारा प्रयास है कि युवाओं की शिक्षा और कौशल बदलती अर्थव्यवस्था की जरूरतों के अनुरूप बने रहें। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के बढ़ने, निवेश में वृद्धि होने और नए उद्योगों के विस्तार से युवाओं के लिए अवसर बढ़ते हैं। उन्होंने पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था की 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर और निवेश में करीब 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी का उल्लेख किया। उन्होंने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की संप्रभु ज ण रेटिंग में हुए सुधार को भी रेखांकित किया।

### छह माह

हैं। उनकी परीक्षाएं पूरी हो चुकी हैं और फिजिकल व मेडिकल की प्रक्रिया चल रही है। होमगार्ड में भी 41 से 42 हजार नियुक्तियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से अगले छह महीने में आने वाले परिणामों के माध्यम से 25 से 30 हजार नए युवाओं को अवसर मिलेगा। उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग से करीब 20 से 25 हजार नौजवानों को अवसर मिलने वाला है। कुछ के परिणाम आने शुरू हो गए हैं और कुछ की परीक्षाएं चल रही हैं। अगले तीन से चार महीने में इनके परिणाम भी सामने आ जाएंगे। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से भी अलग-अलग विभागों में 15 से 16 हजार युवाओं को अवसर मिलेगा।

### योगी सरकार

है। योजना के प्रति नागरिकों की भागीदारी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक कुल 48751 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 25231 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। नगर निगमों में 40480, नगर पालिका परिषदों में 6033, नगर पंचायतों में 2160, और जल संस्थानों में 394 आवेदन प्राप्त हुए हैं। योजना का लाभ उठाने वालों में आम परिवारों की भागीदारी सबसे अधिक है। प्राप्त आवेदनों में 81.5 प्रतिशत यानी 31002 आवेदन आवासीय संपत्तियों से संबंधित हैं। इसके अलावा 3785 व्यावसायिक और 3235 मिश्रित उपयोग वाली संपत्तियों के स्वामियों ने भी योजना के तहत आवेदन किया है। यह भागीदारी शहरी करदाताओं के बीच योजना की पहुंच को दशार्ती है। योजना के अंतर्गत पंजीकृत 73.80 करोड़ रुपये की कुल मांग के सापेक्ष अब तक 24.51 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष राजस्व प्राप्त हुआ है। इससे नगरीय निकायों के लंबित करों की वसूली को गति मिली है। सरकार की इस पहल से करदाताओं को राहत देने के साथ-साथ स्थानीय निकायों के वित्तीय संसाधनों को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

### रूस-ईरान पर

वैधानिक प्रतिबंधों, शुल्क एवं अन्य पाबंदियों को लागू करने एवं उनका दायरा बढ़ाने और ईरान पर लागू मौजूदा प्रतिबंधों की अवधि बढाने का अधिकार देता है। अमेरिका की प्रतिनिधि सभा ने इस अधिनियम को बुधवार को पारित किया था। इसमें रूस के नेतृत्व और ऊर्जा क्षेत्र के साथ-साथ मॉस्को के रक्षा उद्योग में सहयोग करने वालों तथा उसके तथाकथित शेडो फ्लीट (प्रतिबंधों से बचने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले जहाजों के नेटवर्क) पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है। यह अधिनियम राष्ट्रपति ट्रंप को रूस से तेल एवं गैस खरीदने वाले चीन तथा भारत समेत अन्य देशों पर 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का अधिकार भी देता है।

### दिल्ली यूनिवर्सिटी

और संयुक्त सचिव पदों पर जीत दर्ज की। एबीवीपी के उम्मीदवार यश डबास अध्यक्ष चुने गए। यह जीत ऐसे समय में मिली है, जब हाल के महीनों में जंतर-मंतर पर जेन-जी के विरोध-प्रदर्शन और सत्य निकेतन में इमारत गिरने की घटना को लेकर युवाओं में काफी हलचल थी। सत्य निकेतन हादसे में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पांच छात्रों की मौत हो गई थी। अध्यक्ष पद के चुनाव में 24,576 वोट हासिल करने वाले डबास ने एनएसयूआई के विजय शंकर मीणा को 2,053 मतों के अंतर से हराया। निर्दलीय उम्मीदवार दीपांशु शौकीन ने 30,615 वोट हासिल कर उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। शौकीन ने एबीवीपी के इशु मौर्य और एनएसयूआई के वीर चतरथ दोनों को बड़े अंतर से हराया। शौकीन को एनएसयूआई ने टिकट नहीं दिया था, जिसके बाद उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा। सचिव पद के लिये चुनाव में एबीवीपी उम्मीदवार रिया छाबड़ी ने 21,650 वोट हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि एनएसयूआई उम्मीदवार नम्रता चौधरी को 14,869 वोट मिले।

### अवैध तरीके

सभी तरह के ऑपरेशन, ब्लड बैंक समेत जांच सुविधा के साथ में एक मेडिकल स्टोर भी संचालित था। सीएमओ ने बताया कि ऐसी सूचना भी प्राप्त हुई थी कि इस अवैध रूप से संचालित हास्पिटल में कई सरकारी डॉक्टर भी अपनी सेवा दे रहे थे, जिसकी पुष्टि की जा रही है। चक ने बताया इस अस्पताल को शुक्रवार को सील कर दिया गया। शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) शैलेश कुमार राय ने बताया कि आज उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राम आशीष सरोज की तहरीर पर जीवन रक्षा हास्पिटल के संचालक डॉक्टर विजय शंकर मौर्य के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और इंडियन मेडिकल काउंसिल कानून के तहत मामला दर्ज करके आगे की कारवाई की जा रही है।

### नयी पीढ़ी

दशार्ते हैं कि नई पीढ़ी अपने भविष्य की चिंता के साथ अपने राज्य के विकास को लेकर भी सजग है। उन्होंने कहा कि आज स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी आने वाले समय में देश और प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी भूमिका निभाएंगे। कोई विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा तो कोई शिक्षा, खेल, कारोबार या स्टार्टअप के माध्यम से नई पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के युवाओं में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने की क्षमता है।

### योनेक्स सनराइज

सूर्या चरिश्मा उपविजेता रही थीं। पुरुष एकल में हरियाणा के भारत राघव विजेता और मणिपुर के मैसनाम मेइराबा उपविजेता रहे थे। मिश्रित युगल में केरल के बिजोन जयसन और कर्नाटक की दिया भीमैय्या की जोड़ी ने खिताब जीता था। तमिलनाडु के दिलीपन वी. और प्रणवी एन. उपविजेता रहे थे। पुरुष युगल में महाराष्ट्र के विप्लव कुवले और विराज कुवले की जोड़ी विजेता रही थी, जबकि तेलंगाना के सिद्धार्थ इलांगो और तमिलनाडु के संतोष गजेंद्रन की जोड़ी उपविजेता रही थी। महिला युगल में कर्नाटक की शिखा गौतम और अश्विनी भट्ट ने खिताब जीता था। उत्तराखंड की अदिति भट्ट और महाराष्ट्र की श्रवाणी वालेकर की जोड़ी उपविजेता रही थी।

### शानदार भविष्य

कहानी भी साझा की जिसमें उन्होंने एक शेरपा से जीवन में सफलता के तीन मंत्र सीखे। डोभाल ने कहा कि पहला मंत्र है इंसान को यह पता होना चाहिए कि वह मानचित्र में कहां खड़ा हैं, दूसरा यह कि जाना कहां है और तीसरा वहां जाने और वहां से आने का रास्ता क्या है।




# अव्यवस्थित तैयारियों के बीच नागोया में एशियाई खेलों का आगाज

नागोया। 20वें एशियाई खेलों का शनिवार को यहां मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में हाई-टेक उद्घाटन समारोह के साथ आधिकारिक आगाज हुआ जिससे अव्यवस्थित तैयारियों के बाद इस बड़ी खेल प्रतियोगिता की शुरुआत हो गई।

दो घंटे तक चले उद्घाटन समारोह में जापान के सम्राट नारुहितो, महारानी मासाको, एशियाई खेलों के अध्यक्ष युवराज अकिशिनो और राजकुमारी किको के साथ एशियाई ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष शेख जोआन बिन हमद अल थानी उपस्थित थे। पेरिस ओलंपिक 2024 की दो पदक विजेता भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और



कबड्डी खिलाड़ी पवन सहरावत खिलाड़ियों की परेड में 501 सदस्यीय भारतीय दल की अगुवाई करेंगे। गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर को समय पर समारोह की किट नहीं मिलने के कारण सहरावत को ध्वजवाहक बनाया गया है। कुछ स्पर्धाएं पहले ही शुरू हो चुकी हैं। इनमें महिला क्रिकेट भी शामिल है जिसमें हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने शुक्रवार को मेजबान जापान को आठ विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारत टेगबॉल में भी पदक की दौड़ में है जो एशियाई खेलों में पहली बार शामिल किया गया है। क्रिम्सी डिसूजा शनिवार को महिला एकल के सेमीफाइनल में हार गईं और अब वह कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेंगी। भारत ने 2023 में हांग्झोउ एशियाई खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

# रोहित के भविष्य और लक्ष्मण से मतभेद बने अगरकर के जाने की वजह

नयी दिल्ली। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर चल रहा विवाद और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के साथ बढ़ते मतभेद एकदिवसीय विश्व कप 2027 से पहले सीनियर चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के बीच रिश्ते टूटने की प्रमुख वजह बने। अगरकर के जाने की पटकथा उस समय लगभग लिखी जा चुकी थी, जब इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा के लिए मुंबई में बुलाई गई अहम बैठक से उन्होंने दूरी बना ली।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने भले ही उनका बचाव किया, लेकिन बोर्ड के भीतर एक वर्ग का मानना था कि इतनी महत्वपूर्ण बैठक में चयन समिति के अध्यक्ष की मौजूदगी जरूरी थी। अगरकर विश्व कप तक पद पर बने रहने के इच्छुक थे, लेकिन पिछले एक महीने में बीसीसीआई की ओर से लगातार ऐसे संकेत मिल रहे थे कि बोर्ड अब चयन समिति में नए चेहरे की तलाश कर रहा है। आम तौर पर बोर्ड ऐसे चयनकर्ता को इतनी आसानी से नहीं हटाता, जिसकी अगुआई वाली समिति ने पिछले तीन वर्षों में सीमित ओवरों की चार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली टीमें चुनी हों और उनमें से तीन में खिताब भी जीते हों। भारत ने इस दौरान दो टी20 विश्व कप और एक



चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की। अगरकर और बीसीसीआई के बीच रिश्तों में असली दरार रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर पैदा हुई। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे शृंखला से ठीक पहले तत्कालीन चयन समिति ने टीम प्रबंधन और बीसीसीआई के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ मिलकर लॉर्ड्स वनडे के बाद रोहित को वनडे टीम से आगे बढ़ने का संकेत देने का फैसला किया था। यह फैसला सामूहिक था और रोहित तक बात पहुंचाने की जिम्मेदारी दक्षिण क्षेत्र के चयनकर्ता प्रज्ञान ओझा को दी गई, जो रोहित के करीबी मित्रों में माने जाते हैं। रोहित 2027 वनडे विश्व कप खेलना चाहते हैं और उन्हें यह संदेश पसंद नहीं आया।

उन्होंने एक प्रभावशाली बोर्ड पदाधिकारी से बात कर चयन समिति के अध्यक्ष के रवैये पर अपनी नाराजगी जाहिर की। मामला तब और पेचीदा हो गया, जब बीसीसीआई ने लॉर्ड्स वनडे के बाद रोहित के संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए सार्वजनिक बयान जारी कर दिया। अगरकर के करीबी लोगों के मुताबिक, वह इस घटनाक्रम से आहत और नाराज थे। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि अगरकर को इस बयान की पहले से जानकारी तक नहीं थी। बोर्ड चाहता था कि रोहित के भविष्य पर फैसला लेने में जल्दबाजी नहीं की जाए।

## संक्षेप

### पदक की उम्मीद के साथ शुरुआत करेगा भारत

नागोया। मानुष शाह और मानव ठक्कर की विश्व में तीसरे नंबर की पुरुष युगल जोड़ी के नेतृत्व में आत्मविश्वास से भरी भारतीय टेबल टेनिस टीम रविवार को यहां एशियाई खेलों में अपना अभियान शुरू करेगी और उसका लक्ष्य कम से कम एक पदक जीतना है। भारतीय पुरुष टीम ग्रुप एफ के अपने पहले मैच में इंडोनेशिया का सामना करेगी और रविवार को अपने दूसरे मैच में ईरान के खिलाफ खेलेगी। महिला टीम को भी ग्रुप एफ में रखा गया है और वह इंडोनेशिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। दिन के दूसरे मैच में उसका सामना सिंगापुर से होगा। पिछले एशियाई खेलों में भारत ने महिला युगल जोड़ी सुतीर्थ मुखर्जी और आयिका मुखर्जी के दम पर कांस्य पदक जीता था। मानुष-मानव की जोड़ी वर्तमान में विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है और दोनों ही बेहतरीन फॉर्म में हैं।

### कबड्डी खिलाड़ी पवन सहरावत होंगे भारत के ध्वजवाहक

नागोया। अनुभवी कबड्डी खिलाड़ी पवन सहरावत एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में तजिंदरपाल सिंह तूर की जगह भारत के ध्वजवाहक होंगे। शॉटपुट के एथलीट तूर के पास इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए औपचारिक किट नहीं है जिसके कारण उनकी जगह सहरावत को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। इस समारोह के दौरान राष्ट्रीय दल का नेतृत्व करने में तूर को निशानेबाज मनु भाकर का साथ देना था। भारत के दल प्रमुख सहदेव यादव ने पीटीआई को बताया कि पिछले एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष कबड्डी टीम के सदस्य रहे 30 वर्षीय सहरावत अब तूर की जगह लेंगे। तूर ने बताया, मुझे बताया गया है कि मेरी औपचारिक किट दोपहर तीन बजे (नागोया) हवाई अड्डे पर पहुंचेगी। हवाई अड्डे से अपनी किट लेने के बाद समय पर उद्घाटन समारोह स्थल पर पहुंचना बहुत मुश्किल होगा। इसलिए, मैंने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को बता दिया है कि मैं उद्घाटन समारोह में नहीं आ रहा हूं।

### पीएम मोदी ने एशियाई खेलों में हिस्सा ले रहे भारतीय दल को दीं शुभकामनाएं

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को आइची-नागोया एशियाई खेलों में हिस्सा ले रहे भारतीय दल को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और लगन ने देश का मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आइची-नागोया में एशियाई खेलों की शुरुआत के साथ भारतीय दल को मेरी शुभकामनाएं।

प्रत्येक खिलाड़ी ने कड़ी मेहनत की है और शानदार समर्पण व दृढ़ संकल्प दिखाया है। भारत को उन पर गर्व है। उन्होंने कहा, वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें, अच्छा खेलें और देश का नाम रोशन करें।

20वें एशियाई खेलों का शनिवार को नागोया में आधिकारिक उद्घाटन हुआ। भारत चार अक्टूबर तक चलने वाले इन खेलों में कई स्पर्धाओं में अपने खिलाड़ियों को उतार रहा है। अगले 15 दिनों में 45 देशों के करीब 11,000 खिलाड़ी 43 खेलों और 71 स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे तथा कुल 469 स्वर्ण पदकों के लिए मुकाबला होगा।

# भारत - बांग्लादेश मुकाबला आज

## भारत सेमीफाइनल मैच में अपने आक्रामक तेवर बरकरार रखकर दबाव बनाने की कोशिश करेगा

एजेंसी

निशिन (जापान)। मौजूदा चैंपियन भारत रविवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले एशियाई खेलों के सेमीफाइनल मैच में अपने आक्रामक तेवर बरकरार रखकर दबाव बनाने की कोशिश करेगा। भारतीय टीम ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उसने क्वार्टर फाइनल में जापान को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी और इस बीच 15 ओवर शेष रहते हुए ही मैच जीत लिया। दूसरी ओर बांग्लादेश ने चीन के खिलाफ क्वार्टरफाइनल मैच गीले मैदान के कारण रद्द होने के बाद अपनी बेहतर आईसीसी रैंकिंग के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाई।




भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ इस प्रारूप में अपना दबदबा बनाए रखा है और उसने पिछले नौ मुकाबलों में जीत हासिल की है, जिसमें पिछले सप्ताह एशिया कप में 40 रन की जीत भी शामिल है। बांग्लादेश के हाथों उसे टी20 में आखिरी बार तीन साल पहले हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने जापान के खिलाफ टर्न और उछाल वाली पिच का भरपूर फायदा उठाया, जिसमें बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। उन्हें कामचलाऊ गेंदबाज शेफाली वर्मा, अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और श्रेयांका पाटिल का भरपूर सहयोग मिला। श्रेयांका ने तीन महीने के बाद वापसी की है। जापान के खिलाफ सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर बल्लेबाजी करने नहीं आई थीं। शेफाली ने अकेले दम पर भारत को 58 रन के लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

उम्मीद है कि ये दोनों सीनियर बल्लेबाज बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर वापसी करेंगी। बांग्लादेश की टीम भारत पर दबाव बनाने के लिए अपने स्पिनरों पर निर्भर रहेगी। बांग्लादेश को अगर भारत के बल्लेबाजों पर दबाव बनाना है तो नाहिदा अख्तर और रबिया खान जैसी गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। वे पिच से मिलने वाली किसी भी मदद का फायदा उठाने और भारत के आक्रामक शीर्ष क्रम को नियंत्रण में रखने की कोशिश करेंगी। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे शुरू होगा।

भारतः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्रेयांका पाटिल, भारती फुलमाली, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, राधा यादव, नंदनी शर्मा।

बांग्लादेशः निगार सुल्ताना (कप्तान), नाहिदा अख्तर (उप-कप्तान), दिलारा अख्तर, फाहिमा खातून, फरिहा त्रिस्ना, जुएरिया फिरदौस, मारुफा अख्तर, सोभना मोस्टोरी, रबिया खान, रितु मोनी, संजीदा अख्तर मेघला, सरमिन सुल्ताना, शर्मिन अख्तर, शोर्ना अख्तर, सुल्ताना खातून।

### रचिन रविंद्र का भारत के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेलना संदिग्ध

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र एक विज्ञापन की शूटिंग के दौरान डाइव लगाकर कैच लेने के प्रयास में चोटिल हो गए और उनका भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में खेलना संदिग्ध है। रचिन के कंधे में चोट लगी है। शुक्रवार को उनकी चोट का आकलन किया गया जो गंभीर नहीं है लेकिन चोट से उबरने की प्रक्रिया के दौरान उनकी प्रगति से ही पता चल पाएगा कि वह कब तक वापसी कर पाएंगे। न्यूजीलैंड 22 अक्टूबर से एक नवंबर तक पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए भारत की मेजबानी करेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि यह अब भी अस्पष्ट है कि रविंद्र सीरीज के लिए उपलब्ध रहेंगे या नहीं। न्यूजीलैंड के परफॉर्मेंस मैनेजर माइक सैंडल ने क्रिकइन्फो डॉट कॉम से कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण चोट थी। रचिन के लिए हमें बहुत दुख है।

# दक्षिणेश्वर और बालाजी ने युगल मैच जीतकर भारत की उम्मीद कायम रखी

एजेंसी

सियोल। दक्षिणेश्वर सुरेश और श्रीराम बालाजी ने शनिवार को यहां युगल मुकाबले में उई-सुंग पार्क और जी-सुंग नाम को हराकर डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट में दक्षिण कोरिया के खिलाफ भारत की जीत की उम्मीदों को जीवंत रखा। मुकाबला के पहले दिन शुक्रवार को दोनों एकल मैच गंवाने के कारण 0-2 से पिछड़ने के बाद भारत को कुछ अलग करने की जरूरत थी। उसने निकी पूनाचा की जगह दक्षिणेश्वर को बालाजी के साथ कोर्ट पर उतारा और उसका यह फैसला सही साबित हुआ। इन दोनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6-3 3-6 6-3 से जीत हासिल की। भारत ने इससे पहले केवल दो बार, 2010 और 2018 में, डेविस कप मुकाबले में 0-2 से पिछड़ने के बाद जीत हासिल की है। यह कारनामा फिर से करने के लिए भारत को अब दोनों उलट एकल मैच जीतने होंगे। भारत के नंबर एक खिलाड़ी सुमित नागल पर सारा दायित्व है जिन्हें पहले उलट एकल मैच में कोरिया के शीर्ष के खिलाड़ी सूनवू क्वोन को हराना होगा। भारत ने पहले सेट में शुरू से ही अपने इरादे जतला दिए थे।



भारतीय खिलाड़ियों ने कोरिया के खिलाड़ियों को लय हासिल नहीं करने दी। उन्होंने नाम की सर्विस पर बार-बार हमला किया और जोरदार रिटर्न और विनर्स लगाकर बढ़त बनाई। उन्होंने एक ही गेम में चार ब्रेक के मौके बनाए। बालाजी ने जोरदार रिटर्न मारकर पहला मौका बनाया, दक्षिणेश्वर ने विनर लगाकर दूसरा मौका हासिल किया और फिर अपने फोरहैंड रिटर्न से एक और मौका बना लिया। कोरिया की टीम ने संघर्ष जारी रखा लेकिन बालाजी ने एक जोरदार वॉली शॉट लगाकर उनका प्रतिरोध तोड़ दिया। भारतीय जोड़ी ने पूरे आत्मविश्वास के साथ खेलना शुरू किया। बालाजी ने इसके बाद अपनी सर्विस पर पहला सेट भारत के नाम कर दिया। दूसरे सेट में दोनों टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी सर्विस को बचाते हुए आसानी से अंक गंवाने से परहेज किया। विशेष रूप से पार्क और दक्षिणेश्वर ने अपनी सर्विस पर मजबूत पकड़ बनाए रखी। लेकिन मैच का रुख बालाजी की सर्विस गेम पर आकर पलट गया। नाम के विनर ने भारतीय टीम पर दबाव बना दिया और बालाजी के एक खराब फोरहैंड रिटर्न ने कोरियाई टीम को दो ब्रेक का मौका दिया। कोरिया के खिलाड़ियों ने दूसरे मौके को भुनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

इसके बाद उन्होंने यह सेट जीतकर मैच को निर्णायक सेट तक पहुंचा दिया। तीसरे और निर्णायक सेट में दोनों जोड़ियों ने आक्रामक रवैया अपनाया। इस बीच दक्षिणेश्वर को अपनी सर्विस बचाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा, वहीं पार्क भी दबाव में आ गए। भारतीय खिलाड़ियों ने हालांकि लगातार अपने प्रयास जारी रखे और आखिर में उन्हें सफलता भी मिल गई। भारत ने आठवें गेम में बिना कोई प्वाइंट गंवाए कोरिया की सर्विस तोड़ दी। दक्षिणेश्वर ने विजयी शॉट लगाकर बालाजी को मैच जीतने के लिए सर्विस करने का मौका दिया। कोरियाई टीम अभी हारी नहीं थी। बालाजी की सर्विस पर 30-30 की स्थिति थी। ऐसे में दक्षिणेश्वर में जोरदार शॉट लगाकर मैच प्वाइंट हासिल कर लिया। अगले प्वाइंट पर जब दोनों कोरियाई खिलाड़ी नेट की ओर बढ़ रहे थे।

# सुधीर शर्मा एशियन रोइंग फेडरेशन की कांग्रेस में हिस्सा लेने को जापान रवाना



खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा (उपाध्यक्ष, रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया) नागोया (जापान) में आयोजित एशियन रोइंग फेडरेशन की कांग्रेस में हिस्सा लेने के लिए जापान रवाना हो गए हैं। वह एशियन गेम्स 2026 के दौरान रोइंग की स्पधाओं में आरएफआई के पर्यवेक्षक की भूमिका भी निभाएंगे। नागोया में एशियन गेम्स 2026 के दौरान रोइंग की स्पधाओं का आयोजन 21 से 24 सितंबर तक होगा। इसी दौरान एशियन रोइंग फेडरेशन की कांग्रेस का आयोजन 23 सितंबर को होगा। कांग्रेस में रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) के अध्यक्ष बालाजी मरादप्पा और महासचिव शुभाशीष मुखर्जी भी हिस्सा लेंगे। एशियन रोइंग फेडरेशन की कांग्रेस में विभिन्न एशियाई देशों के रोइंग फेडरेशन के पदाधिकारी भाग लेंगे। सदस्य देशों के प्रतिनिधि रोइंग के विकास एवं अपने-अपने देश में रोइंग के संचालन पर प्रेजेंटेशन देंगे। इसी के आधार पर एशियन रोइंग फेडरेशन विभिन्न देशों को नामी प्रशिक्षक उपलब्ध कराने के साथ प्रशिक्षकों व रेफरी की कार्यशालाएं आयोजित करने तथा रोइंग उपकरण आदि उपलब्ध कराने में मदद करेगा।

# हॉकी : लय बरकरार रखना चाहेगा भारत

एजेंसी

काकामिगाहारा (जापान)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम हाल ही में विश्व कप में मिली निराशा को भुलाकर एशियाई खेलों में रविवार से शुरू होने वाली हॉकी प्रतियोगिता में अपने खिताब का बचाव करने में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगी जबकि महिला टीम भी स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ मैदान पर उतरेगी।



एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर दोनों भारतीय टीमों को लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों के लिए सीधा टिकट मिल जाएगा, इसलिए दोनों टीमों के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा है। चार बार की चैंपियन भारतीय पुरुष टीम को नीदरलैंड और बेल्जियम में हाल ही में समाप्त हुए एफआईएच विश्व कप में आठवें स्थान पर रहने के बाद अपना मनोबल बढ़ाना होगा। पिछले दो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत को मेजबान जापान, कोरिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और इंडोनेशिया के साथ पूल ए में रखा गया है, जबकि

**नई शुरुआत करेगी भारतीय पुरुष टीम**

पूल बी में पाकिस्तान, मलेशिया, चीन, ओमान, उज्बेकिस्तान और थाईलैंड शामिल हैं। भारत अपने अभियान की शुरुआत इंडोनेशिया के खिलाफ करेगा। वह इस मैच में बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगा। भारत विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर है लेकिन यहां वह शीर्ष रैंकिंग वाली टीम है और इसलिए वह स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार है, लेकिन इसे हासिल करने के लिए उसे उन कमियों को दूर करना होगा जिन्होंने विश्व कप जीतने की उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया था। भारत 2016 से लेकर अब तक किसी भी प्रतियोगिता में पाकिस्तान से नहीं हारा है। पिछले 16 मुकाबलों में से 14 में भारत ने जीत हासिल की है, जिसमें हांगझोऊ एशियाई खेलों में 10-2 से और इस साल के विश्व कप में 5-3 से जीत शामिल है। जापान (97 मुकाबलों में 86 जीत) और मलेशिया (127 मुकाबलों में 89 जीत) के खिलाफ भी भारत का रिकॉर्ड शानदार है। लेकिन टीम की असली परीक्षा पूल चरण में जापान और कोरिया के खिलाफ होगी।

# कोरिया ने भारत को 3-1 से हराया

एजेंसी

सियोल। दक्षिणेश्वर सुरेश और एन श्रीराम बालाजी ने युगल मैच जीतने के बाद भारत की कोरिया के खिलाफ डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के मुकाबले में उम्मीदें जीवंत रखी लेकिन सुमित नागल पहले उलट एकल के मैच में सूनवू क्वोन से हार गए। इस तरह से कोरिया ने 3-1 से जीत हासिल करके यह मुकाबला अपने नाम कर दिया।

दक्षिणेश्वर और बालाजी ने युगल मुकाबले में जीत हासिल करके भारत की उम्मीद जगाई जिसके बाद नागल को करो या मरो वाले मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की जरूरत थी, लेकिन भीषण गर्मी में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा और उन्हें कोरिया के नंबर एक खिलाड़ी क्वोन से 1-6, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले के पहले दिन शुक्रवार को दोनों एकल मैच गंवाने के कारण 0-2 से पिछड़ने के बाद भारत को कुछ अलग करने की जरूरत थी। उसने निकी पूनाचा की जगह दक्षिणेश्वर को बालाजी के साथ कोर्ट पर उतारा और उसका यह फैसला सही साबित हुआ। इन दोनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उई-सुंग पार्क और जी-सुंग नाम को 6-3, 3-6, 6-3 से हराया। क्वोन ने शुरुआत से ही नागल पर अपना दबदबा बनाए रखा।

नागल लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते रहे और कोरियाई खिलाड़ी ने पहला सेट आसानी से 6-1 से जीत लिया। दूसरे सेट में कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद नागल उस तरह की वापसी करने में असमर्थ रहे जो उनकी खासियत है। कोरिया की इस जीत ने उन्हें डेविस कप के प्रारूप में बदलाव के बाद नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली एशियाई टीम बना दिया।

# मनु, नीरू व नागोया निशाना लगाने को तैयार

एजेंसी

नागोया। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर की अगुवाई में भारतीय निशानेबाज रविवार को यहां एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे जिसमें उन्हें चीन से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है। निशानेबाजी में भारत का 30 सदस्यीय दल भाग ले रहा है और उनसे पिछले एशियाई खेलों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद जा रही है।

हांगझोऊ एशियाई खेलों में भारतीय निशानेबाजों ने रिकॉर्ड 22 पदक (सात स्वर्ण, नौ रजत और छह कांस्य) जीते थे। भारतीय टीम में कई ओलंपियन और विश्व स्तरीय खिलाड़ी शामिल हैं जिनमें से कुछ को बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने का अनुभव है। लेकिन सबकी निगाहें निश्चित रूप से मनु पर होंगी, जो पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक हासिल करने के बाद एशियाई खेलों में अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने की



कोशिश करेंगी। ओलंपिक में उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता और फिर सरबजोत सिंह के साथ मिलकर मिश्रित टीम स्पर्धा में एक और कांस्य पदक हासिल किया। मनु तीसरी बार एशियाई खेलों में भाग ले रही है।

उन्होंने 2018 के जकार्ता में इन खेलों में पदार्पण किया था, जहां उनके साथ एयर पिस्टल निशानेबाज सौरभ चौधरी भी थे और उन्हें जूनियर राष्ट्रीय कोच जसपाल राणा का मार्गदर्शन मिल रहा था। तब से बहुत कुछ बदल चुका है। राणा का इसी साल निधन हो गया और उनकी कमी बहुत खलेगी। मनु के लिए एशियाई खेलों में वापसी का एक विशेष भावनात्मक महत्व है, क्योंकि वह उस प्रतियोगिता में वापसी करेंगी जिसमें उनका सफर राणा के सानिध्य में शुरू हुआ था।

मनु और ईशा सिंह 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल दोनों स्पर्धाओं में भाग लेंगी। 10 मीटर एयर पिस्टल में मनु, ईशा और सुरुचि इंदर सिंह की तिकड़ी अपनी किस्मत आजमाएंगी। 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में मनु और ईशा के साथ बेहद अनुभवी राही सरनोबत भी शामिल होंगी, जिन्होंने 2018 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। पिस्टल स्पर्धा से पहले प्रतियोगिता की शुरुआत महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा से होगी, जहां एलावेनिल वलारिवन, सोनम उत्तम मस्कर और विदरसा के विनोद भारत की तरफ से चुनौती पेश करेंगी।

# जापान पर भारत की कड़ी चुनौती

नागोया। पिछले एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम रविवार को यहां अपने अभियान की शुरुआत बांग्लादेश की खिलाफ करेगी जबकि महिला टीम कजाकिस्तान से भिड़ेगी। टीम प्रतियोगिता के बाद 25 सितंबर से व्यक्तिगत स्पर्धाएं होंगी। भारत को 2023 में हांगझोऊ में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पुरुष युगल में स्वर्ण पदक दिलाया था। इसके अलावा भारत ने पुरुष टीम स्पर्धा में रजत और पुरुष एकल में एचएस प्रणय के शानदार प्रदर्शन से कांस्य पदक भी जीता था। भारतीय पुरुष टीम रजत पदक को स्वर्ण पदक में बदलने का लक्ष्य रखेगी, जबकि महिला टीम 2014 में इंचियोन में कांस्य पदक जीतने के बाद दूसरा टीम पदक हासिल करने की कोशिश करेगी। भारत को बांग्लादेश के खिलाफ जीत हासिल करने में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए, लेकिन क्वार्टरफाइनल में उसका सामना जापान से हो सकता है।

# टी-20 : भारत-वेस्टइंडीज मुकाबला 6 को

खेल संवाददाता

लखनऊ। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 6 अक्टूबर को होने वाले पहले टी-20 मुकाबले को लेकर लखनऊ में तैयारियां तेज हो गई हैं। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले के लिए शनिवार को

**399 का होगा सबसे सस्ता टिकट**

टिकट लांचिंग समारोह आयोजित किया गया। इस मैच को लेकर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने तैयारियां तेज कर दी हैं और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में यूपीसीए के सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता ने बताया कि मुकाबले के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मैच के लिए टिकटों की शुरूआती कीमत 399 रुपये निर्धारित की गई है। वहीं सबसे महंगा टिकट साउथ लाउंज




के ए और बी ब्लाक का रहेगा जिसकी कीमत 13,500 रुपए होगी। यूपीसीए के कोषाध्यक्ष सचिन आनंद शुक्ला ने बताया कि भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले इस टी-20 मुकाबले के लिए टिकटों की आनलाइन बिक्री शुरू हो गई है।

आनलाइन टिकट डिस्ट्रिक्ट ऐप (बाई जोमैटो) पर मिलेंगे जिसकी शुरूआत शनिवार शाम से हो गई है। उन्होंने कहा कि इस मैच को लेकर क्रिकेट प्रशंसकों में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में दर्शकों के स्टेडियम पहुंचने की उम्मीद की जा रही है। यूपीसीए की मीडिया समिति के चेयरमैन मोहम्मद फहीम ने कहा कि एसोसिएशन एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मुकाबले की सफल मेजबानी के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि लखनऊ में क्रिकेट प्रेमियों को शानदार अनुभव मिलेगा और भविष्य में भी इकाना स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करता रहेगा। इस अवसर पर मौजूद इकाना स्पोर्ट्स सिटी के सीएमडी उदय सिन्हा ने कहा कि मैच के आयोजन को लेकर स्टेडियम में तैयारियां तेजी से चल रही हैं।

# विकसित देशों में भारत से ज्यादा कार्बन उत्सर्जन

## स्वच्छ ऊर्जा समाधान का सबसे अधिक विरोध करते है पर्यावरण पर उपदेश देने वाले

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित देशों का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन भारत की तुलना में छह गुना अधिक है लेकिन इसके बावजूद जलवायु परिवर्तन के लिए अक्सर विकासशील देशों को अनुचित तरीके से जिम्मेदार ठहराया जाता है। प्रधानमंत्री ने यहां पर्यावरण और जलवायु पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश परमाणु ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी वह परमाणु ऊर्जा उत्पादन से जुड़े कार्य को आगे बढ़ाते हैं तो पर्यावरण पर सबसे ज्यादा उपदेश देने वाले लोग स्वच्छ ऊर्जा समाधान का सक्रिय रूप से विरोध करते हैं और सरकार की परमाणु ऊर्जा संबंधी पहलों को रोकने के लिए अदालत का रुख करते हैं। इस सम्मेलन में पर्यावरण विशेषज्ञ, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, विधि विशेषज्ञ और सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। मोदी ने दो दिवसीय सम्मेलन में कहा, हम सभी जानते हैं कि कार्बन उत्सर्जन की जिम्मेदारी अक्सर गलत तरीके से विकासशील देशों पर डाल दी जाती है जबकि ऐतिहासिक सच्चाई यह है कि भारत का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन आज भी वैश्विक औसत के आधे से भी कम है। मोदी ने कहा कि विकसित देशों का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन भारत की तुलना में छह गुना अधिक है और भारत इस तथ्य को वैश्विक मंचों पर मजबूती से रखता है। उन्होंने कहा, और मैं हर भारतीय से कहूंगा कि आप भी इस बात को मजबूती से कहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत बाकी दुनिया के साथ मिलकर काम कर रहा है और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारा विकास तेज भी है और टिकाऊ भी। उन्होंने कहा कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और वह जी-20 का एकमात्र ऐसा देश है जिसने पेरिस में आयोजित जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी-21) में जताई गई अपनी प्रतिबद्धताओं को तय समय से काफी पहले पूरा कर लिया है। मोदी ने कहा, यही नए भारत की ताकत है। गैर-जीवाश्म ईंधन, सौर ऊर्जा क्षमता, कार्बन उत्सर्जन पर रोक ऐसे सभी मानकों पर भारत के प्रदर्शन की दुनिया भर में चर्चा हो रही है। मोदी ने कहा कि पिछले 12 वर्ष में देश की पवन ऊर्जा क्षमता तीन गुना हो गई है और जलविद्युत क्षमता में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अब देश परमाणु ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा, और जो लोग पर्यावरण पर बड़े-बड़े व्याख्यान देते हैं, जब मैं परमाणु ऊर्जा से जुड़े काम को आगे बढ़ाता हूं तो वे इसे रोकने के लिए अदालत पहुंच जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार इन क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए भी रास्ते खोल रही है। उन्होंने कहा, इन प्रयासों से भारत की गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता में 400 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्ष में भारत ने पर्यावरण से जुड़े प्रत्येक क्षेत्र में असाधारण प्रगति की है। उन्होंने कहा, हमारा मुख्य ध्यान नवीकरणीय ऊर्जा पर रहा है और इसने पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी ने कहा कि 12 साल पहले भारत की सौर ऊर्जा क्षमता केवल दो गीगावाट थी।

# अदालतों को संरक्षण और विकास के बीच संतुलन बनाना होता है : सीजेआई



नयी दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि भारतीय अदालतों के सामने अब सवाल संरक्षण बनाम विकास का नहीं, बल्कि यह है कि दोनों के बीच तालमेल कैसे बिठाया जाए और उन्हें साथ-साथ कैसे कायम रखा जाए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने इसी के साथ उच्चतम न्यायालय को पर्यावरणीय न्याय का वटवृक्ष करार दिया। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने न्यायालय के पर्यावरण से जुड़े कानूनी फैसलों के चार दशकों के सफर का उल्लेख करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण का कोई एक ही संवैधानिक रास्ता नहीं है और उन्होंने कॉपी-पेस्ट फैसलों के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने पर्यावरण-केंद्रित आनुपातिकता के विचार को स्पष्ट रूप से सामने रखा है, जिसमें यह प्रतिपादित किया गया है कि पर्यावरण संरक्षण कठोर होने के साथ-साथ इतना बुद्धिमत्तापूर्ण भी होना चाहिए कि वह दुनिया के साथ उसी रूप में जुड़ सके जैसा वह वास्तव में है। सीजेआई ने कहा, यह अवधारणा विकास को केवल तभी अनुमति देकर एक बड़े बदलाव की वकालत करती है जब इसके साथ लागू करने योग्य शर्तें, विशेषज्ञों की देखरेख, बहाली, पूरक वनीकरण और जवाबदेही जुड़ी हों। न्यायमूर्ति सूर्यकांत यहां विज्ञान भवन में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की ओर से आयोजित पर्यावरण और जलवायु की गतिशीलता का भविष्य विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस कार्यक्रम में एनजीटी मोबाइल एप्लिकेशन की शुरुआत की। सीजेआई ने कहा, फिलहाल, हमारी अदालतों के सामने सवाल यह नहीं है कि संरक्षण या विकास में से किसे चुना जाए, बल्कि यह है कि इन दोनों के बीच समन्वय कैसे स्थापित किया जाए और इन्हें साथ-साथ कैसे बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि एक अहम बदलाव यह है कि यह आंदोलन अब पर्यावरण संबंधी अधिकारों से हटकर जलवायु से जुड़े अधिकारों की ओर बढ़ रहा है।

## संक्षेप

### एच-1 बी वीजा पर बढ़ा एक लाख डॉलर का शुल्क


वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा के जरिये विदेशी कर्मचारियों को अमेरिका लाने वाले नियोक्ताओं पर लगाए गए एक लाख अमेरिकी डॉलर के शुल्क को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। ट्रंप ने शुक्रवार को जारी राष्ट्रपति की घोषणा में कहा कि 2025 में एक लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क लगाने के फैसले के बाद बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों द्वारा एच-1बी वीजा के लिए पंजीकरण में 92 प्रतिशत की कमी आई है। ट्रंप ने कहा, 2025 की घोषणा की अवधि बढ़ाने से अमेरिका के आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा जारी रहेगी, अमेरिकी कर्मचारियों और स्नातकों के लिए श्रम बाजार तक पहुंच बेहतर होगी तथा यह सुनिश्चित होगा कि नियोक्ता कार्यक्रम के मूल उद्देश्य के अनुरूप जरूरत पड़ने पर केवल अत्यधिक कुशल और जरूरी विदेशी कर्मचारियों की ही भर्ती करें। अमेरिका के एच-1बी वीजा कार्यक्रम का लाभ पाने वालों में भारतीय सबसे बड़ा समूह हैं। 2025 में एक लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क लगाने के फैसले को अदालत में चुनौती दी गई है और यह मामला दो अलग-अलग संघीय अदालतों में विचाराधीन है।

# पोश कानून को तयशुदा तरीके से लागू नहीं किया जा सकता : न्यायालय

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि कानूनी पेशे से जुड़ी पीड़ित महिलाओं के मामले में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संरक्षण कानून के प्रावधानों को एक तयशुदा या कठोर तरीके से लागू नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने केंद्र सहित सभी पक्षों से संयुक्त रूप से विचार-विमर्श करने और सभी अदालतों, न्यायाधिकरणों तथा अर्ध-न्यायिक प्राधिकरणों के लिए नियमों का मसौदा तैयार करने को कहा। शीर्ष अदालत दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इनमें से एक याचिका में राज्य विधिज्ञ परिषदों या बार एसोसिएशनों में पंजीकृत महिला अधिवक्ताओं के लिए 2013 के कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम को लागू करने का अनुरोध किया गया था। सुनवाई के दौरान पीठ ने भारत के उच्चतम न्यायालय में लैंगिक संवेदनशीलता और महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) विनियम, 2013 का अवलोकन किया।

# ट्रंप-शी शिखर सम्मेलन से पहले अमेरिका व चीन के शीर्ष वार्ताकार अंतिम तैयारी बैठक करेंगे

एजेंसी



बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की अमेरिका यात्रा और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप के साथ होने वाली शिखर बैठक से पहले, दोनों देशों के शीर्ष वार्ताकार शनिवार से वाशिंगटन में अंतिम तैयारी-संबंधी बातचीत करेंगे, जिसमें शुल्क का मुद्दा भी शामिल होगा।

यहां वाणिज्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि चीन के उप-प्रधानमंत्री हे लिफेंग 19 से 23 सितंबर तक वाशिंगटन जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। वहां दोनों पक्ष शी और ट्रंप के बीच बनी सहमति के आधार पर आपसी हित के आर्थिक और व्यापारिक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ये बातचीत अगले हफ्ते शी के वाशिंगटन दौरे से पहले हो रही है। हालांकि बीजिंग ने अभी तक इस दौरे की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन अमेरिकी मीडिया की खबरों में कहा गया है कि शी के 23 सितंबर को पहुंचने और अगले दिन ट्रंप से मिलने की उम्मीद है।

हांगकांग के साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की पिछली खबर के अनुसार, ट्रंप की योजना है कि जब चीनी राष्ट्रपति जॉइंट बेस एंड्रयूज पहुंचेंगे, तो वे खुद वहां जाकर उनका स्वागत करेंगे। दोनों नेताओं की पिछली मुलाकात मई में बीजिंग में ट्रंप की यात्रा के दौरान हुई थी।

# केंद्र ने अंतरराज्यीय परिषद के नियमों में किया संशोधन


एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतरराज्यीय परिषद से जुड़े नियमों में संशोधन किया है जिसके तहत पुडुचेरी, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली के उपराज्यपालों को इन केंद्र शासित प्रदेशों में राष्ट्रपति शासन लागू होने की स्थिति में परिषद की बैठकों में भाग लेने की अनुमति होगी। गृह मंत्रालय ने इस संशोधन को नौ सितंबर को अधिसूचित किया था और इसे शुक्रवार को प्रकाशित किया गया। इसके जरिए अंतरराज्यीय परिषद आदेश, 1990 में बदलाव किया गया है, जिसके तहत परिषद का गठन किया गया था। मई 1990 के आदेश के अनुसार, परिषद में प्रधानमंत्री, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, निर्धारित केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि और कैबिनेट स्तर के छह केंद्रीय मंत्री शामिल होते हैं।

# महिलाओं को सुरक्षा देने में सरकार पूरी तरह विफल

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दिल्ली में 17 वर्षीय लड़की के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म और उसकी हत्या की घटना को लेकर शनिवार को सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि महिलाओं को सुरक्षा, स्वतंत्रता और समानता का अधिकार देने में और यह सरकार पूरी तरह विफल है।

दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में 13 सितंबर को 17 वर्षीय लड़की के साथ तीन नाबालिगों सहित चार लोगों ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया और इसके बाद चाकू घोंपकर उसकी हत्या कर दी तथा उसके शव को खेत में फेंक दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में तीन किशोरों सहित चार आरोपियों को पकड़ा गया है।

प्रियंका गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली में 17 साल की लड़की के साथ क्रूरता की सारी हदें पार कर दी गईं और उसके बाद उसे बर्बरता से मार डाला गया। कुछ ही दिनों पहले एक और नाबालिग लड़की का बलात्कार किया गया।

कांग्रेस नेता ने कहा, देश में महिला सुरक्षा के लिए कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार ही नहीं है, महिलाओं के विकास की सिर्फ खोखली बातें की जाती हैं। सैकड़ों महिलाओं पर अत्याचार होते हैं, हिंसा होती है मगर अपराधियों पर ठोस कार्वाई की वे उम्मीद नहीं कर सकतीं, प्राथमिकी दर्ज तक नहीं होती। उन्होंने कहा, समाज और सरकार दोनों, महिलाओं को सुरक्षा, स्वतंत्रता और समानता का अधिकार देने में पूरी तरह से विफल हैं।

### भारत की बिजली क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों की हिस्सेदारी 54.18 प्रतिशत : भूपेंद्र यादव

नयी दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को कहा कि भारत में अब स्थापित बिजली क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों की हिस्सेदारी 54.18 प्रतिशत हो गई है, जो 2030 के लिए निर्धारित 50 प्रतिशत के लक्ष्य से अधिक है। मंत्री ने कहा कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता के मामले में दुनिया में तीसरे स्थान पर है और सौर ऊर्जा के विकास के मामले में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है, जो दर्शाता है कि आर्थिक विकास और जलवायु संबंधी कार्वाई साथ-साथ आगे बढ़ सकती है।

# तिरुपति घी में 230 करोड़ की मिलावट

एजेंसी




अमरावती। तेदेपा नेता ज्योत्सना तिरुनागरी ने शनिवार को आरोप लगाया कि तिरुपति लड्डू में कथित मिलावट मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निष्कर्षों से पता चलता है कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के पांच साल के कार्यकाल में बड़े पैमाने पर, सुनियोजित और व्यवस्थित तरीके से मिलावट की गई। तिरुनागरी ने हाल में सुकृति फूड्स के कैलाश चंद मंगला की गिरफ्तारी के बाद दावा किया कि 2019 से 2024 के बीच तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को 230 करोड़ रुपये मूल्य के मिलावटी घी की आपूर्ति की गई। उन्होंने बताया, ईडी की जांच से एक बेहद चिंताजनक बात सामने आई है। आरोप है कि 2019 से 2024 के बीच टीटीडी को लगभग 230 करोड़ रुपये के मिलावटी घी की आपूर्ति की गयी। यह कोई इक्का-दुक्का घटना नहीं थी - इससे पता चलता है कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के पांच वर्षों के दौरान बड़े पैमाने पर, बहुत सोच-समझकर और व्यवस्थित तरीके से मिलावट की गई, जिसके लिए पूरी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। जांच एजेंसी के अनुसार, दुनिया भर में मशहूर तिरुपति लड्डू बनाने में इस्तेमाल होने वाला घी कथित तौर पर रिफाइंड पाम ऑयल, पामोलीन और कई तरह के रसायनों का इस्तेमाल करके बनाया गया था। ईडी ने हाल ही में धन शोधन के आरोपों में घी बनाने वाली कंपनी के प्रवर्तक मंगला को गिरफ्तार किया। मंगला को ईडी ने 17 सितंबर को तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) में घी में मिलावट के कथित मामले में हिरासत में लिया था।

ईडी की जांच से पांच वर्षों में

## इंटरटेनमेंट...

# ऑस्कर के लिए 'धुरंधर' भारत की एंट्री क्यों नहीं बनी?



**मुंबई**। 'धुरंधर' साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है, जबकि अभी तक 'धुरंधर 2' साल 2026 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। मराठी थ्रिलर फिल्म 'गोंधल' को 99वें अकादमी अवॉर्ड्स के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री चुना गया है। फिल्म ने रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' को पीछे छोड़ा। भारत की ऑस्कर एंट्री चुनने वाली फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया की 14 सदस्यीय ज्यूरी में 'धुरंधर' को सिर्फ 4 वोट मिले। ज्यूरी सदस्य विवेक वासवानी ने यह जानकारी दी। बातचीत में वासवानी ने कहा कि कुछ लोगों को फिल्म पसंद आई, लेकिन ज्यूरी को यह ऑस्कर के लायक नहीं लगी।

ज्यूरी ऐसी फिल्म चुनना चाहती थी, जो भारतीय संस्कृति को अलग और असरदार तरीके से दिखाए। विवेक वासवानी ने 'पत्थर के फूल' (1991), 'राजू बन गया जेंटलमैन' (1992) जैसी कई फिल्में प्रोड्यूस की हैं। रणवीर सिंह ने 'धुरंधर' सीरीज में मुख्य भूमिका निभाई थी। इसका निर्देशन आदित्य धर ने किया था। फिल्म के दोनों ही पार्ट ब्लॉकबस्टर साबित हुए। फिल्म के चयन के लिए एफएफआई ने ज्यूरी बनाई थी। इसमें पी शेषाद्री, विजय पाटकर, हितू कनोडिया, शांति कुमार, संदीप पराशर, संजय पाटिल, साबू जोसेफ, नरसिम्हा नंदी, अनिल थॉमस, विवेक वासवानी, बिजॉन दासगुप्ता, हासन, वासन और तनिष्ठा चटर्जी शामिल थीं। वासवानी ने बताया कि ऑस्कर के लिए फिल्म चुनते समय ज्यूरी को साफ निर्देश दिए गए थे। फिल्म में भारतीय संस्कृति और परंपरा इस तरह दिखनी चाहिए, जिससे उसे दुनियाभर के दर्शक भी समझ और पसंद कर सकें।

उन्होंने कहा कि 'गोंधल' इस मामले में अलग थी। फिल्म की कहानी महाराष्ट्र के एक गांव में एक रात के दौरान होने वाली घटनाओं पर आधारित है। इसमें सस्पेंस और मर्डर की कहानी के साथ पूरी रात चलने वाला गोंधल उत्सव भी दिखाया गया है। इस दौरान संगीत और डांस कहानी का हिस्सा बने रहते हैं। वासवानी के मुताबिक, फिल्म में भारतीय संस्कृति और सस्पेंस का यह मेल उसे खास बनाता है। उन्होंने फिल्म के संगीत का भी जिक्र किया। इसमें संगीतकार इलैयाराजा ने संगीत दिया है। इस बार फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया के पास अलग-अलग भाषाओं की कुल 33 फिल्में भेजी गई थीं। इनमें 14 हिंदी, 4-4 मराठी, तेलुगु और गुजराती, 3 तमिल और 1-1 मलयालम व नागामी फिल्म शामिल थीं। फाइनल में 'गोंधल, 'आंघ' और 'मैं वापस आऊंगा' पहुंची थीं। इनमें से 'गोंधल' को चुना गया। बता दें कि 'आंघ' को 14 में से 11 वोट मिले, वहीं 'गोंधल' को सभी 14 सदस्यों के वोट मिले। फिल्म का 'गोंधल' लेखन और निर्देशन संतोष डावखर ने किया है।

फिल्म में भारतीय संस्कृति और परंपरा दिखनी चाहिए थी : ज्यूरी मेंबर

### भाषा की ट्रोलिंग पर रश्मिका मंदाना ने दिया जवाब

**मुंबई**। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के दौरान अपने एक्सेंट और भाषा को लेकर होने वाली ट्रोलिंग पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह किसी एक भाषा में जरूरी नहीं कि बहुत अच्छी हों। उनका सफर अलग-अलग भाषाओं और किरदारों के हिसाब से लगातार ढलने का रहा है। रश्मिका ने कहा, मैं कोडवा हूं और कोडवा तक्क बोलती हूं। मेरी मातृभाषा के लिए कोई फिल्म इंडस्ट्री नहीं है। इसलिए भाषा मेरे करियर में कभी रुकावट नहीं बनी। उन्होंने कहा, मैं सभी भाषाओं को अपनी भाषा मानती हूं। मेरे फैंस, जिन्हें मैं अपना परिवार कहती हूं, उन्होंने सबसे पहले मुझसे तेलुगु फिल्म करने को कहा था। रश्मिका ने बताया कि हिंदी को लेकर भी ऐसा ही हुआ।

# किशोर कुमार की बॉयोग्राफी पर विवाद

**मुंबई**। किशोर कुमार की बायोग्राफी 'किशोर कुमारः द अल्टीमेट बायोग्राफी' को नेशनल फिल्म अवॉर्ड में बेस्ट सिनेमा बुक चुने जाने पर विवाद हो गया। पटना हाईकोर्ट ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय और एनएफडीसी से पूछा कि आखिर यह किताब भारतीय सिनेमा पर कैसे है। पटना के हिंदी लेखक और साहित्यिक आलोचक अनंत प्रसाद सिन्हा ने इस बुक को अवॉर्ड दिए जाने के खिलाफ याचिका दायर की है। वह 'अनंत' नाम से लिखते हैं। सिन्हा ने याचिका में 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में 'बेस्ट सिनेमा बुक' का अवॉर्ड रद्द करने की मांग की है। यह पुरस्कार अनिरुद्ध भट्टाचार्जी और पार्थिव धर की किताब 'किशोर कुमारः द अल्टीमेट बायोग्राफी' को मिला था। मामला जस्टिस अजीत कुमार की अदालत में सुना गया। कोर्ट ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय, एनएफडीसी, जूरी सदस्यों और किताब के दोनों लेखकों को नोटिस जारी किया है। किताब हार्पर कॉलिन्स ने प्रकाशित की है।

2 साल पहले मिला नेशनल अवॉर्ड वापस लेने की मांग कोर्ट का सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को नोटिस

# मूवी रिव्यू- 'दायरा': करीना का सवाल और चार लाशों का राज



मुंबई। कुछ फिल्में आपको कुर्सी पर इसलिए बैठाए रखती हैं क्योंकि आपको जानना होता है कि आगे क्या होगा। 'दायरा' शुरूआत में बिल्कुल यही काम करती है।

एक लड़की की निर्मम हत्या, पुलिस का तेजी से आरोपियों तक पहुंचना, फिर उनका एनकाउंटर और उसके बाद उठता बड़ा सवाल क्या यह सच में न्याय था या कानून को किनारे रखकर किया गया फैसला? मेघना गुलजार की यह फिल्म 2019 के हैदराबाद रेप-मर्डर केस और उसके बाद हुए पुलिस एनकाउंटर से प्रेरित है। फिल्म ने वास्तविक घटना को हूबहू दोहराने के बजाय काल्पनिक नामों और परिस्थितियों के साथ अपनी कहानी गढ़ी है और यहीं से फिल्म दिलचस्प हो जाती है, क्योंकि यह आपको किसी एक पक्ष की तरफ आराम से बैठने नहीं देती।

लेकिन दिक्कत यह है कि जिस फिल्म की शुरूआत इतनी मजबूत हो, उससे अंत भी उतना ही दमदार चाहिए। 'दायरा' में शुरूआत और पहला हिस्सा जितना पकड़ता है, दूसरा हिस्सा उतना ही धीरे-धीरे हाथ से निकलता जाता है। कहानी शुरू होती है रागिनी (प्रगति मिश्रा) से, जो एक रात हाईवे के पास मुसीबत में फंस जाती है। इसके बाद वह गायब हो जाती है और अगले दिन उसका जला हुआ शव मिलता है।

रागिनी की मां पार्वती (क्षिती जोग) और भाई कबीर (भावेश बब्बानी) पुलिस से मदद मांगते हैं, लेकिन शुरूआती स्तर पर सिस्टम जिस तरह से मामले को लेता है, वही आगे की पूरी कहानी की नींव रख देता है।

कहानी में मसाला खूब, लेकिन यहां कमजोर है मूवी




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com